संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी

शुक्रवार 07 अगस्त 2026 | बिलासपुर | श्रावण कृष्ण पक्ष : 9 | पृष्ठ : 10+6 | मूल्य : 5 रुपये

# नवभारत

navabharat.news

क्रिकेट | फिजियो विवाद के बीच गिल फिर चोटिल... स्पोर्ट्स | छत्तीसगढ़



### जशपुर से मधु सिदार और कबीरधाम से गीता यादव चीन में करेंगी देश का प्रतिनिधित्व

## जूनियर इंडिया महिला हॉकी टीम में राज्य की मधु व गीता

नवभारत रिपोर्टर। रायपुर।

खेल विभाग के बहतराई स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हॉकी का प्रशिक्षण लेने के बाद जशपुर कांसाबेल की मधु सिदार और कबीरधाम बोड़ला की गीता यादव का चयन जूनियर इंडिया महिला हॉकी टीम में हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी 30 अगस्त से 13 सितंबर तक चीन के मोकी में होने वाले जूनियर एशिया कप हॉकी में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। बेंगलुरु के इंडिया कैम्प में ट्रेनिंग ले रही




इन दोनों खिलाड़ियों से खेल मंत्री अरुण साव ने वीडियो कॉलिंग के जरिए बातचीत कर देश के लिए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया। >> संबंधित न्यायधानी पर

### कैबिनेट : बायोगैस का उत्पादन बढ़ाने के लिए 23,731 करोड़ की योजना मंजूर

## पीएनजी-सीएनजी में मिलाई जाएगी बायोगैस, योजना को मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था में योगदान के लिए गोबर और फसलों के अवशेषों को भी कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) बनाकर वितरण करने की योजना को मंजूरी दी है। आर्थिक मामलों की समिति ने देश में बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 23,731 करोड़ रुपये की लागत वाली गोबरधन राष्ट्रीय योजना को 2026-27 से 2035 -36 तक के लिए जारी रखने का एलान किया है। इसका मकसद शहरों को जैविक कचरे से निजात दिलाना और बायोमास का उपयोग कर सीबीजी बनाना है। किसानों को केंद्रित कर बनाई गई योजना में गोबर और कृषि अवशेषों का भी सदुपयोग होगा। किसान इन्हें सीधे प्लांट को बेच सकेंगे। सरकार की योजना का मकसद पराली जैसे संकट का समाधान देना और इनके जलने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करना है। इस योजना को दस अगस्त को विश्व बायोफ्यूल दिवस के मौके पर लांच किया जा सकता है। सरकार की योजना पीएनजी और सीएनजी में कंप्रेस्ड बायोगैस का मिश्रण करने की है, जिससे आयात पर निर्भरता को कम किया जा सके।



### 700 नए प्लांट लगाए जाएंगे

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना की मदद से देश का कचरा देश की तरक्की का साधन बनेगा। गांव में ही स्वच्छ ऊर्जा के केंद्र बनेंगे। स्वच्छता के साथ ग्रामीण अंचलों में किसानों को वैकल्पिक आय के साधन मिलेंगे। उधर, गुवाहाटी-तेजपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर चार लेन एक्सेस कंट्रोल्ड हाइवे के रूप में विकसित की जाएगी। इसे बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर टोल मोड पर तैयार किया जाएगा।

### इस योजना में क्या होगा खास?

बता दें कि इस योजना के तहत खेतों के अवशेष (पराली आदि), पशुओं का गोबर, गन्ने की मैला (प्रेस मड), शहरी गीला कचरा और अन्य जैविक कचरे को साफ ईंधन और जैविक खाद में बदला जाएगा।

### क्या है गोबरधन योजना और इसका मुख्य उद्देश्य?

इस योजना के तहत मवेशियों के गोबर, कृषि अवशेषों, गन्ने के कचरे और नगर निकायों के जैविक कचरे को इकट्ठा करके बायोगैस और खाद बनाई जाती है। इसका मुख्य मकसद गांवों को स्वच्छ रखना, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना और ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा के नए विकल्प तैयार करना है।

### बायोगैस और जैविक खाद का उत्पादन व रोजगार

योजना के तहत गांवों में छोटे और बड़े स्तर पर बायोगैस और ऑर्गेनिक खाद बनाने के प्लांट लगाए जा रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर ग्रामीण युवाओं को नए रोजगार के अवसर मिलते हैं और खेती के लिए सस्ती व उपजाऊ जैविक खाद आसानी से उपलब्ध हो जाती है।

## सोना सात सप्ताह के उच्च स्तर पर, चांदी 2,100 रुपये मजबूत

नई दिल्ली। ए। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में



बढ़त देखी गई। रुपये की कीमत में गिरावट और मजबूत वैश्विक रुख की वजह से 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,800 रुपये महंगा होकर सात सप्ताह के सबसे ऊंचे स्तर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत भी पिछले सत्र के 2,32,700 रुपये प्रति किलोग्राम से 2,100 रुपये बढ़कर 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। >> कारोबार

## संशोधन : डिजिटल भुगतान पर शुल्क का रास्ता साफ



नई दिल्ली। लोकसभा ने भुगतान और निपटान प्रणाली (संशोधन) विधेयक, 2007 को बृहस्पतिवार को पास कर दिया। नए संशोधन के बाद केंद्र सरकार को अधिकार मिल गया है कि वह बैंकों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स को यूपीआई और अन्य डिजिटल पेमेंट माध्यमों पर शुल्क लगाने की अनुमति दे सके।

## तरुण तेजपाल दुष्कर्म में दोषी करार, दस साल की सजा

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने तहलका पत्रिका के पूर्व संपादक तरुण तेजपाल को 2013 में सहकर्मी के साथ दुष्कर्म में दोषी करार दिया। बेंच ने ट्रायल कोर्ट के तेजपाल को बरी करने के फैसले को पलटते हुए दस



साल की कठोर कैद की सजा सुनाई। जस्टिस नीला गोखले और जस्टिस अमित जमसांडेकर ने शुरुआत में कहा कि तेजपाल (62) को दो हफ्ते के अंदर सरेंडर करना होगा, लेकिन वकीलों की अपील पर समय बढ़ाकर चार हफ्ते कर दिया। कोर्ट ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की बजाय घटना के बाद पीड़िता के व्यवहार पर ज्यादा फोकस किया। साथ ही, तेजपाल के माफी मांगने वाले ई-मेल जैसे अहम सबूतों को भी उचित तवज्जो नहीं दी।

### वीबी-जी राम जी के तहत सीएम ने 'मेरी बेटी-मेरा अभिमान' अभियान का किया शुभारंभ

# हर गांव में मुक्तिधाम और सभी स्कूलों में बनेंगे बालिका शौचालय

- 15 अगस्त से 26 जनवरी तक चलेगा विशेष अभियान
- गांवों में 6,524 मुक्तिधाम व स्कूलों में बनेंगे 6,671 बालिका शौचालय
- 10 हजार डिफंक्ट बोरवेल में रिचार्ज पिट भी बनाए जाएंगे
- वीबी-जी राम जी मिशन से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई गति

नवभारत ब्यूरो। रायपुर।

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी शासकीय विद्यालयों में बालिकाओं के लिए शौचालयों और प्रत्येक गांव में मुक्तिधाम-प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाएगा। वहीं, राज्य के 10 हजार से अधिक बंद अथवा डिफंक्ट बोरवेलों में रिचार्ज पिट भी बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित पत्रकारवार्ता में यह घोषणा की। उन्होंने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी के अंतर्गत राज्यव्यापी 'मेरी बेटी-मेरा अभिमान' अभियान का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 2026 से 26 जनवरी 2027 तक चलने वाला यह विशेष अभियान बेटियों के सम्मान, ग्रामीण स्वच्छता, सामाजिक गरिमा और आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार का ऐतिहासिक कदम है।

### 6,855 करोड़ से रोजगार व आधारभूत सुविधाओं का होगा विस्तार




### काम का होगा पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रत्येक कार्य का अनुमोदन ग्रामसभा से कराया जाएगा। डिजिटल मॉनिटरिंग, समय पर मजदूरी भुगतान, गुणवत्ता नियंत्रण व सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से योजना का पारदर्शी व समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। पत्रकारवार्ता में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा व आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा मौजूद थे।

### ग्रामीण विकास व रोजगार का सबसे बड़ा अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना पूरे देश में एक जुलाई 2026 से लागू हुई है। योजना के अंतर्गत सभी विकास कार्यों का चयन ग्रामसभा की स्वीकृति से किया जाएगा तथा मजदूरी की दर बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन कर दी गई है। चालू वित्तीय वर्ष में मनरेगा और वीबी-जी राम जी के माध्यम से राज्य को लगभग 6,855 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे। केंद्र सरकार से योजना की प्रथम किस्त के रूप में 1,538 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कार्यों के दौरान श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वर्ष में 60 दिनों तक योजना के कार्य बंद रखने का प्रावधान है, जिससे खेती व रोजगार दोनों प्रभावित न हों।

*■ ग्राम पंचायत कार्ययोजना बनाने में भी अव्वल : मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी के क्रियान्वयन की तैयारियों में छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। श्रमिकों की 98 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कर राज्य देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि परिसंपत्तियों की 99 प्रतिशत जियो टैगिंग के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। साथ ही युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत कार्ययोजना तैयार करने में भी राज्य अव्वल रहा है।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में 286.85 करोड़ रुपए की लागत से 6,671 बालिका शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक शौचालय की लागत 4.30 लाख रुपए है। इसी प्रकार प्रदेश के 6,524 गांवों में 391.44 करोड़ रुपए की लागत से प्रतीक्षालय सहित मुक्तिधाम बनाए जाएंगे, जिनकी प्रति इकाई लागत 6 लाख रुपए होगी। >> शेष पेज 5 पर

## कोरबा में छात्राओं ने किया हाईवे जाम, अधीक्षिका पर मालिश करवाने का आरोप

### पोंड़ी उपरोड़ा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का मामला



नवभारत ब्यूरो। कोरबा।

जिले के पोंड़ी उपरोड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी गर्ल्स हॉस्टल की स्कूली छात्राओं ने छात्रावास अधीक्षिका शारदा नेताम पर प्रताड़ना और मालिश कराने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। छात्राओं ने हॉस्टल में घटिया खाना दिए जाने का आरोप भी लगाया। हालांकि अधिकारियों की समझाइश पर छात्राओं ने जाम खत्म कर दिया।

**घटिया खाना देने की भी शिकायत**

गुरुवार को छात्राओं ने अधीक्षिका पर कई तरह के आरोप लगाते हुए एनएच पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। वे अधीक्षिका पर कार्रवाई की मांग कर रही थीं। चक्काजाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और शिक्षा विभाग के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान छात्राओं ने अधीक्षिका शारदा नेताम पर कई गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि वे देर रात तक पूजा पाठ करती हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। अधीक्षिका द्वारा निजी कार्य भी कराया जाता है। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती है। उन्हें कार्रवाई की धमकी दी जाती है। छात्राओं ने भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। छात्राओं ने बताया कि इस मामले से बीईओ को अवगत कराया गया है, लेकिन सुधार के लिए किसी तरह की पहल नहीं की गई। इसके चलते उन्हें मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ा। चक्काजाम के दौरान एनएच पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। अधिकारियों ने छात्राओं को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच कर अधीक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को भरोसा दिलाकर जाम खुलवाया।

### अधीक्षिका ने आरोपों को किया खारिज

अधीक्षिका शारदा नेताम ने तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। यह सब साजिश के तहत किया जा रहा है। वे जब से छात्रावास में पदस्थ हुई हैं, उनके द्वारा छात्राओं के लिए कई कार्य किए गए, जो हित में रहा।

## न्यूज डायरी

### नेतन्याहू ने मोदी से पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर की चर्चा

नई दिल्ली। ए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बृहस्पतिवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फोन किया और दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने भारत-इजराइल विशेष रणनीतिक साझेदारी में हो रही लगातार प्रगति की समीक्षा की।

### भारत ने 'अग्नि-4' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली। ए। भारत ने बृहस्पतिवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-4' का सफल परीक्षण किया। मिसाइल का परीक्षण सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने किया।

## आज का कार्टून




### केंद्र सरकार ने ड्रग्स नियमों में किए बदलाव

## दवा कंपनियों पर सख्ती : गलत जानकारी देने वालों पर होगी कार्रवाई, लाइसेंस रद्द

नई दिल्ली । एजेंसी। केंद्र सरकार ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में संशोधन किया है। इसके तहत लाइसेंस देने वाले



अधिकारियों को उन आवेदकों को प्रतिबंधित करने का अधिकार दिया गया है, जो रेगुलेटरी मंजूरी के लिए आवेदन करते समय नकली या मनगढ़ंत डेटा जमा करते हैं। इस कदम का मकसद भारत की दवा रेगुलेटरी व्यवस्था की विश्वसनीयता और पारदर्शिता को मजबूत करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जीएस आर 756(ई) के माध्यम से अधिसूचित संशोधनों में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 के तहत मौजूदा प्रावधानों के अतिरिक्त एक नया प्रवर्तन तंत्र पेश किया गया है। अभी, जो आवेदक गलत या बनावटी जानकारी देते हैं, उनके आवेदन खारिज किए जा सकते हैं या उनके मौजूदा लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं।

*मंत्रालय की ओर से क्या कहा गया है? : मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह नियम औषधि नियम 1945 के विभिन्न प्रावधानों के तहत दायर सभी आवेदनों पर लागू होगा। वर्तमान में, मनगढ़ंत डेटा प्रस्तुत करने वाले आवेदकों को आवेदन अस्वीकृत करने या मौजूदा लाइसेंस रद्द करने जैसी प्रवर्तनीय कार्रवाइयों का सामना करना पड़ता है।*

### क्या है नया नियम?

संशोधित नियमों के तहत, अगर किसी आवेदक ने गलत या बनावटी डेटा जमा किया है, तो उसे संबंधित लाइसेंसिंग अथॉरिटी (चाहे वह केंद्र हो या राज्य का रेगुलेटर, जो भी लागू हो) के पास एक तय समय के लिए नए आवेदन करने से रोका जा सकता है। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत पहले से मौजूद लागू करने वाले प्रावधानों के अलावा, हाल ही में नोटिफाई किए गए ये प्रावधान लाइसेंसिंग अथॉरिटी को यह अधिकार देते हैं कि वे उन संस्थाओं के आगे के आवेदनों पर रोक लगा सकें जो अपने आवेदनों के समर्थन में नकली या मनगढ़ंत डेटा जमा करती हैं।

### हरियाणा के चरखी दादरी में पेशी पर आए थे तीन युवकों ने 30 से अधिक गोली मारी

## थाने के सामने दोपहर में गैंगवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं

चरखी दादरी। कोर्ट में पेशी के बाद स्कॉर्पियो से लौट रहे सात युवकों को बाइक सवार 3 बदमाशों ने बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे सिटी थाने के सामने घेरकर




गोलियों से छलनी कर दिया। पुलिस वारदात को गैंगवार मान रही है। चश्मदीदों के मुताबिक, हमलावरों ने 30 से अधिक राउंड फायर किए। अधिकांश गोलियां स्कॉर्पियो के साइड हिस्से पर लगीं। फायरिंग में युवकों के पेट और पैरों में गोलियां लगीं। संवाद

- ■ पुलिस के अनुसार, सभी घायल जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में पेशी पर आए थे। आशंका है कि हमलावर कोर्ट परिसर से ही उनका पीछा कर रहे थे।
- ■ पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार कीर्तिमान, अमित व विजय पर दंगा, हत्या का प्रयास तथा आपराधिक षड्यंत्र सहित कई अन्य गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज हैं।

## पीएम मोदी की 23 देशों की यात्राओं पर 180 करोड़ रुपये हुए खर्च

नई दिल्ली। ए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्ष 2025 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और जापान समेत 23 देशों की यात्राओं पर



180 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए। विदेश मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को राज्यसभा में एक लिखित जवाब में प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं को लेकर देशवार और वर्षवार आंकड़े साझा किए गए। इसके अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं पर करीब 74.58 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसमें छह से 11 जुलाई तक इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा भी शामिल है। आप के संजय सिंह और माकपा के वी. शिवदासन ने खर्च का वर्षवार एवं यात्रा-वार ब्योरा मांगा था।

## जेन जी की शिकायतें जायज, उनकी बात सुननी चाहिए थी : भागवत

### संघ प्रमुख ने कहा-मुझे आंख मूंदकर किसी पर भरोसा करना हो तो जेन जी पर करूंगा

संवाद न्यूज एजेंसी। मुंबई।

नीट पेपर लीक को लेकर जंतर-मंतर पर युवाओं के आंदोलन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि प्रदर्शनकारी जेन जी की शिकायतें जायज हैं। अगर पहले ही बात कर ली गई होती तो आंदोलन की जरूरत ही नहीं होती। हमें उनकी बात सुननी चाहिए थी। उनसे बातचीत में कमी थी, इसलिए आंदोलन हुआ। भागवत ने कहा, जब दूसरे रास्ते काम नहीं आते तो प्रदर्शन करना पड़ता है। विरोध प्रदर्शन, आंदोलन लोकतंत्र में वैध तरीका है। यह संवाद का भी एक तरीका है। संघ प्रमुख ने ये बातें बृहस्पतिवार को मुंबई में इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टु यूनाइट नेशंस (आईआईएमयूएन) की 15वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम में देशभर से 11 से 19 साल की उम्र के करीब 2,000 छात्र शामिल हुए।



आईआईएमयूएन के संस्थापक ऋषभ शाह से बात करते संघ प्रमुख भागवत।

### प्रदर्शन का अधिकार

■ *क्या जेन जी को आंदोलन नहीं करना चाहिए था?*

**भागवत :** जेन जी को आंदोलन करना चाहिए था या नहीं, यह हम नहीं कहेंगे। संविधान में प्रदर्शन करने का अधिकार मिला हुआ है। हालांकि यह कैसे करना है, उसे देखना चाहिए। जेन जी को कुछ समस्याएं हैं और उन्हें सुधारा जाना चाहिए। आंदोलन मेरे या आपके खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था को सुधारने के लिए होना चाहिए।

### जेन जी देश विरोधी नहीं

■ *छात्रों के विरोध प्रदर्शन को और उन्हें राष्ट्र विरोधी बताया गया?*

**भागवत :** जेन जी और जेन अल्फा को गलत नजरिये से नहीं देखना चाहिए। नई पीढ़ी देशभक्ति और सेवा के मूल्यों को समझती है और मौजूदा पीढ़ी से ज्यादा ईमानदार तथा देशभक्त है। यदि जेन जी विरोध कर रही है, तो वे राष्ट्र-विरोधी नहीं हैं। वे हमारे ही लोग हैं, हमारी अगली पीढ़ी हैं। अगर मुझे आंख बंद करके किसी पर भरोसा करना हो तो मैं जेन जी पर करूंगा।

### बल प्रयोग पर कारण जानना होगा

■ *बच्चों पर आंदोलन के दौरान उन पर लाठीचार्ज और पैलेट गन का इस्तेमाल हुआ?*

**भागवत :** यह क्यों हुआ, किसलिए हुआ, उसका कारण व परिस्थितियों के बारे में जानना होगा। हमें देखना होगा कि कहां गड़बड़ी हुई। कुछ उपद्रवी शामिल थे, यह अखबारों में पढ़ा।

### शिक्षा बजट 6 फीसदी हो


■ *देश के कई स्कूलों में अब भी टॉयलेट और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं?*


**भागवत :** शिक्षा कमर्शियल कारोबार नहीं है, पर ऐसा किसी ने नहीं कहा कि सरकार ही पूरी शिक्षा चलाए। हमें भी सहयोग करना होगा। तभी सुधार होगा। देश में शिक्षा बजट 6 फीसदी होना चाहिए।

## मेटा पर सरकार की सख्ती जारी, अब वॉट्सएप भी चर्चा में

### आगामी बैठकों में व्हाट्सऐप से जुड़े तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा होगी

नई दिल्ली। एजेंसी। केंद्र सरकार और मेटा के बीच भारतीय कानूनों के पालन को लेकर बातचीत का दौर जारी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, मेटा की वैश्विक टीम अगले कुछ दिनों तक भारत में ही रहेगी। इस दौरान तीन से चार और बैठकें होने की संभावना है। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि मेटा के सभी प्लेटफॉर्म भारत के कानूनों और नियमों के अनुरूप काम कर रहे हैं या नहीं। सरकार का कहना है कि भारतीय कानूनों का पालन सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए जरूरी है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि आगामी बैठकों में व्हाट्सऐप से जुड़े तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा होगी। मेटा पहले ही इस मामले में सार्वजनिक बयान दे चुका है। अब दोनों पक्ष तकनीकी जानकारी, सिस्टम लॉग और अन्य जरूरी पहलुओं पर विस्तार से बातचीत करेंगे।





**दूरसंचार कंपनियों पर 1.9 करोड़ का जुर्माना**

नई दिल्ली। संचार राज्य मंत्री पी चंद्रशेखर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में सेवा गुणवत्ता के तय मानकों का पालन नहीं करने पर दूरसंचार कंपनियों पर 1.9 करोड़ का जुर्माना लगाया गया। मंत्री राज्यसभा में बताया कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के सेवा गुणवत्ता नियमों के तहत तय मानक पूरे नहीं होने पर संबंधित कंपनी से पहले स्पष्टीकरण मांगा जाता है। जवाब की समीक्षा के बाद ट्राई वित्तीय दंड लगाता है। सबसे अधिक 57.5 लाख रुपये का जुर्माना बीएसएनएल पर लगाया गया। ब्यूरो




संसद परिसर में बृहस्पतिवार को बारिश के दौरान विरोध प्रदर्शन करते विपक्षी दलों के सांसद। जंतर-मंतर पर छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग, ई20 पेट्रोल और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर विपक्ष सरकार के खिलाफ लगातार हमलावर है। एजेंसी

## विमान ईंधन में इथेनॉल मिश्रण नहीं

### उड्डयन मंत्री ने दावों को बताया गलत, कहा- यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को साफ किया कि विमान ईंधन (एटीएफ) में इथेनॉल मिलाने की सरकार की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि विमान सुरक्षा को लेकर गलत जानकारी फैलाने से यात्रियों में बेवजह डर पैदा होता है। उड्डयन मंत्री की ओर से यह बयान आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सोशल



राममोहन नायडू

मीडिया पर कहा था कि सरकार एटीएफ में इथेनॉल मिलाने की तैयारी कर रही है और इससे उड़ानों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। नायडू ने इस दावे को पूरी तरह गलत और गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है और यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मंत्री ने कहा कि इथेनॉल और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) दोनों अलग-अलग चीजें हैं। एसएएफ एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विमान ईंधन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) ने मान्यता दी है और दुनिया के कई देशों में इसका इस्तेमाल हो रहा है। यह ईंधन कड़े परीक्षणों व वैश्विक सुरक्षा मानकों पर खरा उतरता है। ब्यूरो

**राज्यसभा में नोकझोंक**

## खरगे रोज एक ही मुद्दा नहीं उठा सकते : रिजिजू

### संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्ष को पढ़ाया नियमों का पाठ

नई दिल्ली। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में लगातार हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों को शून्यकाल के दौरान आड़े हाथों लिया। रिजिजू ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हर दिन एक ही मुद्दा नहीं उठा सकते हैं।



रिजिजू

खरगे को संसदीय नियम बताते हुए रिजिजू ने कहा, नियम 234 के तहत नेता प्रतिपक्ष हर दिन एक ही मुद्दा नहीं उठा सकते। यह उनकी गरिमा के खिलाफ है। नियम 235 के भाग दो के तहत जब भी सदन में कोई सदस्य बात रख रहा होता है तो कोई अन्य सदस्य बाधा नहीं डाल सकता। साथ ही रिजिजू ने कांग्रेस के नवनिर्वाचित सदस्य पवन खेड़ा का संदर्भ दिया और कहा कि अब तक उनकी मेडन स्पीच (सदन में पहली बार बोलना) भी नहीं हुई है, पर वह सारे संसदीय नियम तोड़ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष को उन्हें समझाना चाहिए। नए सदस्य संसद की किस तरह की कार्य प्रणाली से परिचित हो रहे हैं। इस पर विपक्षी सांसद हंगामा करने लगे, जिसके बाद कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ी। ब्यूरो

## रिजिजू से बोले सभापति...विपक्ष की भावना गृह मंत्री तक पहुंचाएं

### सभापति बोले...चेयर पर हुक्म नहीं चला सकता विपक्ष

नई दिल्ली। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि विपक्ष लोगों से जुड़े गंभीर सवाल उठा रहा है। गृह मंत्री सदन में आकर बयान दें, तो हम चर्चा के लिए तैयार हैं। विपक्ष नीट पेपर लीक मामले में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री से जवाब मांग रहा है।

सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान लगातार हंगामा हुआ। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कई बार विपक्षी सदस्यों से शांत रहने की अपील की। इसके बाद उन्होंने खरगे को बोलने की अनुमति दी। सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई, तो तीखी नोकझोंक होने लगी। इस पर खरगे ने कहा, मैं क्या बोलूं, कब बोलूं और कैसे बोलूं, यह मेरा हक है।



राज्यसभा में बृहस्पतिवार को खरगे।

**गृह मंत्री सदन में आकर जवाब दें, हम चर्चा को तैयार : खरगे**

खरगे ने कहा, सरकार विपक्ष के असली सवालों से बच रही है। हम गृह मंत्री व प्रधानमंत्री से सदन में आने का आग्रह कर रहे हैं। हम चेयर से अनुरोध करते हैं कि वे गृह मंत्री को आकर बयान देने का निर्देश दें। हम इस पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

**संसद डायरी**

### 77 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को मिला बिना गारंटी कर्ज

नई दिल्ली। सरकार ने राज्यसभा में बताया कि 12 जुलाई 2026 तक पीएम स्वनिधि योजना के तहत करीब 76.95 लाख रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को 1.15 करोड़ बिना गारंटी वाले कार्यशील पूंजी ऋण दिए गए हैं। इन ऋणों की कुल राशि 18,475.06 करोड़ रुपये रही। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के मुताबिक, यह योजना 1 जून 2020 को शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य शहरी रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को बिना किसी गारंटी के कारोबार के लिए ऋण उपलब्ध कराना है। ब्यूरो

### गोवा विधानसभा में आदिवासियों के लिए राजनीतिक आरक्षण का रास्ता साफ

पणजी। ए। केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को उस कानून को लागू करने की अधिसूचना जारी की, जो गोवा की 40 सदस्यों वाली विधानसभा में अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय के लिए राजनीतिक आरक्षण देता है। संसद द्वारा पहले पारित किए गए इस कानून के लागू होने का मतलब है कि गोवा विधानसभा में पहली बार आदिवासी उम्मीदवारों के लिए चार सीटें आरक्षित होंगी। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि छह अगस्त, 2026 से इस अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी, और उनसे विधानसभा में आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षण की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया था। गोवा में विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने हैं। सावंत ने कानून को लागू करने के कदम का स्वागत किया। आदिवासी नेता और भाजपा विधायक गोविंद गौड़े ने इसे सामाजिक न्याय आंदोलन की बड़ी जीत बताया।

### ओडिशा में निजी परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने के सरकार के कदम का विरोध

भुवनेश्वर। ए। ओडिशा में विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) ने परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की कथित कोशिश का विरोध करते हुए राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर कॉरपोरेट हितों के लिए लोगों की सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाया है। बीजद का यह विरोध एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि की ओडिशा के उप मुख्यमंत्री के.वी. सिंह देव से मुलाकात के कुछ दिनों बाद सामने आया है। सिंह देव ऊर्जा विभाग के प्रभारी भी हैं। बीजद की वरिष्ठ महासचिव लेखाश्री सामंतसिंहर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि ओडिशा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने से लोगों की सेहत और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि डबल-इंजन सरकार का झुकाव निजी कंपनियों की तरफ है और इसी वजह से उसने ओडिशा के लोगों की सुरक्षा को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है।

### एमसीसी ने नीट-एसएस दूसरे चरण का पंजीकरण फिर खोला

नई दिल्ली। ए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन चिकित्सा परामर्श समिति (एमसीसी) ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा सुपर स्पेशियलिटी (नीट-एसएस) 2025 की काउंसलिंग के दूसरे चरण से संबंधित तीन अगस्त की अधिसूचना वापस ले ली है। अदालत ने याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों को दोबारा पंजीकरण कर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी है। एमसीसी ने एक नोटिस में कहा कि यह फैसला पांच अगस्त को सुनील एवं अन्य बनाम चिकित्सा परामर्श समिति (रिट याचिका संख्या 11097/2026) मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर लिया गया है। नोटिस में कहा गया है, अदालत ने अपने आदेश में याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों को दोबारा पंजीकरण कराने और नीट-एसएस 2025 काउंसलिंग के दूसरे चरण में भाग लेने की अनुमति दी है। समिति ने कहा कि अदालत द्वारा की गई टिप्पणियों और जताची गयी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने तीन अगस्त को जारी अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्णय लिया है।

# परिसीमन पर नए सिरे से कोशिश, रिजिजू ने तीन दिन में राहुल से दूसरी बार की बात

### कांग्रेस नेता ने सर्वदलीय बैठक की दी सलाह, राज्यसभा सभापति ने संदेश गृह मंत्री तक पहुंचाने की अपील की

संवाद न्यूज एजेंसी। नई दिल्ली।

मौजूदा मानसून सत्र में महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन बिल को पारित कराने के लिए केंद्र सरकार अपनी अंतिम कोशिशों में जुट गई है। इसके तहत सबसे पहले संसद में जारी गतिरोध खत्म करने के लिए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने तीन दिन में दूसरी बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से फोन पर बात कर मनाने का प्रयास किया। हालांकि, राहुल ने अपनी पुरानी शर्तों को दोहराते हुए इस मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की सलाह दी। वहीं, राज्यसभा के सभापति ने भी रिजिजू से गतिरोध तोड़ने के लिए विपक्ष की भावनाओं को गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंचाने को कहा।



किरेन रिजिजू | राहुल गांधी

■ रिजिजू ने राहुल से पहली बार मंगलवार को फोन पर बात की थी। फिर बुधवार को करीब 50 मिनट लंबी बैठक की। बृहस्पतिवार को रिजिजू ने फिर से फोन पर राहुल से बात की। उन्होंने संसद में जारी गतिरोध खत्म करने के साथ महिला आरक्षण व परिसीमन बिल पर चर्चा की। संसद सुचारू चलाने के लिए वह 10 दिनों में दो बार मिल चुके हैं।

**संसद में गतिरोध खत्म करने की कवायद**

**रिजिजू ने कहा-आधी आबादी में जाएगा गलत संदेश**

**राहुल बोले-सहयोगी दलों से बात कर ही रखेंगे पक्ष**

■ सूत्रों के मुताबिक, रिजिजू ने राहुल से फोन कॉल में परिसीमन पर कांग्रेस का समर्थन मांगा और कहा कि महिला आरक्षण का रास्ता साफ नहीं होने पर आधी आबादी में गलत संदेश जाएगा। यह भी कहा कि हम वैचारिक विरोधी हैं, दुश्मन नहीं। ऐसे में गतिरोध को खत्म करना चाहिए।

■ राहुल ने सदन में गृह मंत्री शाह के बयान व राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर चर्चा की पुरानी शर्त दोहराई। एफसीआरए पर भी राय रखी। परिसीमन से जुड़े बिल पर सर्वदलीय बैठक बुलाने को भी कहा। यह भी कहा कि सहयोगी दलों से वार्ता के बाद ही सरकार के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे।

**सरकार की रणनीति : विपक्षी राजी तो विशेष सत्र**

विपक्ष अगर गतिरोध तोड़ने पर राजी हो जाता है, तो सरकार की रणनीति मानसून सत्र का कार्यकाल बढ़ाने या स्वतंत्रता दिवस के तत्काल बाद विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन व महिला आरक्षण का रास्ता साफ करने की है। सरकार के सूत्रों का कहना है कि इसके लिए जरूरी दो तिहाई सांसदों के समर्थन का रोडमैप तैयार है। डीएमके और एनसीपी (एसपी) ने सरकार को सकारात्मक संदेश दिया है।

**संसद में शाह दे सकते हैं बयान**

परिसीमन-महिला आरक्षण पर सहमति बनने पर गृह मंत्री अमित शाह नीट पेपर लीक में आंदोलनकारियों पर हुए बलप्रयोग पर संसद में बयान दे सकते हैं।

■ एफसीआरए बिल शाह ही पेश करेंगे। इससे सदन में आने की विपक्ष की मांग भी पूरी हो जाएगी।

**इसलिए जल्दबाजी कर रही सरकार**

परिसीमन में लोकसभा विधानसभा की सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। ऐसे में अगर आयोग के गठन में देरी हुई तो 2029 तक महिला आरक्षण का रास्ता साफ नहीं हो पाएगा।

# यूपीआई पर मुफ्त भुगतान की मौजूदा व्यवस्था में बदलाव का रास्ता साफ

### लोकसभा ने भुगतान और निपटान प्रणाली संशोधन विधेयक को बिना चर्चा के ध्वनिमत से दी मंजूरी

संवाद न्यूज एजेंसी। नई दिल्ली।

विपक्ष के हंगामे के बीच भुगतान और निपटान प्रणाली (संशोधन) विधेयक, 2007 बृहस्पतिवार को लोकसभा से बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित हो गया।

इस संशोधन के बाद सरकार को यह अधिकार मिल जाएगा कि वह अधिसूचना जारी कर तय करे कि किन डिजिटल भुगतान माध्यमों पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा और किन पर बैंक या भुगतान सेवा प्रदाता शुल्क वसूल सकेंगे।अब तक भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 10ए के तहत बैंक और भुगतान सेवा प्रदाता यूपीआई, रुपे डेबिट कार्ड जैसे तय इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यमों पर सीधे या परोक्ष रूप से कोई शुल्क नहीं ले सकते थे। नए संशोधन में इस व्यवस्था को बदला गया है।



लोकसभा में बृहस्पतिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

**आरटीजीएस-एनईएफटी पर पहले से शुल्क**

वित्त मंत्री ने कहा, आरटीजीएस व एनईएफटी जैसे रियल टाइम भुगतान माध्यमों पर पहले से सेवा शुल्क लिया जाता है, जबकि यूपीआई लेनदेन अब तक पूरी तरह मुफ्त रहे हैं। यह संशोधन कराधान और अन्य कानून (संशोधन) विधेयक , 2026 का हिस्सा है। अभी 50 करोड़ रुपये से अधिक सालाना कारोबार वाले व्यवसायों के लिए यूपीआई और रुपे जैसे डिजिटल भुगतान स्वीकार करना अनिवार्य है। नए कानून के बाद इन भुगतान माध्यमों पर शुल्क से जुड़ा अंतिम फैसला केंद्र सरकार अधिसूचना के जरिये करेगी।

**महज दो मिनट में पारित हुआ कराधान संशोधन विधेयक**

नई दिल्ली। डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने वाला कराधान एवं अन्य विधियां संशोधन विधेयक बृहस्पतिवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। पिछले आधा दर्जन विधेयकों की तरह ही इस विधेयक पर भी न तो कोई चर्चा हुई और न ही संशोधन पेश करने वाले सांसदों ने अपना पक्ष रखा। इस दौरान विपक्षी सदस्य वेल में आकर नीट पेपर लीक मामले में आंदोलनकारी छात्रों पर हुए बल प्रयोग पर गृह मंत्री अमित शाह की बयान की मांग करते रहे।

## झांसी में हाईवे पर कार डिवाइडर से टकराकर 7 फीट उछली

# जेल में बंद भाई से मिलने जा रहे अतीक के बेटे की हादसे में मौत

झांसी/प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद (19) की भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। वह प्रयागराज से अपने चार दोस्तों संग झांसी जेल में बंद भाई अली अहमद से मिलने जा रहा था।

झांसी से करीब 70 किमी पहले पूंछ थाना क्षेत्र के खिल्ली गांव के पास उसकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में उसके दोस्त मो. शाकिर (22) की मौत हो गई। तीन दोस्त घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है।

अबान सुबह पांच बजे अहजम (26), मो. जैद (35), उमर (18) व शाकिर के साथ प्रयागराज से निकला। कार जैद चला रहा था, जबकि आगे की सीट पर अबान बैठा था। सुबह करीब साढ़े 10 बजे अचानक एक पशु सामने आने से गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार 7 फीट तक उछल गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ घायलों को बाहर निकाला। संवाद

**दोस्त की भी गई जान, तीन घायल**




कार के टुकड़े हाईवे पर बिखर गए। (इनसेट में अबान)

**लोहे की रॉड से दरवाजा तोड़कर निकाला**

■ प्रत्यक्षदर्शी दीपक व रमाकांत ने बताया कि कार का दरवाजा खोलने का प्रयास किया, पर नहीं खुला। दौड़कर एक घर से लोहे की रॉड लेकर आए। दरवाजा तोड़कर एक युवक को बाहर निकाला। उसके मुंह में खून भरा था। उसने कहा-मेरा नाम अबान है। मुझे बचा लो...फिर बेहोश हो गया। पुलिस ने कहा कि वह मामले की जांच कर रही है।

**झांसी में ही मारा गया था एक भाई :** अतीक के पांच बेटे थे। ■ **असद :** 13 अप्रैल, 2023 को झांसी में एनकाउंटर में मारा गया। **अली :** झांसी जेल में। **उमर :** लखनऊ जेल में। **अबान :** सड़क हादसे में मौत। **अहजम :** पढ़ाई कर रहा। अतीक-भाई अशरफ की 15 अप्रैल, 2023 को प्रयागराज में हत्या हो गई थी। अतीक की पत्नी शाइस्ता फरार है।

## यूपीआई पर एमडीआर शुल्क व्यापारियों पर लगेगा, ग्राहकों पर नहीं

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि डिजिटल लेनदेन पर लगने वाला मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) ग्राहकों पर नहीं, बल्कि व्यापारियों पर लागू होता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह शुल्क बैंकों और वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियों को बुनियादी ढांचे और सुरक्षा में निवेश बढ़ाने में मदद करेगा। सीतारमण ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यूपीआई और एनपीसीआई की अगुवाई वाली

**स्टीयरिंग कमेटी ने अभी एमडीआर पर कोई अंतिम फैसला नहीं किया**

सर्विसेज स्टीयरिंग कमेटी ने अभी एमडीआर पर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एमडीआर पर निर्णय तभी लिया जाएगा जब संसद 'कराधान एवं अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, 2026' को पारित करेगी। इस विधेयक के जरिये सरकार को यह अधिकार मिलेगा कि वह अधिसूचना के माध्यम से तय कर सके कि कौन-से इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यम या लेनदेन मुफ्त रहेंगे। सीतारमण ने कहा कि एमडीआर केवल व्यापारियों पर लागू होगा और इससे बैंकों व फिनटेक कंपनियों को अवसंरचना, नवाचार और सुरक्षा में निवेश करने में सहायता मिलेगी, जिसका लाभ अंततः यूपीआई उपयोगकर्ताओं को ही मिलेगा।

# आरक्षण में क्रीमी लेयर का सिद्धांत एससी, एसटी पर लागू नहीं : केंद्र

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार का हलफनामा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत एससी और एसटी के लिए आरक्षण पर लागू नहीं होता है। सरकार ने एससी और एसटी के लिए आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' के सिद्धांत को लागू करने की मांग करने वाली जनहित याचिका का विरोध किया है। सरकार ने केंद्र को सरकारी नौकरियों में आरक्षण की ज्यादा निष्पक्ष व्यवस्था के लिए नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली मांग का भी विरोध किया है। सरकार ने उच्चतम न्यायालय में एक हलफनामे में कहा, ऐसा कहीं भी खासतौर पर नहीं कहा गया है कि 'क्रीमी लेयर' का सिद्धांत एससी और एसटी पर लागू होता है। क्रीमी लेयर की अवधारणा का जिक्र ओबीसी /एसईबीसी (सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग) के लिए आरक्षण के संदर्भ में एक सामान्य टिप्पणी जैसा लगता है। इसमें कहा गया, इस न्यायालय की एक संविधान पीठ ने 'अशोक कुमार ठाकुर बनाम भारत संघ' मामले में यह स्पष्ट किया है कि आरक्षण के मकसद से, एससी और एसटी पर 'क्रीमी लेयर' के सिद्धांत लागू नहीं होते हैं। 'क्रीमी लेयर' का सिद्धांत सबसे पहले न्यायालय ने 1992 में अपने मशहूर मंडल मामले के फैसले में तय किया था। इसके



तहत पिछड़े वर्गों के कुछ अमीर लोगों को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए आरक्षण से बाहर कर दिया गया था।

सरकार ने अपने हलफनामे में कहा, आरक्षण नीति में बदलाव, खासकर आरक्षित श्रेणियों के भीतर आय-आधारित प्राथमिकताएं लागू करने से पहले, एक व्यापक समीक्षा और गहन अनुभव-आधारित अध्ययन किया जाना चाहिए, जिसमें आरक्षित श्रेणी के लाभार्थियों का सामाजिक-आर्थिक आंकड़ा भी शामिल हो। इसमें यह भी कहा गया कि कार्यपालिका को किसी खास तरीके से नीति बनाने का निर्देश नहीं दिया जा सकता, क्योंकि यह न्यायिक अधिकार क्षेत्र से बाहर है। केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में याचिकाकर्ताओं रमाशंकर प्रजापति व अन्य और वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा पीआईएल को खारिज करने की मांग की। सरकार का कहना था कि कानून के तहत ये याचिकाएं सुनवाई योग्य नहीं हैं।

## डेटिंग एप्स से मोहभंग, चिकन रश-सालसा डांस में रिश्तों की तलाश

### झूठी पहचान और अनदेखी से परेशान लोग आमने-सामने की मुलाकातों को दे रहे प्राथमिकता

लंदन। परिचय कराने वाले मोबाइल इस्तेमाल से बढ़ती निराशा के बीच युवा अब रिश्ते बनाने के लिए वास्तविक जीवन के आयोजनों का रुख कर रहे हैं। फोर्ब्स के एक सर्वेक्षण में 5,000 अमेरिकियों में से 80 फीसदी युवाओं और 79 फीसदी नई पीढ़ी के लोगों ने माना कि वे ऐसे उपयोग से थक चुके हैं। ब्रिटेन में भी 2024 के दौरान कई लोकप्रिय परिचय अनुप्रयोगों के उपयोगकर्ताओं की संख्या में कमी दर्ज की गई है।

लंदन में हर महीने आयोजित होने वाला चिकन रश नामक खेल सिंगल (अविवाहित) लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसमें करीब 120 प्रतिभागी समूह बनाकर मुर्गे के वेश में छिपे व्यक्ति को खोजते हैं। खेल के दौरान नृत्य और अन्य मनोरंजक चुनौतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को एक-दूसरे से परिचित होने का अवसर मिलता है। आयोजक फ्रेड पैरी के अनुसार, 2022 में सिंगल लोगों के लिए शुरू हुए इस आयोजन की प्रतीक्षा सूची एक वर्ष में 3000 लोगों तक पहुंच गई।

इसी प्रकार, सालसा नृत्य और परिचय बढ़ाने वाले खेलों के माध्यम से आयोजित कार्यक्रमों में लोग बिना किसी दबाव के नए लोगों से मिल रहे हैं। हाल ही में ऐसे एक आयोजन में 80 लोगों ने भाग लिया। वहीं, एक अन्य विशेष रात्रिभोज कार्यक्रम में छह फुट से कम कद वाले पुरुषों के लिए अलग से आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के प्रवेश-पत्र सबसे पहले बिक गए। एजेंसी



**कंपनियों ने भी बदली रणनीति**

बदलते रुझान को देखते हुए परिचय कराने वाली कंपनियां भी अपनी रणनीति बदल रही हैं और लोगों को सामाजिक तथा सांस्कृतिक आयोजनों से जोड़ने पर जोर दे रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अब लोग मोबाइल स्क्रीन के बजाय साझा अनुभवों और प्रत्यक्ष मुलाकातों के माध्यम से रिश्ते बनाना अधिक पसंद कर रहे हैं।

## जानवरों को बचाने में मदद के लिए वंतारा फाउंडेशन को धन्यवाद : सीएम हिमंत

गुवाहाटी। ए। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य में बाढ़ प्रभावित जानवरों को बचाने और अन्य राहत कार्यों में वन विभाग की मदद करने के लिए बृहस्पतिवार को वंतारा फांउडेशन का आभार जताया। शर्मा ने कहा कि बाढ़ से मवेशियों और वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जानवरों को बचाने के काम पर अक्सर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा,असम में बाढ़ के नतीजों में से एक ऐसा पहलू जिस पर कम चर्चा हुई है, लेकिन जो बेहद दुखद है, वह है हमारे मवेशियों और वन्यजीवों पर पड़ी भारी मार।



## झारखंड छात्र आंदोलन की दर्दनाक तस्वीर, सबकुछ दांव पर लगाकर वर्षों की पढ़ाई...अब न्याय के लिए लड़ रहे

# किसी मां का मंगलसूत्र बिक गया तो किसी के खेत गिरवी

संवाद न्यूज एजेंसी। रांची ।

झारखंड की राजधानी रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हजारों छात्रों की भीड़ के बीच सबसे ज्यादा सुनाई देने वाली आवाज किसी नेता की नहीं, बल्कि उन युवाओं की है, जिन्होंने अपनी पूरी जवानी सरकारी नौकरी के सपने में लगा दी है।

कोई 12 साल से तैयारी कर रहा है। किसी की मां ने बेटे की कोचिंग और किताबों के लिए अपना मंगलसूत्र बेच दिया। कोई उम्र सीमा खत्म होने के डर से हर दिन टूट रहा है।

ग्राउंड रिपोर्ट


इन छात्रों की आंखों में अब सिर्फ नौकरी का सपना नहीं, बल्कि न्याय की मांग है। उनका कहना है कि अगर भर्ती परीक्षाएं ही निष्पक्ष नहीं होंगी, तो मेहनत करने का क्या मतलब रह जाएगा।



रांची के मुंडा स्टेडियम में अनशन कर रहे छात्र। एजेंसी

### कर्ज लेकर पढ़ाई की अब और क्या बेचें

आंदोलन में शामिल रवि महतो भावुक होकर कहते हैं, मेरी मां ने मेरी पढ़ाई के लिए अपना मंगलसूत्र बेच दिया। घर वालों ने खेत गिरवी रखा, कर्ज लिया, ताकि मैं पढ़ सकूं। लेकिन अगर नौकरियां पैसे वालों को ही मिलनी थीं तो हमें इतने साल पढ़ने के लिए क्यों कहा गया? उनकी आंखें भर आती हैं। वह कहते हैं, हम सरकार से नौकरी नहीं मांग रहे। हम सिर्फ निष्पक्ष परीक्षा और न्याय मांग रहे हैं।





### घर में इलाज तक के पैसे नहीं

आरती पांडेय बताती हैं कि उनके पिता एक गैस एजेंसी में काम करते हैं। परिवार की हालत ये है कि अगर घर में कोई बीमार पड़ जाए तो उसके इलाज के लिए दूसरों के आगे हाथ फैलाना पड़ता है। चयन लेडी सुपरवाइजर में हो गया था। लेकिन बाद में नियुक्ति रद्द हो गई।

### नौकरी की उम्र निकलने का डर

बोकारो से आए प्रदीप बताते हैं कि वह पिछले 12 वर्षों से लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वह कहते हैं, हर बार नई उम्मीद से तैयारी करते हैं और हर बार किसी न किसी विवाद की खबर आ जाती है। डर लगने लगा है कि उम्र सीमा ही खत्म न हो जाए।

## विधानसभा परिसर में हंगामा, सीएम सोरेन से वार्ता के लिए बनी टीम

रांची/नई दिल्ली/पटना। झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ छात्रों और अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन बृहस्पतिवार को 13वें दिन भी जारी रहा। जेपीएससी-जेएसएससी सुधार मंच के बैनर तले जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 25 जुलाई से शुरू हुआ यह आंदोलन राज्य के सबसे बड़े छात्र आंदोलनों में से एक बन गया है। छह प्रदर्शनकारी अनशन पर बैठे हैं। गतिरोध को समाप्त करने के लिए आंदोलनकारियों ने सरकार के साथ वार्ता के लिए एक 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। इसमें आठ छात्र, दो पत्रकार और एक अधिवक्ता शामिल हैं। यह कदम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वार्ता के आश्वासन के बाद उठाया गया है। ब्यूरो

### मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग

मानसून सत्र के पहले दिन विपक्षी एनडीए विधायकों ने 'जागो सरकार होश में आओ' के नारे लगाकर विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने राज्य सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

### कांग्रेस समर्थन में आई हेमंत पर दबाव बढ़ा

झारखंड में भर्ती परीक्षा विवाद के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छात्रों का समर्थन करते हुए बड़ा बयान दिया है। खरगे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर हमेशा उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने साफ किया कि सरकार चाहे सहयोगी दल की हो या विपक्ष की, कांग्रेस युवाओं के मुद्दे उठाती रहेगी।

■ झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार में साझीदार होने के बावजूद कांग्रेस नेताओं ने रांची में आंदोलनकारी छात्रों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। उधर, भाजपा इस मुद्दे पर कांग्रेस की दोहरी नीति का आरोप लगा रही थी, लेकिन खरगे के रुख से सोरेन सरकार पर दबाव बढ़ गया है।

## कंप्यूटर पर नीट...केंद्र के हलफनामे पर जवाब दें याची : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार की मांग करने वाले डॉक्टरों के एक संगठन समेत याचिकाकर्ताओं से केंद्र सरकार के हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा कि नीट-स्नातक (यूजी) को कलम-कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई-मुख्य और एडवांस्ड) की तर्ज पर कंप्यूटर आधारित प्रणाली में कराने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि कोर्ट 19 अगस्त को इस मामले पर सुनवाई करेगा और याचिकाकर्ता केंद्र सरकार के दाखिल जवाबी हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) की वकील तन्वी दुबे ने पीठ को बताया कि अगर कंप्यूटर आधारित मॉडल में बदलने की कोई योजना है, तो इसे जल्द से जल्द किया जाना चाहिए, क्योंकि छात्रों की अभी की तैयारी पेन और पेपर मोड के आधार पर हो रही है। पीठ ने कहा कि वह सभी बातों पर विचार करेगी और पक्षों से अपने जवाब तथा सुझाव दाखिल करने को कहा। ब्यूरो

## न्यूज डायरी

### ओपी जिंदल जयंती आज

रायपुर। ए। जिंदल ग्रुप के संस्थापक उद्योगपति ओपी जिंदल की जयंती शुक्रवार 7 अगस्त को है। जिंदल समूह के संस्थानों में इसे स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाएगा।



ओपी जिंदल का जन्म 1930 को हरियाणा के हिसार जिले में हुआ था। उन्होंने बिना किसी बड़े पारिवारिक औद्योगिक बैकग्राउंड के, केवल अपनी कड़ी मेहनत, स्वदेशी तकनीकी सूझबूझ और अटूट संकल्प के बल पर एक विशाल औद्योगिक साम्राज्य (जिंदल ग्रुप) खड़ा किया। उनका मानना था कि देश की तरक्की के लिए स्टील और पावर सेक्टर में आत्मनिर्भरता जरूरी है। राजनीति और समाज कल्याण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे हरियाणा सरकार में बिजली मंत्री और सांसद भी रहे।

### यूक्रेनी बलों ने रूस के भीतर तेल संयंत्रों पर किए हमले

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेनी बलों ने रूस के भीतर रात के समय तेल ठिकानों को निशाना बनाया। इन हमलों का मकसद मॉस्को की युद्ध अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है। जेलेंस्की के अनुसार, बश्कोर्तोस्तान और यारोस्लाव क्षेत्र में स्थित रिफाइनरियों पर हमला किया गया। एजेंसी



### श्रीलंका की जलसीमा में फंसा भारतीय जहाज, रेस्क्यू शुरु

कोलंबो। श्रीलंका के नेदुनथीवु (डेल्फ्ट) द्वीप के पास अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने के बाद 11 क्रू सदस्यों वाला एक भारतीय मछुआरा जहाज हादसे का शिकार हो गया। इसके बाद श्रीलंका नौसेना ने बचाव अभियान शुरू किया। नौसेना प्रवक्ता कमांडर चमिंदा वालाकुलुगे के अनुसार, हादसा बुधवार को हुआ, जब अवैध रूप से मछली पकड़ रहा जहाज तटीय चट्टान से टकरा गया। एजेंसी

### बड़े साहब के लंच से रहे दूर, आठ सहायक कमांडेंट को थमाया नोटिस

नई दिल्ली। केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीआरपीएफ) के आठ अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारी के लंच से दूरी बनाना महंगा पड़ गया है। इस घटना के बाद बल मुख्यालय के डीआईजी 'सीआर/विजिलेंस' की तरफ से कैडर अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था। इनमें एक महिला अधिकारी समेत बल के आठ सहायक कमांडेंट (प्रशिक्षु) शामिल हैं। हालांकि इन अधिकारियों ने 30 दिन बाद भी नोटिस का जवाब नहीं दिया है। ब्यूरो

### बांग्लादेश में राष्ट्रपति चुनाव 20 को, ईसी ने जारी किया कार्यक्रम

ढाका। बांग्लादेश में राष्ट्रपति पद का चुनाव 20 अगस्त को होगा। चुनाव आयोग ने बृहस्पतिवार को चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की। पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के 24 जुलाई को समय से दो साल पहले इस्तीफा देने के कारण यह चुनाव करवाना पड़ा। ज्ञात हो कि शहाबुद्दीन ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया था। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद वे पद पर रहने वाले एकमात्र संविधानिक पदाधिकारी थे। एजेंसी

## पीओके में चुनाव के बीच भारत में बड़े आतंकी हमले की साजिश

संवाद न्यूज एजेंसी। श्रीनगर। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के पुंछ डिवीजन की 11 सीटों पर 10 अगस्त को होने वाले तीसरे चरण के मतदान से दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के साथ ही देश के अन्य हिस्सों में बड़े आतंकी हमलों की साजिश रच रहा है।

आतंकियों के बीच हुई बातचीत और उनके संदेश इंटरसेप्ट होने पर सुरक्षा एजेंसियों को यह महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। एजेंसियों के अनुसार, इन संभावित हमलों को पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ स्थानीय लोगों के कथित प्रतिरोध के रूप में प्रचारित करने की तैयारी कर रहा है, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रामक संदेश दे सके। उसकी कोशिश पीओके में हो रहे नरसंहार से पूरी दुनिया का ध्यान भटकाकर भारत पर केंद्रित करना है।



पीओके में रेंजर उतारे पाकिस्तान ने।

### पीओके में नरसंहार के लिए पाकिस्तान ने अब रेंजर उतारे

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद, रावलाकोट, कोटली और मीरपुर में जारी आंदोलन को नियंत्रित करने में विफल रहने के बाद पाकिस्तान ने अब प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी रेंजरों की तैनाती कर दी है। सूत्रों के अनुसार, इन जवानों को सेटेलाइट निगरानी से बचाने के लिए सिविल ड्रेस पहनाई गई है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार चारों प्रमुख शहरों के सरकारी भवनों, प्रशासनिक परिसरों, प्रमुख चौराहों और ऊंची इमारतों पर पाकिस्तानी रेंजरों की मौजूदगी देखी गई है।

## सीजेपी अगले माह शुरू करेगी क्या बोलती पब्लिक अभियान

छत्रपति संभाजीनगर। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) देश भर में लोगों से संवाद साधने और उनकी समस्याएं जानने के लिए अगले महीने 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान शुरू करेगी। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने बृहस्पतिवार को अपने गृह नगर छत्रपति संभाजीनगर में कोर टीम की बैठक के बाद यह घोषणा की।



दिपके ने कहा कि इस अभियान के जरिये देश के मौजूदा हालात और लोगों के मुद्दों को समझा जाएगा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों के आंदोलन की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का भय अब खत्म हो चुका है।

## अब तृणमूल के 20 बागी सांसदों में भी खटपट

### शाह से मिले तीन मुस्लिम सांसद, राजग को मुद्दागत समर्थन देने की इच्छा जताई

संवाद न्यूज एजेंसी। नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने एनसीपीआई में विलय की घोषणा तो कर दी है, मगर भविष्य के सवाल पर उनके बीच खाई चौड़ी हो रही है। इनमें शामिल तीन मुस्लिम सांसद राजग में शामिल होने के बदले उसे मुद्दागत समर्थन देने के पक्ष में है। इसके इतर आधा दर्जन सांसदों की इच्छा है कि एनसीपीआई की जगह भविष्य में भाजपा में विलय की दिशा में आगे बढ़ा जाए। गौरतलब है कि तकनीकी और कानूनी कारणों से लोकसभा स्पीकर ने अब तक बागी सांसदों के एनसीपीआई में विलय को मंजूरी नहीं दी है। राजग संसदीय दल की मंगलवार को होने वाली दो बैठकों से दूरी बनाने वाले तीनों मुस्लिम सांसदों यूसुफ पठान, खलीलुर रहमान और अबू ताहेर खान ने बृहस्पतिवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मुद्दागत समर्थन पर राजग को समर्थन देने का पक्ष रखा।



अबू , खलीलुर रहमान, यूसुफ पठान

*नेतृत्व के कारण उलझन...दरअसल बागी गुट में नेतृत्व को लेकर भी उलझन की स्थिति है। पार्टी में नेतृत्व विरोधी मुहिम की अगुवाई काकोली दस्तीदार ने की थी। बाद में शताब्दी रॉय इस मुहिम से जुड़ीं। फिर अंत में सुदीप बंदोपाध्याय भी विरोधी गुट में शामिल हुए। अब एनसीपीआई में विलय के बाद इस गुट में असली नेतृत्व पर भी अंदरखाने मतभेद की स्थिति है।*

## शिवसेना विवाद...पार्टी को एक आदमी का संगठन बना दिया : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतांत्रिक सिद्धांत सिर्फ संस्थाओं तक ही सीमित नहीं रहने चाहिए। राजनीतिक दलों को भी इनका पालन करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी शिवसेना के बदले हुए संविधान पर सवाल उठाते हुए की। अदालत ने कहा कि ऐसा लगता है कि पार्टी को असल में एक व्यक्ति का संगठन बना दिया गया है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की तीन सदस्यीय पीठ उद्धव ठाकरे गुट की उन याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई कर रही थी, जिनमें चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना माना गया है। सीजेआई ने कहा, जब हम लोकतांत्रिक सिद्धांतों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाली संस्थाओं की बात करते हैं तो स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि क्या राजनीतिक दल को भी लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहिए। जस्टिस बागची ने चुनाव आयोग के आदेश का जिक्र करते हुए कहा कि आयोग ने खुद डॉ. भीमराव आंबेडकर के संस्थागत ईमानदारी संबंधी विचारों का जिक्र किया है।



दलबदल को संविधानिक पाप बताया है। उन्होंने कहा कि आज दलबदल पाप की बजाय सम्मान का प्रतीक बन गया लगता है। पीठ ने स्पीकर और चुनाव आयोग के सामने चल रही कार्यवाहियों के बीच अंतर भी स्पष्ट किया। जस्टिस बागची ने कहा कि दोनों में तथ्य एक जैसे हो सकते हैं लेकिन जांच के मापदंड अलग-अलग हैं।

## देश में ही बनेंगे राफेल, डील पर जल्द हस्ताक्षर की उम्मीद

नई दिल्ली। अब भारत में ही लड़ाकू विमान राफेल बनाए जाएंगे। फ्रांसीसी विमान निर्माता कंपनी दसॉल्ट एविएशन किसी भारतीय रक्षा निर्माता के साथ मिलकर देश के भीतर ही एक विशाल विनिर्माण केंद्र स्थापित करेगी। फ्रांस ने भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल लड़ाकू विमानों के ताजा सौदे से जुड़ा तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव सरकार को सौंपा है। 3.25 लाख करोड़ के इस सौदे पर फ्रांस के इस प्रस्ताव का अब रक्षा मंत्रालय और वायुसेना अध्ययन करेंगे। उसके बाद जल्द इस सौदे पर औपचारिक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। 94 राफेल भारत में ही बनाए जाएंगे।

रक्षा मंत्रालय और वायुसेना इस पर विचार करेंगे कि फ्रांस ने सौदे से जुड़ी भारतीय जरूरतों को अपने प्रस्ताव में कितना स्थान दिया है। वायुसेना चाहती है कि नए राफेल विमानों में स्वदेशी अस्त्र जैसी मिसाइलों का एकीकरण किया जाए। चुनौतियां देखते हुए वायुसेना को लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वॉड्रन की दरकार है। ब्यूरो

## आत्महत्या से पहले भेजे वॉट्सएप संदेश भी मृत्य पूर्व बयान : हाईकोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मृतक के मोबाइल फोन में मिले व्हाट्सएप संदेशों को प्रथमदृष्टया मृत्य-पूर्व बयान करार दिया। हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने 25 वर्षीय मृतक के मोबाइल से मिले इन इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और अन्य पहलुओं पर गौर करते हुए तीन आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया। जस्टिस जय कुमार पिल्लई ने धार जिले के विशेष जज (अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) की ओर से आरोपियों की जमानत याचिकाएं निरस्त करने के आदेश को 27 जुलाई को बरकरार रखा।



## ईरान-ओमान में होर्मुज खोलने पर सहमति, नहीं लिया जाएगा टोल

संवाद न्यूज एजेंसी। नई दिल्ली। वैश्विक समुद्री व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए ईरान और ओमान के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है। अल-हदथ टीवी चैनल और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस नए प्रस्ताव के तहत इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों से कोई टोल, सर्विस या ट्रांजिट फीस नहीं ली जाएगी। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की मंजूरी मिलने के बाद यह व्यवस्था 60 दिनों तक प्रभावी रहेगी। यह फैसला भारत समेत अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए राहत भरी खबर है और इससे जारी युद्ध को समाप्त करने में मदद मिल सकती है।

### फारस की खाड़ी से करेंगे प्रवेश ओमान की ओर से निकलेंगे बाहर

प्रस्ताव के तहत, जहाज फारस की खाड़ी में प्रवेश ईरान के नियंत्रण वाले मार्ग से करेंगे, जबकि बाहर निकलने के लिए ओमान के समुद्री मार्ग का उपयोग करेंगे। क्षेत्रीय देश जलडमरूमध्य से बारूदी सुरंगें हटाने और तकनीकी सहायता देने में शामिल हो सकेंगे। मंजूरी मिलने पर अमेरिका और ईरान जून में हुए समझौता ज्ञापन के तहत दोबारा बातचीत की मेज पर लौट सकते हैं।



## भूखी थी बेटी, पीट-पीटकर जान ली...मां को जमानत

### हाईकोर्ट ने कहा-यह मां नहीं पूरे समाज की नाकामी

अहमदाबाद। गुजरात हाईकोर्ट ने खाना मांगने पर नाराज होकर दो साल की मासूम बेटी की पिटाई कर उसे मौत के घाट उतारने वाली मां को नियमित जमानत दे दी। अदालत ने इस घटना को केवल एक आपराधिक मामला मानने से इन्कार करते हुए कहा कि यह हत्या गरीबी और भुखमरी के कारण हुई, जो समाज, व्यवस्था और कल्याणकारी तंत्र की सामूहिक विफलता का दर्दनाक आईना है।

जस्टिस हसमुख डी. सुथार की पीठ ने दो वर्षीय बेटी की पिटाई कर हत्या के आरोप में गिरफ्तार लखीबेन सोलंकी को नियमित जमानत देते हुए कहा, भूख केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा, न्याय और अंतरात्मा का विषय है। जब भूख किसी मां को इतनी भयावह स्थिति तक पहुंचा दे, तो दोष केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज का होता है। यह घटना उन सामाजिक सुरक्षा तंत्रों की नाकामी को उजागर करती है, जिनका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों जैसे कमजोर वर्गों की रक्षा करना है। न्यायालय ने राज्य और समाज दोनों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत बताई कि कोई भी परिवार भूख और अभाव के कारण ऐसी त्रासदी का शिकार न बने। एजेंसी



पेशी के लिए जाती लखीबेन।

### सूरत में मार्च की है घटना

सूरत के वराछा थाने में मार्च 2026 में दर्ज केस के अनुसार, लखीबेन ने भोजन मांग रही अपनी दो वर्षीय बेटी ईशा की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। अभियोजन के अनुसार बच्ची बार-बार खाना मांग रही थी, जिससे आरोपी मां नाराज हो गई थी।

**महात्मा गांधी के उद्धरण का भी उल्लेख...** अदालत ने फैसले में महात्मा गांधी के उद्धरण का उल्लेख किया। बापू ने कहा था-इतने भूखे लोग हैं कि उनके लिए भगवान रोटी के रूप में ही आते हैं। पीठ ने विक्टर ह्यूगो की लेस मिजरेबल्स और पन्नालाल पटेल की मानवीनी भवाई का भी उल्लेख किया। साथ ही हिंदू, इस्लाम और ईसाई धर्मग्रंथों का भी हवाला दिया।

### योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना राज्य की जिम्मेदारी

*अदालत ने कहा, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना राज्य की जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि इस त्रासदी को समाज के लिए चेतावनी मानते हुए संवेदनशील और जवाबदेह व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है।*

***पिता छोड़ गया घर, एक बेटा घर पर अकेला...*** *सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि महिला सात माह की गर्भवती है। उसके दो अन्य बच्चे हैं, जिनमें एक छोटा बच्चा जेल में उसके साथ रह रहा है, जबकि दूसरा घर पर है। महिला का पति घर छोड़ चुका है और बच्चों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है।*


पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (RWBCIS)

UIN : IRDAN126P0002V02200708

फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ | फसल बीमा माह 1-31 जुलाई, 2026 | खरीफ-2026

''किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना''

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से ''भारतीय कृषि बीमा कंपनी'' द्वारा खरीफ 2026 में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें : खरीफ राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद

योजना की विशेषताएँ

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र दोनो खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 14 अगस्त 2026 से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते है। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ लिखा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/काश्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/काश्तकार का घोषणा पत्र, 7) के सी सी (KCC) / कृषि ऋण न लेने के संबंध में स्व - घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन कर सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते है।

आधार अनिवार्य — किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 14.08.2026से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें और सुनिश्चित करें कि वह DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के लिए सक्षम हो। यह PMFBY के तहत अपनी बकाया क्लेम राशि (यदि कोई हो) प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, साथ ही फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

आवरित जोखिम

अधिसूचित क्षेत्र आधार पर: 1) तापमान (कम, अधिक) 2) वर्षा (कम, अधिक, बेमौसम वर्षा) 3) वायु गति 4) कीट एवं व्याधि प्रकोप के अनुकूल मौसम

स्थानीय आपदा एवं फसल विशेष के आधार पर: 1) ओलावृष्टि 2) चक्रवाती हवाएँ

| क्र.सं. | मौसम | अधिसूचित फसलें | स्थानीय आपदा हेतु जोखिम |
|---|---|---|---|
| 1. | खरीफ | मिर्च, केला एवं पपीता | ओलावृष्टि |
| 2. | खरीफ | केला एवं पपीता | चक्रवाती हवाएँ |

हानि का मूल्यांकन (दावा भुगतान)

- अधिसुचित क्षेत्र में स्थापित ''स्वाचालित मौसमी केन्द्र'' (AWS) से प्राप्त उपरोक्त लिखित सभी 4 अवरित जोखिमों के प्रमाणित आंकड़ों एवं अधिसुचित टर्मशीट के अनुसार दावा गणना की जावेगी।
- दावा राशि का भुगतान सीधे किसानों के खाते में किया जावेगा।
- किसानों को फसल क्षति से संबंधित सूचना बीमा कम्पनी को देने की आवश्यकता नही है।

हानि का मूल्यांकन (दावा भुगतान)

स्थानीय आपदाएँ से फसलों में नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर बीमित फसलों के ब्यौरे, क्षति की मात्रा, क्षति का कारण, फोटो इत्यादि के साथ यहाँ सूचित करें :-
- राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ।
- लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप।
- जिला/तहसील स्तर के उद्यानिकी/कृषि/राजस्व कार्यालय।
- भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर (14447)।

नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| 1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का) | खरीफ - 5% |
| 2. बैंक/प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति/लोक सेवा केन्द्र/ऑनलाईन पंजीकरण/बीमा अभिकर्ता/डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने/प्रीमियम जमा/खाते से प्रीमियम कटौती/बीमा कराने की अंतिम तिथि | 14 अगस्त 2026 |

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 14-08-2026 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ/लोक सेवा केन्द्र (CSC)/भारत सरकार की बीमा पोर्टल/डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखें अथवा उद्यानिकी/कृषि/राजस्व अधिकारी/बैंक/CSC एवं ए आई सी. क्षेत्रीय/जिला/तहसील कार्यालय से संपर्क करें।

भारतीय कृषि बीमा कंपनी | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्स:0771-4306605 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd | aicofindia | aicofindia | aicofindialtd | aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ।।

# संपादकीय



"हर व्यक्ति को अपने निर्वासन से बाहर निकलने का रास्ता खुद तय करना पड़ता है। -मार्टिन बुबर"

## माफी और जवाबदेही



मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जुकरबर्ग द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक फेसबुक पोस्ट कुछ समय के लिए हटाए जाने पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगना और कंटेंट प्रमोशन में वित्तीय हितों की बात स्वीकारना महज कॉर्पोरेट या तकनीकी गलती नहीं, बल्कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और डिजिटल संप्रभुता से जुड़े एक गंभीर प्रश्न की ओर इशारा करता है। उल्लेखनीय है कि ये सोशल मीडिया कंपनियां दुनियाभर में खुद को एक निष्क्रिय मंच बताकर सेफ हार्बर (कानूनी संरक्षण) की मांग करती रही हैं। उनका तर्क होता है कि वे किसी संपादक की तरह कंटेंट का चयन नहीं करतीं, बल्कि उपयोगकर्ताओं द्वारा डाले गए कंटेंट को स्वचालित एल्गोरिदम के आधार पर दिखाती हैं। जबकि, वास्तविकता यह है कि ऐसे प्लेटफॉर्म कंटेंट की मेजबानी करने के साथ यह भी तय करते हैं कि कौन-सा कंटेंट कितने लोगों तक पहुंचेगा, किसे दृश्यता मिलेगी और किसे लगभग अदृश्य ही बना दिया जाएगा। उनके एल्गोरिदम उपयोगकर्ताओं की रुचियों, व्यवहार, क्लिक, देखने के समय, सामाजिक संबंधों व मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों का विश्लेषण करके तय करते हैं कि कैसा कंटेंट किस व्यक्ति के सामने रखा जाए। इसी कारण ये प्लेटफॉर्म लोगों की सोच, प्राथमिकताओं और यहां तक कि राजनीतिक दृष्टिकोण को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। अगर कोई सोशल मीडिया कंपनी देश के प्रधानमंत्री की पोस्ट को हटाने की ताकत रखती है, तो यह चिंताजनक है, पर वास्तविक चिंता इससे कहीं व्यापक है। अगर ये कंपनियां इतनी ताकतवर हैं कि अपने एल्गोरिदम के जरिये अपवादों को मुख्यधारा का विमर्श बना रही हैं, किसी विषय को कृत्रिम रूप से ट्रेंड करा रही हैं या किसी मुद्दे की पहुंच सीमित कर रही हैं, तो वे किसी निर्वाचित सरकार को भी बंधक बना सकती हैं। यह स्थिति सेंसरशिप से भी अधिक खतरनाक है, क्योंकि इसमें सूचना पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता, बल्कि उसकी दृश्यता और प्राथमिकता को अपारदर्शी ढंग से नियंत्रित किया जाता है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना और स्वतंत्र पत्रकारिता उतनी ही जरूरी है, जितना फर्जी खबरों और दुर्भावनापूर्ण प्रचार पर रोक। लोकतंत्र में अपारदर्शी एल्गोरिदम विचारों को नियंत्रित नहीं कर सकता। लिहाजा, मेटा की माफी पर्याप्त नहीं है। इससे अधिक आवश्यक यह सुनिश्चित करना है कि ऐसी परिस्थितियां दोबारा उत्पन्न न हों। अब समय आ गया है कि सोशल मीडिया कंपनियां अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार करें, लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर संचालित हों और अपने प्रभाव को देखते हुए जवाबदेही भी स्वीकार करें।

## एक वापसी, कई सवाल

**दिल्ली से ऑडियो संदेश जारी कर दिसंबर में अपनी स्वदेश वापसी की घोषणा के साथ शेख हसीना ने साफ कर दिया कि वह कानूनी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। ढाका के विरोधी सुरों के बीच, भारत के लिए चुनौती यह है कि वह हसीना के प्रति अपने ऐतिहासिक जुड़ाव को बनाए रखते हुए बांग्लादेश के साथ कैसे तालमेल बिठाता है।**

1971 में बांग्लादेश के गठन में मदद करने के बाद, ऐसा लगता है कि भारत को इसके उतार-चढ़ाव का हिस्सा बने रहना है। बांग्लादेश की बेदखल प्रधानमंत्री शेख हसीना, जो भारत के प्रति खुलकर आभार जताने और उसकी दोस्ती को सबसे अधिक महत्व देने वाली नेता मानी जाती हैं, ने फिर कहा है कि चाहे हालात जैसे भी हों, वह इस साल दिसंबर में अपना दूसरा निर्वासन खत्म कर स्वदेश लौटेंगी। वह वापस लौटने पर हिरासत में लिए जाने (उन्हें सजा और मौत का सामना करना पड़ सकता है) और 'यहां तक कि मारे जाने' के लिए भी तैयार हैं। सुरक्षा कारणों से गुप्त स्थान से मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'अपने लोगों के बीच लौटना मेरा फर्ज है।'





**महेंद्र वेद**
वरिष्ठ पत्रकार

शायद इसी वजह से या किसी रणनीति के तहत, उन्होंने अपनी सार्वजनिक बातचीत केवल ऑडियो के माध्यम से की, वीडियो का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने लगभग 30 मिनट तक अंग्रेजी में लिखित बयान पढ़ा, ताकि नई दिल्ली स्थित फॉरेन कॉरस्पॉन्डेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया में मौजूद विदेशी मीडिया तक अपनी बात पहुंचा सकें। उनकी जल्द होने वाली 'घर वापसी' से जुड़े इस राजनीतिक और भावुक कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा अमेरिका में रहने वाले उनके बेटे साजीब वाजेद जॉय का वीडियो संदेश भी था। उन्होंने उन सवालों के जवाब दिए, जिनका जवाब शायद शेख हसीना खुद नहीं देना चाहती थीं। दोनों ने भारत का शुक्रिया अदा किया। जैसी कि अपेक्षा थी, ढाका ने इस घटनाक्रम पर नाराजगी जताई है, जबकि नई दिल्ली ने साफ कहा कि वह ऐसे किसी 'निजी' कार्यक्रम का समर्थन नहीं करता। अब देखना दिलचस्प होगा कि दोनों पड़ोसी देश प्रधानमंत्री तारिक रहमान की संभावित भारत यात्रा और द्विपक्षीय संबंधों (जो पहले से ही तनावपूर्ण हैं और जिसे सुधारने की जरूरत है) को किस तरह संभालते हैं।

हसीना ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने पुराने निर्वासन और वतन वापसी को याद किया। उनका पहला छह साल का निर्वासन दिल्ली में 1975 में शुरू हुआ था, जब उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी गई थी। मौजूदा निर्वासन के भी इस हफ्ते पांच अगस्त को दो साल पूरे हो गए। इस दौरान उन्होंने विरासत में मिले उस धर्मनिरपेक्ष सपने और राजनीतिक ढांचे के नष्ट किए जाने का विरोध किया, जिसे उन्होंने मजबूत किया था। अब यह तो समय ही बताएगा कि वह इनमें से कुछ भी फिर से बहाल करेंगी या नहीं। हसीना ने बांग्लादेश में पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की 'वापसी' को लेकर चेतावनी दी। साथ ही, उन्होंने इस्लामी चरमपंथियों और अल-कायदा के बढ़ते प्रभाव की ओर भी इशारा करते हुए कहा कि दुनिया को इस बारे में चिंता करनी चाहिए। लेकिन, दुनिया को इस्लामी चरमपंथ के बढ़ते असर और उससे भारत की सुरक्षा पर पड़ने वाले खतरे को लेकर कोई खास चिंता नहीं है।

मजबूती से अपना बचाव करने के बावजूद, हसीना को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और बांग्लादेश की 'विजेता ही हकदार' वाली हिंसक राजनीतिक व्यवस्था में अपनी भूमिका को लेकर कुछ सवालों के जवाब देने ही पड़ेंगे। वह अपनी प्रतिद्वंद्वी बेगम खालिदा जिया का ही तरीका अपना रही थीं, जिन्होंने भी यही खेल खेला था। हालांकि, हसीना ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सत्ता से हटने के बाद हो रही उनकी आलोचना 'चुनिंदा' और एक सुनियोजित 'साजिश' का हिस्सा है। उनका कहना है कि इसमें इस तथ्य को नजरअंदाज किया गया कि कैसे उन्होंने अपने देश को आर्थिक तरक्की और बेहतर मानव विकास संकेतकों की अभूतपूर्व राह पर आगे बढ़ाया।

उन्होंने अपने आलोचकों, खासकर अपने 'गैर-कानूनी' उत्तराधिकारी नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस का नाम लेकर तीखा हमला किया। ढाका में अटकलें हैं कि यूनुस को अगला राष्ट्रपति चुना जा सकता है, क्योंकि मौजूदा राष्ट्रपति, जो हसीना के सहयोगी थे, को उनका कार्यकाल खत्म होने में दो साल बाकी रहते हुए ही हटा दिया गया था। यदि ऐसा होता है और तारिक रहमान भी इसके लिए सहमत होते हैं, तो यह फैसला हसीना की संभावित वापसी से पहले ही हो जाना चाहिए, ताकि राजनीतिक हालात और अधिक न उलझें।

हसीना ने 2009 से 2024 तक के अपने 15 वर्ष के शासनकाल के दौरान हुई 'गलतियों' को भी माना। उन्होंने बताया कि कैसे नौकरी और शिक्षा में आरक्षण के विवादित मुद्दे पर प्रदर्शनकारी छात्रों तक उनकी पहुंच की कोशिशें तब नाकाम हो गईं, जब 'अदृश्य ताकतों' के इशारे पर छात्रों ने मांगें बदल दीं। उन्होंने कहा, 'कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों पर सुनियोजित हमले किए गए। अधिकारियों की हत्या कर दी गई। पुलिस स्टेशनों और चौकियों में आग लगा दी गई। हथियार लूट लिए गए। करीब 3,000 पुलिसकर्मियों की हत्या की गई और उन्हें गंभीर हिंसा का शिकार बनाया गया।' हसीना ने कहा, 'मैं एक सीधा सवाल पूछती हूं। ऐसी स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली एजेंसियों का क्या फर्ज है? क्या राज्य की जनता की जान और संपत्ति की रक्षा करने की कोई जिम्मेदारी नहीं है? हर देश में, कानून लागू करने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी होती है कि वे नागरिकों, सरकारी संस्थानों और अपनी जान की रक्षा करें। यह कोई अपराध नहीं है। यह वह कर्तव्य है, जो उन्हें कानून द्वारा सौंपा गया है।'

शेख हसीना की संभावित वापसी तारिक रहमान के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। यदि वह लौटती हैं, तो उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना तारिक रहमान की जिम्मेदारी होगी, चाहे हसीना हिरासत में हों या बाहर। मुख्यधारा की राजनीति में शामिल इस्लामी गुट, चरमपंथी तथा पुराने छात्र नेता, सभी उनके विरोधी हैं। अजीब है कि उनका विरोध करने और खुद भी जबर्दस्त विरोध का सामना करने के बावजूद, तारिक रहमान अपनी मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी अवामी लीग के साथ हाथ नहीं मिला सकते। ऐसे में, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वह दक्षिणपंथी और मध्यमार्गी खेमे के अपने विरोधियों और इस क्षेत्र में वैश्विक ताकतों की चालों का सामना कैसे करते हैं।

कुल मिलाकर, हसीना की 'घर वापसी' की योजना का मकसद तुरंत सत्ता हासिल करना नहीं है। उनकी पार्टी, अवामी लीग, भले ही एक अहम राजनीतिक ताकत रही हो, पर अभी उस पर प्रतिबंध लगा हुआ है और निकट भविष्य में उसके सत्ता में आने की कोई उम्मीद नहीं है। इसके बजाय, ऐसा लगता है कि वह बांग्लादेश की राजनीति से अपनी पार्टी के पूरी तरह खत्म होने से पहले उसकी अहमियत बनाए रखने की कोशिश कर रही हैं। अब यह देखना बाकी है कि उनकी वापसी उन्हें एक आरोपी के तौर पर पेश करती है या फिर एक ऐसे प्रतीक के तौर पर, जिसके इर्द-गिर्द बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर ध्रुवीकृत हो सकती है। उनके सामने दो राजनीतिक विरासतों को बचाने की चुनौती है-अपनी खुद की और अपने पिता की। ऐसा करने के लिए, उनके पास अपने लोगों के अलावा और कोई सहारा नहीं है।

## विमर्श

## छोटा बड़ा सब सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न

**संत रैदास की 650वीं जयंती के मौके पर भदोही का नाम 'संत रविदास नगर' करना उनके समता, मानवता और मन की पवित्रता के विचारों को सम्मान देने का ही एक प्रयास है।**

गुरु रैदास की जयंती इस बार विशेष उत्सव हो गई। इसलिए कि उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके 650वें जन्मदिन पर 'भदोही' का नाम बदल कर 'संत रविदास नगर' करने की घोषणा की। उत्तर-प्रदेश से शुरू होकर दिल्ली, बिहार और खासकर पंजाब में गुरु रैदास की चर्चा तेज हो गई है।

संत रैदास ने दोहरे मोर्चों पर दबाव झेले। उन्होंने तत्कालीन राजनीतिक सत्ता के प्रलोभनों और धर्म परिवर्तन के दबावों के बावजूद अपने 'निर्वर्ण संप्रदाय' को मुस्लिम नहीं बनाया। जबकि, अस्पृश्यता की सबसे बड़ी समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन इस्लाम की ओर से उपलब्ध था। रैदास युग में न तो वर्ण बदल पाना संभव था और न पेशा, उन्होंने चर्म कार्य के पेशे को सम्मान की दृष्टि दी। अपनी जाति को हीन भावना से निकाला। *कहे रैदास खलास चमारा* कहते हुए कहीं से भी ऊंच-नीच की भावना से प्रभावित नहीं हुए। निर्गुण भक्ति के मार्ग पर चलकर उन्होंने उपेक्षित मानव गरिमा की रक्षा की। *मन चंगा, तो कठौती में गंगा* कहते हुए उन्होंने मन की पवित्रता को महत्व दिया। उन्होंने जाति, पेशे की पहचान और सम्मान को बचाया, और यह कहने में संकोच का अनुभव नहीं किया कि *मेरी जाति कुटवां ढला ढोर ढोवन्ता, नितहि बनारस आस पासा।।*



**श्यौराज सिंह बेचैन**

समता-मूलक समृद्ध समाज निर्माण की उनकी संकल्पना में 'बेगमपुरा' की महान अवधारणा है। ऐसे शहर का निर्माण करना, जिसमें कोई गम, दुख-दर्द का नामो-निशान न हो। मनुष्य का स्वभाव ही सेवा और सहयोग की तत्परता से भरा हो। बनारस क्षेत्र में उनका जन्म हुआ, वहीं पर उनके परंपरागत पंडितों से शास्त्रार्थ हुए। उनसे आग्रह किया गया कि यदि तुम ज्ञानी पंडित हो, तो हमें जनेऊ दिखाओ। साहित्य में भी रैदास की महत्ता गैर-दलित कवियों में भी ससम्मान स्वीकार्य हुई। राजघराने की बहू मीरा, उनकी शिष्या बनीं। राजस्थान की रानी झाली ने तो गुरु को सोने की पालकी-रथ में बिठाकर नगर में उनकी झांकी निकाली। महान कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने 1942 में कविता लिखी-*दृग, तुम्हें श्रद्धा-सलिल से सींच कर। ज्ञान-गंगा में, समुज्ज्वल चर्मकार, चरण छूकर कर रहा मैं नमस्कार।।* रैदास मनुष्यता के सुखों की काल्पनिक दुनिया में ही विचरण नहीं करते थे, बल्कि भौतिक संसार की नई रूपरेखा भी रच रहे थे-फ्रांस की समता, स्वतंत्रता और बंधुता के मूल्यों आधारित क्रांति व साम्यवाद की अवधारणा घोषित होने के करीब चार सौ साल पूर्व वह कह रहे थे-*ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोटा बड़ा सब सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न।।*

रैदास के विचारों ने उत्तर-प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दक्षिण भारत में भी लोगों को प्रेरणा दी। पंजाब में उनको सिख धर्म में जगह मिली, गुरु ग्रंथ साहिब में चालीस शब्द शामिल किए गए। पंजाबी में बौद्ध धर्म को कम, गुरु रविदास की मान्यता ज्यादा है। डॉ. आंबेडकर के प्रति नाराजगी के चलते रविदासिया समाज बौद्ध नहीं बना। कालांतर में जातिभेद से ही व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न हुईं। सिखों में अस्पृश्यता का वर्ताव न के बराबर है, किंतु पंजाब में दलित सरदारों को 'गुरु रविदास गुरुद्वारे' अलग बनाने पड़े हैं। गैर-दलित सरदारों के गुरुद्वारों में रविदासिया समाज के सिख नहीं जा सकते। मैंने पंजाबी के प्रसिद्ध दलित लेखक और संपादक बलबीर माधोपुरी के साथ पंजाब के कई गांवों में यह प्रत्यक्ष देखा है।

*-लेखक डीयू के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रोफेसर हैं।*



**प्रकृति हमें शांत भाव से जीवन का आनंद लेने की गहरी क्षमता देकर वृद्धावस्था के लिए तैयार करती है।**
-राल्फ वाल्डो इमर्सन

## खुद को जानने का वक्त

**वृद्धावस्था जीवन का वह पड़ाव है, जहां सभी अशांत भावनाएं शांत हो जाती हैं। जैसे सांझ के सूरज की किरणें अधिक कोमल व सुखद हो जाती हैं, वैसे ही ढलती उम्र की चेतना में एक गहरी शांति और करुणा घुल जाती है।**

जीवन के इस संध्याकाल में, जब मेरी अवस्था साठ वर्ष को पार कर चुकी है और दुनिया के कोलाहल से मैं दूर हो चुका हूं, मुझे एहसास होता है कि उम्र का बढ़ना कोई क्षति नहीं, बल्कि आत्मा का पुनर्जन्म है। जब मैंने अपनी पुस्तक *रेवेरीज ऑफ द सोलिटरी वॉकर* की रचना शुरू की, तब मेरा उद्देश्य किसी जगत-कल्याण या दार्शनिक बहस का हिस्सा बनना नहीं था; मैं तो केवल अपने भीतर के उस शांत समंदर को खंगालना चाहता था, जो जवानी के उफनते ज्वार के शांत होने के बाद मुझे प्राप्त हुआ है।



जीन-जैक्स रूसो

जवानी के दिनों में हम महत्वाकांक्षाओं, सामाजिक प्रतिष्ठा और दूसरों के निर्णय के गुलाम बने रहते हैं। पर, ढलती उम्र इन्सान को उसकी मूल प्रकृति की ओर वापस मोड़ देती है। जैसे-जैसे शरीर शिथिल होता है, मन सांसारिक लालसाओं के बोझ से मुक्त होने लगता है। अब मुझे इसकी कोई परवाह नहीं कि समाज मेरे बारे में क्या सोचता है। अब मैं केवल इस बात का साक्षी हूं कि मैं भीतर से क्या महसूस करता हूं। उम्र बढ़ने के साथ जो सबसे सुंदर बदलाव आता है, वह है समय के साथ हमारी एकात्मता। जब मैं प्रकृति की गोद में, किसी झील के किनारे या नीरव जंगलों में टहलता हूं, तो मुझे लगता है कि समय ठहर गया है। मेरे लिए अतीत की स्मृतियां और भविष्य की चिंताएं, दोनों बेमानी हो जाती हैं। मैं केवल 'वर्तमान क्षण' की अनुभूति में जीता हूं।

मुड़-मुड़ के देख

मेरे दृष्टिकोण में, यदि आपने प्रकृति के नियमों का सम्मान किया है, तो वृद्धावस्था जीवन का वह पड़ाव है, जहां सभी अशांत भावनाएं शांत हो जाती हैं। जैसे शाम के समय सूरज की किरणें अधिक कोमल और सुखद हो जाती हैं, वैसे ही ढलती उम्र की चेतना में एक गहरी शांति और करुणा घुल जाती है।

मैं मानता हूं कि इन्सान की उम्र केवल उसके शरीर के वर्षों से नहीं, बल्कि उसकी आत्मा की स्वतंत्रता से मापी जानी चाहिए। यदि हम उम्र के साथ अपनी लालसाओं पर विजय पा लें और प्रकृति के शाश्वत प्रवाह को स्वीकार कर लें, तो जीवन का अंतिम अध्याय ही सबसे अधिक संतुष्टिदायक और सत्य के सबसे करीब होता है।



दूसरी पारी

## ताकि हर बुजुर्ग के चेहरे पर मुस्कान लौटे

**वृद्धाश्रम में अगर युवा कुछ घंटे बुजुर्गों के साथ बिताएं, तो यह दोनों पीढ़ियों के लिए सीख और खुशियों का कारण बन सकता है।**

**वृद्धाश्रम में 'सामाजिक इंटर्नशिप' जैसी पहलों के जरिये युवा न केवल बुजुर्गों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें अपने बच्चों के साथ होने जैसा भी महसूस कराते हैं।**

वृद्धाश्रम केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि उन असंख्य बुजुर्गों की विवशता का प्रतीक है, जिन्हें जीवन की सांध्य बेला में अपने ही परिवार से दूरी का दर्द सहना पड़ता है। कल्पना कीजिए कि जब बच्चे अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम भेजने की बात करते होंगे, तो शारीरिक और मानसिक रूप से अशक्त हो रहे माता-पिता के ऊपर क्या बीतती होगी? वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों को भोजन, दवा और रहने की सुविधा तो मिल जाती है, पर क्या उन्हें अपने बच्चों जैसा अपनापन और प्यार मिल पाता है? शायद नहीं!

परिवार से बिछड़ चुके और उपेक्षित बुजुर्गों को खुशहाल, सम्मानजनक और सामाजिक रूप से सक्रिय जीवन देने के उद्देश्य से जम्मू के अम्फल्ला स्थित वृद्धाश्रम में एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। इसका मकसद सार्थक संवाद, सहभागिता और अपनत्व के माहौल के जरिये उनके अकेलेपन को कम करना तथा परिवार और समाज से जुड़ाव की भावना को फिर से मजबूत करना है। यहां विभिन्न सामाजिक संगठनों और शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से एक कार्यक्रम संचालित किया जाता है, जिसे बाकायदा 'सामाजिक इंटर्नशिप' का नाम दिया है। इस आश्रम का नाम है 'होम फॉर द एजेड एंड इनफर्म', यानी वृद्ध और मानसिक एवं शारीरिक रूप से अशक्त लोगों के लिए आश्रय स्थल। इसका ध्येय वाक्य है, 'स्क्रीन टाइम-सेवा टाइम', यानी अपने मोबाइल के रील समय को सेवा समय में तब्दील करें।

दस दिन की लघुकालिक इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थी न केवल इन बुजुर्गों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें अपने बच्चों के साथ होने जैसा भी महसूस कराते हैं। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थी नियमित रूप से आश्रम जाकर वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत करते हैं। उन्हें देश-दुनिया की ताजा खबरों से अवगत कराने के साथ मनोरंजक गतिविधियों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि के जरिये उन्हें जीने का उद्देश्य प्रदान करते हैं। इसके अलावा, बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग व ध्यान भी करवाते हैं। इन कोशिशों से बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लौटती है और उन्हें महसूस होता है कि वे अपने बच्चे के साथ हैं। वहीं, विद्यार्थियों को बुजुर्गों के अनुभवों, संघर्षों व संस्कारों से सीखने, जमीनी स्तर की सेवा तथा राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान देने का अमूल्य अवसर प्राप्त होता है। इससे बुजुर्गों का आत्मबल तो बढ़ता ही है, साथ ही बच्चों में करुणा, धैर्य, कृतज्ञता, संवेदनशीलता और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। उनकी सहभागिता से आश्रम का वातावरण अधिक आत्मीय, आनंदमय और परिवार जैसा बनता है। बुजुर्ग भी सुबह से ही बच्चों की बाट जोहने लगते हैं।



यह पहल स्पष्ट करती है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री या प्रमाण-पत्र प्राप्त करना नहीं, बल्कि संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिक तैयार करना भी है। करुणा, धैर्य, कृतज्ञता और बड़ों के प्रति सम्मान जैसे गुण पुस्तकों से नहीं, बल्कि ऐसे अनुभवों से विकसित होते हैं। आज अनेक प्रतिष्ठित संस्थाएं भी ऐसे युवाओं को प्राथमिकता देती हैं, जिनमें नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना हो।

-रवि शंकर शर्मा

### किलिमंजारो पर काटा 90वें जन्मदिन का केक

डॉ. आर्ट उलेन अपने 90वें जन्मदिन की सुबह अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी पर खड़े थे और उनके गाइड उनके लिए केक काट रहे थे। दरअसल, डॉ. आर्ट उलेन ने माउंट किलिमंजारो की 19,341 फीट ऊंची चोटी पर पहुंचकर इतिहास रच दिया। वह इस पहाड़ को फतह करने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए हैं। पिछले 15 वर्षों में यह किलिमंजारो की उनकी तीसरी सफल चढ़ाई थी और कुल मिलाकर यह उनका चौथा प्रयास था। उन्होंने अपने 70 के दशक में पत्नी के साथ दो बार यह चढ़ाई पूरी की थी। 85 वर्ष की उम्र में एक बार खराब स्वास्थ्य के चलते उन्हें 17,000 फीट की ऊंचाई से वापस लौटना पड़ा था। चढ़ाई आसान नहीं थी। दवाइयां लेने की वजह से उनका संतुलन प्रभावित होता था, इसलिए उन्हें बहुत संभालकर चलना पड़ता था। रातें इतनी ठंडी होती थीं कि तंबू में रखी पानी की बोतल भी जम जाती थी। अपनी उम्र के लोगों के लिए उनका संदेश है कि जरूरी नहीं कि किलिमंजारो की ही चढ़ाई की जाए। मोहल्ले का एक चक्कर लगाना या किसी छोटी पहाड़ी पर चढ़ना भी इस उम्र में सुकूनदेह और लाभदायक हो सकता है।





### वरिष्ठ नागरिकों के काम की संस्थाएं

- *वृद्धकेयर* एक गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) है, जिसका काम वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्ण और बेहतर जीवन प्रदान करना है। यह संस्था पूरे भारत में वृद्धाश्रमों और वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थाओं को स्वयंसेवकों और अन्य संसाधनों से जोड़ने का कार्य करती है। संस्था का उद्देश्य बुजुर्गों की बुनियादी जरूरतों के साथ-साथ उनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देना है। अधिक जानकारी के लिए इसकी आधिकारिक वेबसाइट vridhcare.com या 8700851044 पर संपर्क कर सकते हैं।
- *हार्मनी फॉर सिल्वर्स फाउंडेशन* बुजुर्गों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए काम करता है। यह संस्था बुजुर्गों को 'एक्टिव एजिंग' (सक्रिय बुढ़ापा) के लिए प्रोत्साहित करती है, उन्हें आर्थिक सुरक्षा और रिवर्स मॉर्गेज के बारे में जागरूक करती है, और 'हार्मनी सीनियर सिटिजन रन' जैसे कम्युनिटी इवेंट्स आयोजित करके उन्हें सशक्त बनाती है। इसकी आधिकारिक वेबसाइट harmonyindia.org के जरिये संस्था से जुड़ी अधिक जानकारी हासिल की जा सकती है।

Special arrangements by Amar Ujala

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा.लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक समीर माहेश्वरी द्वारा नवभारत प्रेस, प्लाट नंबर 24 सेक्टर-बी, रेल नीर प्लांट के पास सिरगिट्टी इंडस्ट्रीयल एरिया, बिलासपुर से मुद्रित एवं नवभारत भवन, पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर से प्रकाशित. प्रधान संपादक : समीर माहेश्वरी, संपादक- अरुण उपाध्याय* (पी.आर.बी. कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिये जिम्मेदार)
■ बिलासपुर: 07752-230591, 224563 फैक्स: 405338 ■ रायपुर फोन: (0771) 2535577-88-99, विज्ञापन: 2545599, फैक्स: (0771) 2535555 ■ दिल्ली: 011-23379021, फैक्स- 011-23379026 ■ मुंबई: 022-24900929, फैक्स- 022-24938684 ■ वर्ष 43 ■ अंक 313 (रजि. नं. 38549/85 आरएनआई), डाक रजिस्टर्ड क्रमांक सी. 2-112/सी.जी./बी.एल.पी./15/2025-2027

# प्रशांत किशोर ने की मुंबई में सुनेत्रा पवार से मुलाकात




मुंबई। ए। बिहार में हाल में संपन्न विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गढ़ माने जाने वाले बांकीपुर में जीत दर्ज कर चौंकाने वाले जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार से मुलाकात की।राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के पदाधिकारी संजय खोडके ने बताया कि राजनीतिक रणनीतिकार से नेता बने किशोर ने राकांपा प्रमुख सुनेत्रा पवार से दक्षिण मुंबई स्थित उनके सरकारी आवास 'देवगिरी' में मुलाकात की। राकांपा नेता ने किशोर और पवार के बीच हुई बातचीत के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई नेताओं की चुनावी जीत की रणनीति तैयार कर चुके किशोर की इस साल जनवरी में बारामती में एक विमान दुर्घटना में सुनेत्रा पवार के पति और तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद उनसे यह दूसरी मुलाकात है। कुछ महीने पहले हुई पहली मुलाकात के बाद उनके बेटे और राकांपा नेता पार्थ पवार ने कहा था कि किशोर उनके परिवार के परिचित हैं। बांकीपुर सीट पर उपचुनाव मौजूदा विधायक नितिन नवीन के राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद सीट खाली करने के कारण हुआ था।

# लुधियाना में भूपेश बघेल के सामने घमासान, धक्का-मुक्की

## राजा वड़िंग व आशु समर्थकों की नारेबाजी से थमा कार्यक्रम, कांग्रेस की पंजाब इकाई में थम नहीं रही अंदरूनी कलह

लुधियाना। एजेंसी। कांग्रेस की पंजाब इकाई में जारी अंदरूनी कलह एक बार फिर बृहस्पतिवार को खुलकर सामने आ गयी। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुलाई गई संगठनात्मक बैठक के दौरान पार्टी के पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ और बघेल वापस जाओ के नारे लगाए गए। गुरु नानक भवन में आयोजित इस बैठक में बघेल और वड़िंग दोनों मौजूद थे।

**हर बूथ, कांग्रेस मजबूत अभियान :** पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाले पार्टी के एक धड़े ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बनाए रखने के फैसले का विरोध किया था और उन्हें पद से हटाने की मांग की थी। बघेल और वड़िंग पिछले कुछ दिनों से पार्टी के हर बूथ, कांग्रेस मजबूत अभियान के तहत विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं।

### बघेल वापस जाओ लिखी टी-शर्ट पहनकर पहुंचे

कार्यक्रम स्थल पर कुछ लोग बघेल वापस जाओ लिखी टी-शर्ट पहनकर पहुंचे और उन्होंने बघेल तथा वड़िंग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी नेतृत्व आंतरिक असंतोष की अनदेखी कर रहा है। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब वड़िंग ने कथित तौर पर अपने संबोधन में प्रदर्शन कर रहे लोगों को आरएसएस कार्यकर्ता बताया। इसके बाद दोबारा नारेबाजी शुरू हो गई और वड़िंग समर्थकों तथा पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के कथित समर्थकों के बीच कुछ देर के लिए धक्का-मुक्की भी हुई। इस घटनाक्रम ने पार्टी की एकजुटता दिखाने की कोशिशों को झटका दिया और पंजाब कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान एक बार फिर सार्वजनिक हो गई।

### अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: भूपेश

इस अवसर पर भूपेश बघेल ने स्पष्ट कहा कि पार्टी में अनुशासनहीनता के लिए कोई जगह नहीं है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यक्रम में बाधा डालने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, 'किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### लंबे समय से गुटबाजी से जूझ रही पार्टी


पंजाब कांग्रेस लंबे समय से गुटबाजी से जूझ रही है, हालांकि पार्टी नेतृत्व लगातार दावा करता रहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को एकजुट करने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक जुलाई को कांग्रेस नेतृत्व ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखने और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया था, जिसके बाद पार्टी के भीतर मतभेद खुलकर सामने आए थे।

### अगर चुनाव में उतरा तो भगवंत मान के खिलाफ ही लड़ूंगा : वड़िंग



चंडीगढ़। ए। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा है कि अगर वह अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ते हैं तो वह राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहेंगे। वड़िंग ने फरीदकोट में बुधवार को कांग्रेस के एक कार्यक्रम में पार्टी के एक नेता के उस सुझाव को खारिज कर दिया कि उन्हें शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अकाली नेता पहले ही अधिक सक्रिय नहीं हैं। लुधियाना से सांसद वड़िंग ने कहा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, इसका फैसला पार्टी आलाकमान करेगा लेकिन अगर उन्हें चुनाव मैदान में उतारने के लिए कहा गया तो वह मुख्यमंत्री का मुकाबला करना चाहेंगे। वड़िंग ने कहा, 'मैं मान के खिलाफ चुनाव लड़ूंगा...।' वड़िंग इससे पहले मुक्तसर जिले की गिद्दड़बाहा विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मान वर्तमान में संगरूर जिले की धुरी विधानसभा सीट से विधायक हैं।

# पीएम मोदी ने लोगों से की हथकरघा उत्पाद खरीदने की अपील



## कहा- फ्रेंडशिप डे जैसा उत्साह दिखाइए

नई दिल्ली। ए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लोगों से अपील की कि वे हथकरघा उत्पाद खरीदें और इनकी ओर दुनिया का ध्यान खींचने के लिए वीडियो बनाएं। 'हथकरघा दिवस' की पूर्व संध्या पर, मोदी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इस दिन को मनाने से देश के बुनकरों और छोटे व्यापारियों को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'कल सात अगस्त है, जब हम राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाते हैं। आइए, भारत के हथकरघा की विविधता को लोकप्रिय बनाएं। अपने पसंदीदा हथकरघा उत्पादों के वीडियो बनाएं, जिनमें 'गेट रेडी विद मी' (मेरे साथ तैयार हों) जैसे वीडियो भी शामिल हैं, और उन्हें सोशल मीडिया पर साझा करें।' उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि सात अगस्त, 1905 को अंग्रेजों के खिलाफ स्वदेशी आंदोलन शुरू हुआ था, जिससे देश के सभी लोग एकजुट हुए थे। मोदी ने कहा, 'अभी पिछले सप्ताह ही आप सभी ने 'फ्रेंडशिप डे' मनाया था। मेरा आपसे अनुरोध है कि सात अगस्त को हथकरघा दिवस को भी धूमधाम से मनाएं।'

# एफसीआरए के बहाने टूट सकता है संसद का गतिरोध

## लोकसभा में बोलेंगे अमित शाह! , अगले सप्ताह लोकसभा में आएगा एफसीआरए विधेयक

नवभारत नेशनल ब्यूरो, नई दिल्ली।



संसद के मानसून सत्र में जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए केन्द्र सरकार अगले सप्ताह लोकसभा में विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 (एफसीआरए) पेश करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार सरकार इस विधेयक को 12 अगस्त को सदन में लाने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विधेयक पर सरकार का पक्ष रखेंगे, जिससे विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों का जवाब देने का अवसर भी मिलेगा।

सूत्रों का कहना है कि सरकार और विपक्ष के बीच इस मुद्दे पर लगातार संवाद जारी है। विपक्ष लंबे समय से मांग कर रहा था कि गृह मंत्री सदन में उपस्थित होकर दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज व राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी जैसे मुद्दों पर सरकार का पक्ष स्पष्ट करें। वहीं सत्ता पक्ष का तर्क रहा है कि ये विषय सीधे तौर पर गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र से जुड़े नहीं हैं। ऐसे में एफसीआरए विधेयक को सदन में लाने से सरकार को गृह मंत्री की उपस्थिति सुनिश्चित करने और संसदीय गतिरोध कम करने का अवसर मिल सकता है।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, विधेयक पेश किए जाने के बाद इसे विस्तृत विचार-विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने का विकल्प भी खुला रखा गया है। सरकार के कुछ सहयोगी दलों और विपक्षी दलों का मानना है कि प्रस्तावित संशोधनों के कई प्रावधानों पर व्यापक चर्चा की आवश्यकता है। इसलिए समिति के माध्यम से सभी पक्षों की राय शामिल करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है।

इसी बीच गुरुवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने संसद भवन परिसर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एफसीआरए संशोधन के कुछ प्रावधानों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। मिजोरम के चर्च संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने भी सरकार को संयुक्त ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि कानून के प्रावधानों को इस प्रकार बनाया जाए कि जनसेवा से जुड़े वैध गैर-सरकारी संगठनों के कार्य प्रभावित न हों। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एफसीआरए विधेयक केवल एक विधायी पहल नहीं, बल्कि संसद में संवाद बहाल करने की रणनीति का भी हिस्सा बन सकता है। हालांकि विपक्षी खेमे का कहना है कि वह परिसीमन पर चर्चा से पहले राम मंदिर चढ़ावा विवाद, ई-20 नीति और अन्य मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगने की अपनी रणनीति जारी रखेगा। ऐसे में मॉनसून सत्र के अंतिम सप्ताह में संसद के भीतर और बाहर राजनीतिक टकराव तेज रहने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

सक्ती जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय का मामला

# 9वीं के छात्र ने फांसी लगाई, प्राचार्य पर प्रताड़ना का आरोप, निलंबित



छात्र पहले भी कर चुके थे प्राचार्य की शिकायत, कोई कार्रवाई नहीं हुई

नवभारत ब्यूरो। सक्ती। जिले के पलाड़ीकला स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय के हॉस्टल में 9वीं कक्षा के छात्र ओमेश कुमार कंवर (15) ने टॉयलेट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने स्कूल के प्राचार्य मनोज गुप्ता पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। इस मामले में प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरुवार सुबह 6 बजे जब साथी छात्रों ने ओमेश का शव टॉयलेट में फांसी के फंदे पर लटका देखा, तो तुरंत इसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन को दी। आनन-फानन में छात्र को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना परिजनों को दो घंटे बाद 8 बजे दी गई। इस मामले में मृतक के चचेरे भाई संजय कंवर ने आरोप लगाया है कि प्रिंसिपल मनोज गुप्ता ओमेश को छोटी-छोटी बातों पर डांटते और प्रताड़ित करते थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के आयुक्त ने प्राचार्य को निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही छात्रों ने हॉस्टल की बदहाली को लेकर कलेक्टर से शिकायत की थी, लेकिन कोई पहल नहीं हुई।

### कलेक्टर के समझाने पर परिजन ले गए शव

ओमेश ग्राम बासीन का निवासी था और उसके पिता खेती-किसानी करते हैं। घटना से आक्रोशित परिजनों ने पहले छात्र का शव लेने से इनकार कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अमृत विकास टोपनो स्वयं अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों से चर्चा कर शासन की ओर से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की तथा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शव पैतृक गांव बासीन ले गए।

### कलेक्टर ने बनाई जांच कमेटी, 7 दिनों में मांगी रिपोर्ट

इस मामले में कलेक्टर (आदिवासी विकास) सक्ती ने चार सदस्यीय जिला स्तरीय जांच समिति का गठन किया है, जो छात्र की मृत्यु से संबंधित सभी तथ्यों, परिस्थितियों एवं घटनाक्रम का विस्तृत परीक्षण करेगी। जांच समिति की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती करेंगे। कलेक्टर ने सात दिनों में रिपोर्ट मांगी है।

# विजय सरकार का पहला कृषि बजट पेश

चेन्नई। ए। तमिलनाडु सरकार ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 58,374 करोड़ रुपये का कृषि बजट पेश किया। बजट में किसानों के लिए 17,000 करोड़ रुपये के फसली ऋण, मिट्टी की उर्वरता, दाल-तिलहन एवं कपास उत्पादन बढ़ाने के मिशन समेत कई नई योजनाओं की घोषणा की गई।

राज्य सरकार ने यह भी कहा कि सुपर अल नीनो के कारण राज्य के 12 जिलों पर अधिक असर पड़ने की आशंका है, जिससे निपटने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) सरकार का पहला कृषि बजट पेश करते हुए राज्य के कृषि मंत्री आर विनोद ने कहा कि यह बजट विभिन्न हितधारकों से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसे किसानों की आजीविका और कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

# प्रयागराज में राहुल गांधी के कार्यक्रम को मिली इजाजत

## केपी ग्राउंड में होगा 'छात्रों की गूंज'



प्रयागराज/ नई दिल्ली। ए। कायस्थ पाठशाला (केपी) ट्रस्ट ने केपी ग्राउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 8 अगस्त (शनिवार) के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए गुरुवार देर रात सशर्त मंजूरी दे दी। अब कांग्रेस उसी स्थान पर राहुल गांधी का छात्रों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, हमने जिला प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति के संबंध में बात की है, जिस पर जिला प्रशासन ने सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि केपी ट्रस्ट से इजाजत मिलने के बाद अब हम उसी स्थल (केपी ग्राउंड) पर यह कार्यक्रम करेंगे। केपी ट्रस्ट के कार्यवाहक अध्यक्ष जितेंद्र नाथ चौधरी ने बताया, हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं से परामर्श करके आयोजकों को कुछ शर्तों के साथ कार्यक्रम करने की अनुमति दी गई है। इसमें कॉलेज में अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रभावित नहीं होना और जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति जैसी शर्तें शामिल हैं। इससे पहले, दिल्ली में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रयागराज में राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम रद्द कराने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने कहा कि पार्टी उसी स्थान (केपी ग्राउंड) पर राहुल गांधी का छात्रों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी।

# अभिषेक बनर्जी के खिलाफ प. बंगाल में 16 प्राथमिकी दर्ज

कोलकाता। ए। पश्चिम बंगाल सरकार ने बृहस्पतिवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय को बताया कि राज्य के विभिन्न थानों में अलग-अलग मामलों में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ 16 प्राथमिकी दर्ज हैं।

उच्च न्यायालय ने 30 जून को भवानीपुर, बिष्णुपुर और कालीतला थानों में दर्ज तीन प्राथमिकियों के संबंध में बनर्जी के खिलाफ पुलिस की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

## प्रथम पेज के शेष

### हर गांव में...

इसके अलावा 18.22 करोड़ रुपए की लागत से 549 मुक्तिधामों का भी निर्माण किया जाएगा, जिनकी प्रति इकाई लागत 3.32 लाख रुपए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य के 10,027 बंद अथवा डिफंक्ट बोरवेलों में 52.14 करोड़ रुपए की लागत से सैंड फिल्टर व रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल स्वीकृत कर जल्द प्रारंभ कराया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2026-27 में वीबी-जी राम जी के लिए 5,591 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। अप्रैल से जून 2026 की पहली तिमाही में ही 1,264 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं।

**318 प्रकार के विकास कार्य होंगे-** मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना में 318 प्रकार के कार्यों को चार प्रमुख श्रेणियों में शामिल किया गया है। इनमें 107 प्रकार के जल संरक्षण व जल संवर्धन कार्य, 90 प्रकार के ग्रामीण अधोसंरचना विकास कार्य, 86 प्रकार के आजीविका संवर्धन कार्य तथा 35 प्रकार के जलवायु अनुकूलन व आपदा प्रबंधन संबंधी कार्य शामिल हैं। तालाब, चेकडैम, रिचार्ज संरचनाएं, सिंचाई विस्तार, भूजल संरक्षण, मृदा संरक्षण व पौधरोपण को प्राथमिकता मिलेगी। सड़क, पुलिया, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, अतिरिक्त स्कूल कक्ष, ग्रामीण पुस्तकालय, प्रयोगशाला, किचन शेड, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मुक्तिधाम व पशु चिकित्सालय जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को इससे नई मजबूती मिलेगी।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय-बिलासपुर, पहली मंजिल, टीआर कॉम्प्लेक्स, एसबीआई के सामने राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह, बिलासपुर-495006 (छ.ग.), फोन: 07752-310229/310231, ई-मेल: recovery.bilaspur@bankofbaroda.bank.in मो. 62329 27350, 90737 15452

विक्रय सूचना (बंधक रखी गई सोने की वस्तुओं की नीलामी)

निम्नलिखित व्यक्ति / व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। उन्हें पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया नोटिस उन्हें प्राप्त हो चुका है (अथवा) बैंक को पावती दिए बिना ही वापस कर दिया गया है। अतः उनसे अनुरोध है कि वे 07.09.2026 तक देनदारी और अन्य शुल्क चुका दें और गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को मुक्त करा लें। ऐसा न करने पर, उक्त प्रतिभूतियों को "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बैंक द्वारा ऑनलाइन नीलामी https://baanknet.com के माध्यम से उधारकर्ता की लागत पर या उसके बाद किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर, बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, बैंक के पूर्ण विवेक पर, वसूली के लिए बेच दिया जाएगा। शाखा / उधारकर्ता / भार / प्रतिभूत संपत्तियों का विवरण निम्न है

| क्र. सं. | शाखा का नाम / मोबाईल नंबर | उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | उधारकर्ता का खाता संख्या | कैरेट | सकल वजन (ग्राम में) | शुद्ध वजन (ग्राम में) | बकाया राशि | *प्रारक्षित मूल्य / ईएमडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुंगेली शाखा मकान नं. 91 सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, छ.ग. पिन -495334 | श्री श्याम सोनी पिता श्री गोपाल सोनी, श्री रामगोपाल तिवारी, मुंगेली, छ.ग.-495334 | 43700600001504 | 22 | 19.95 | 16.00 | रु. 96,915.07 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 2,17,148.00 / रु. 21,715.00 |
| 02 | 8676- ऑगा कोहराउड शाखा पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा, छ.ग. पिन- 495554 | श्री सुरजीत निराला पिता श्री कीर्तन प्रसाद वार्ड नं. 3, धावाडीह, कोसीर पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा, छ.ग. पिन- 495554 | 86760600000432 | 20 | 20.34 | 20.30 | रु. 7,21,388.92 + ब्याज + अन्य प्रभार (पैन स्तर पर एनपीए बैलेंस) | रु. 2,30,359.32 / रु. 23,036.00 |

ऑनलाइन नीलामी भारतीय समयानुसार 08-09-2026 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 06.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैंकनेट पोर्टल ( https//baanknet.com/eauction-psb/x-login ) के माध्यम से इच्छुक बोलीदाता क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर / शाखा फोन 07752 310229-31 और बैंकनेट तकनीकी प्रश्नों के लिए संपर्क मोबाईल नंबर 82912 20220 और ईमेल आईडी-support.baanknet@psballiance.com से संपर्क करेगा। सफल बोलीदाताओं को 13-09-2026 को या उससे पहले जीतने वाली राशि + लागू जीएसटी / करों का भुगतान करना होगा, ऐसा न करने पर बैंक ईएमडी राशि जब्त कर लेगा - इच्छुक बोलीदाता विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए नीलामी पोर्टल पर जा सकते हैं।

* नोट- आरक्षित मूल्य की गणना के लिए उपयोग की जाने वाली सोने की दर को बैंक ऑफ बड़ौदा स्पेशलाइज्ड इंटीग्रेटेड ट्रेजरी (बीएसटी), मुंबई से 31-07-2026 की दर के अनुसार अपनाया गया है। लागू सोने की दर सफल H1 बोलीदाता को सौंपने के समय बदल सकती है और इसे बैंक ऑफ बड़ौदा स्पेशलाइज्ड इंटीग्रेटेड ट्रेजरी (BST), मुंबई के आधार पर संशोधित किया जाएगा, जो हैंडओवर की तारीख पर प्रचलित है। आरक्षित मूल्य जीएसटी को छोड़कर है।

दिनांक 07.08.2026, स्थान: बिलासपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)

UNI : IRDAN126RP0001V01201617

"किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना" खरीफ-2026 फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी (AIC) द्वारा खरीफ 2026 में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों (धमतरी, जशपुर, कोरबा, नारायणपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोंडागांव, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर) में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें खरीफ : ग्राम स्तर पर - धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन
राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - मूंगफली, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी (मड़वा)

योजना की विशेषताएँ

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 14 अगस्त 2026 से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/काश्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/काश्तकार का घोषणा पत्र, 7) के सी सी (KCC)/ कृषि ऋण न लेने के संबंध में स्व-घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन करा सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं।

आधार अनिवार्य

किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 14.08.2026 से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें और सुनिश्चित करें कि वह DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के लिए सक्षम हो। यह PMFBY के तहत अपनी बकाया क्लेम राशि (यदि कोई हो) प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, साथ ही फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

आवरित जोखिम

| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर | व्यक्तिगत खेत आधार पर |
|---|---|
| क) बुवाई/रोपाई नहीं होने पर : प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण अधिसूचित क्षेत्र के 75% क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित राशि का अधिकतम 25% तक क्षतिपूर्ति। केवल धान (सिंचित, असिंचित) एवं चना फसल के लिए लागू है। | क) स्थानीय आपदाएं : ओलावृष्टि, जलप्लावन (धान सिंचित एवं असिंचित फसलों में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक में शामिल नहीं है), बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली के कारण खड़ी फसल का नुकसान होना। |
| ख) फसल कटनी प्रयोग आधार पर : प्रत्येक अधिसूचित ग्राम में 04 एवं राजस्व निरीक्षक मंडल में 10 फसल कटनी प्रयोग द्वारा व्यापक आधार पर आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपज में होने वाले नुकसान का आंकलन। | ख) फसल कटाई के उपरान्त नुकसान : खेत में काटकर व फैलाकर/छोटे गठरो में बांधकर सुखाने हेतु रखी गयी फसलों को फसल कटाई के पश्चात् केवल 14 दिनों के अधिकतम अवधि में- ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती वारिश और बेमौसमी वारिश से हानि होने की स्थिति में। |
| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर- फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण :- किसान के द्वारा प्रीमियम राशि देय मात्र से दावा राशि की पात्रता नहीं बनती है और न ही अकाल, सुखा अनावारी रिपोर्ट के आधार पर निर्धारण किया जाता है। जबकि योजनांतर्गत बीमा दावा का निर्धारण बीमित ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं फसल में ग्रामीण कृषि विस्तार एवं पटवारी अधिकारी के द्वारा आयोजित ग्राम स्तर पर 4 एवं राजस्व मंडल स्तर पर 10 फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज का थ्रेशहोल्ड उपज से तुलना उपरांत बीमा कंपनी द्वारा देय होता है। जितना प्रतिशत उपज में कमी आती है, उनके मान से दावा राशि प्रदान किया जाता है। | स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें :- राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ। लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप। जिला/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय। भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर (14447)। नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा। |



| खरीफ | |
|---|---|
| 1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का) | 2% |
| 2. बैंक / प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति / लोक सेवा केन्द्र / ऑनलाईन पंजीकरण / बीमा अभिकर्ता / डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने / प्रीमियम जमा / खाते से प्रीमियम कटौती / बीमा कराने की अंतिम तिथि | 14/08/2026 |

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 14-08-2026 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक / जिला सहकारी बैंक / प्राथमिक सहकारी समितियाँ / लोक सेवा केन्द्र (CSC) / भारत सरकार की बीमा पोर्टल / डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखें एवं उद्यानिकी / कृषि / राजस्व अधिकारी / बैंक / CSC एवं ए.आई.सी क्षेत्रीय / जिला / तहसील कार्यालय से संपर्क करें

भारतीय कृषि बीमा कंपनी | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालय: एल.आई.सी. इन्वेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्स: 0771-4306605 ई-मेल: ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालय: प्लेट बी और सी, 5वीं मंजिल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023.
सीआईएन: U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd

कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447

फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ।।

# सीएम साय की अफसरों को दो टूक-जनहित की योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**सीमांकन मामलों में लापरवाही पर मुख्यमंत्री हुए नाराज, जनकल्याणकारी योजनाओं का करें समयबद्ध क्रियान्वयन**

नवभारत ब्यूरो । रायपुर।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक देरी व लापरवाही विशेष रूप से राजस्व विभाग में सीमांकन से संबंधित लंबित मामलों पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अब किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रत्येक विभाग को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप परिणाम सुनिश्चित करने कहा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मंत्रालय (महानदी भवन) में पारस पोर्टल की पहली राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि डबल इंजन सरकार का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन 1076, सेवा सेतु, एग्रीस्टैक, विकसित भारत जी-रामजी, डीबीएन वित्तपोषित मोबाइल टॉवर परियोजना तथा स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े प्रमुख कार्यक्रमों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग में सीमांकन से संबंधित लंबित मामलों पर विशेष नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। यह स्थिति आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी व प्रशासनिक व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सीमांकन संबंधी प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। सभी कलेक्टर नियमित समीक्षा कर ऐसे मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने एग्रीस्टैक में प्रत्येक पात्र किसान का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चत करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह केवल धान खरीदी की प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की आधारभूत व्यवस्था है।

### सीएम हेल्पलाइन में 1.10 लाख से अधिक शिकायतें

बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन में 1.10 लाख से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें 65 हजार शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। फीडबैक में 55.29 प्रतिशत शिकायतकर्ताओं ने सकारात्मक संतुष्टि व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राप्त शिकायतों व फीडबैक का गंभीर विश्लेषण कर व्यवस्थागत सुधार किए जाएं। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा, पंचायत व ग्रामीण विकास तथा राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों की विशेष समीक्षा करते हुए विभागवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### सेवा सेतु के माध्यम से सभी सेवाएं हों ऑनलाइन

मुख्यमंत्री ने सेवा सेतु पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में 27 विभागों की 721 अधिसूचित सेवाएं इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन सेवाओं को अभी तक ऑनलाइन नहीं लाया गया है, उन्हें भी जल्द सेवा सेतु से जोड़ा जाए। बैठक में विकसित भारत जी-रामजी योजना की समीक्षा की गई। बैठक में डीबीएन वित्तपोषित 476 मोबाइल टॉवरों की स्थापना की समीक्षा की गई।

### हर माह होगी पारस पोर्टल के माध्यम से समीक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारस पोर्टल शासन की योजनाओं की प्रभावी निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को पारस पोर्टल के माध्यम से राज्य स्तर पर सभी प्रमुख योजनाओं व जनसेवाओं की नियमित समीक्षा की जाएगी।

## लिव इन में विवाद, प्रेमिका के घर लौटने की बात पर की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

रायपुर। मुजगहन पुलिस ने बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही ककिर कोकपुर की 22 वर्षीय छात्रा भारती नेताम पिता रतिराम नेताम की हत्या के आरोप में उसके कथित प्रेमी सावंत बघेल पिता राजेंद्र बघेल (23 वर्ष) निवासी नगरी थाना कोंडागांव को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के बाद मंगलवार रात यह आरोपी भारती नेताम को लेकर मेकाहारा पहुंचा था। युवती की मौत होने का पता चलते ही वहां से गायब हो गया लेकिन पुलिस ने संदेह होने पर घेरेबंदी करके उसे दबोच लिया। किसी और से बात करने का आरोप लगाकर शक में आरोपी छात्रा से मारपीट करता था। 4 अगस्त की रात को भी आरोपी ने उसे पीटा। इसके बाद छात्रा ने अपने गांव लौटने की बात कही तो गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

## राशन दुकानों में अब 10% कनकी वाला चावल मिलेगा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अब शासकीय उचित मूल्य दुकानों में विभिन्न श्रेणियों के पात्र राशन कार्डधारियों को 25 प्रतिशत के बजाय अब 10 फीसदी कनकी (ब्रोकन) वाला चावल मिलेगा। दरअसल, केंद्र सरकार ने भारतीय खाद्य निगम व राज्य नागरिक आपूर्ति निगम में 10 प्रतिशत इम्पूरय राइस जमा किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत इस वर्ष राज्य नागरिक आपूर्ति निगम में राइस मिलर्स द्वारा 10 प्रतिशत इम्पूय राइस जमा किया जाएगा। हालांकि छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन ने 10 प्रतिशत इंपूय राइस जमा किए जाने को लेकर चिंता भी जताई है।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.CHIEF ENGINEER (S&P) DSPM TPS, KORBA EAST, DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
(An ISO: 9001-2015, ISO: 14001-2015, OHSMS ISO: 45001-2018, certified power station)
PHONE NO. -(07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmko@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.3259/26**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced Bidders for the Supply as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East): -

| S. N. | Tender Specification No. | RFx No.(E-Tender No.) | Particulars | Qty | Last date & time of bid submission | E.M.D. | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 16-06/ DSPM TPS/S&P/ EMD/P/ T-3340/25 | 8100053494 | Work contract of "Complete dismantling of old steel ropes and Installation of new steel ropes of Boiler lift U#01" of DSPM TPS Korba East. | As per tender schedule | 27.08.2026 15:30 Hrs | Rs.9,735/- | Rs.590/- (Incl GST @18%) |

NOTES: -For more details, please visit our website at: -http://www.cspc.co.in > tenders. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

Superintending Engineer (Contract)
DSPM TPS: CSPGCL KORBA EAST
SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION



**Chhattisgarh Rural Roads Development Agency**
**VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**

NIT No. 1174 / TC-T/CGRRDA/ 2026 — Raipur Dated 05/08/2026

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for MMGSVY Road Renewal Maintenance sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors / Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

| S.No | NIT No | Work Name | Amount (Rs. In Lakhs) | Districts | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1174 | MMGSVY Road Renewal Maintenance | Total Cost 3044.64 Lakhs (Const.Cost 2901.42 Lakhs, Maint. Cost 143.22 lakhs) (Excluding GST) | Rajnandgaon, Bemetara, Kabirdham, Janjgir-champa, Raigarh, Sarangarh-Bilaigarh, Jashpur, Balrampur | Percentage Rate of PMGSY SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur |

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 07.08.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Digitally signed by Krishna Kumar Katare
Date: 05-08-2026 16:45:22

Chief Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail: pmgsyrc4@yahoo.co.in

S-48687/3



**दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**

क्रमांक/दा.श्री.वा.च.का.वि.वि. / प्रवेश / 2026-27/145
दुर्ग, दिनांक 03/08/2026

**वेटनरी / मात्स्यिकी पॉलीटेक्निक में प्रवेश सूचना**

दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) के अंतर्गत संचालित चार वेटनरी पॉलीटेक्निक:- जगदलपुर / महासमुन्द / राजनांदगांव एवं सूरजपुर में "डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंन्ड्री " पाठ्यक्रम तथा मात्स्यिकी पॉलीटेक्निक राजपुर धमधा में "डिप्लोमा इन फिशरीस सांइस" के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में व्यापम द्वारा आयोजित PAT / PVPT 2026 के परीक्षा परिणाम की प्रावीण्य सूची के आधार पर छ.ग. राज्य के मूल निवासी छात्र - छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। जिसकी काउंसिलिंग हेतु ऑनलाईन पंजीयन 07/08/2026 से 06/09/2026 (11:59 मध्य रात्रि) तक नियत है। तृतीय चरण में PAT/PVPT 2026 की परीक्षा परिणाम की प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश पश्चात सीट रिक्त होने की स्थिति में कक्षा 12 वीं में बायोलॉजी ग्रुप से उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं को मेरिट के आधार पर ऑफलाईन काउंसिलिंग एवं प्रवेश दिनांक 26/10/2026 (सोमवार) को पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग में आयोजित किया जायेगा। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक सूचनायें वि. वि. की वेबसाईट www.dsvckvdurg.ac.in एवं http://cgkvmis.cg.nic.in पर उपलब्ध है । समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के पश्चात प्रवेश से संबंधित अन्य समस्त सूचनायें विश्वविद्यालय की वेबसाईट में ही प्रकाशित होगी । अतः अभ्यर्थीगण निरन्तर वि. वि. की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें ।

S-48690/2 — कुलसचिव


## एयर प्रेशर टैंक फटने से युवक की मौत

कोतमा। श्रमिक नगर बस स्टैंड स्थित एक ऑटो वर्कशॉप में बुधवार को हुए भीषण हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। वर्कशॉप में अचानक एयर प्रेशर टैंक फटने से हुए जोरदार विस्फोट में 22 वर्षीय युवक प्रिंस साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोग भी दहशत में आ गए। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी और कुछ देर के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। साथी कर्मचारियों ने तत्काल घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, परंतु गंभीर चोटों के कारण उनकी जान नहीं बच सकी। बताया जा रहा है कि प्रिंस साहू की शादी कुछ माह पूर्व ही हुई थी।

## 90 लाख की ठगी का खुलासा महिला समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/बाराद्वार। लगभग 90 लाख 28 हजार 500 रुपये की धोखाधड़ी के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए थाना बाराद्वार पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने सोना नवीनीकरण और ऋण अवधि बढ़ाने का झांसा देकर पीड़ित और उसके परिवार के बैंक खातों से करोड़ों की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार ग्राम मल्दी निवासी एवं वर्तमान में ग्राम जेठा निवासी मूलचंद राठौर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पेण्ड्रा निवासी रेखा राठौर, अफरोज खान, सुभाष साहू तथा एक अन्य महिला ने सोना नवनीकरण और ऋण अवधि बढ़ाने का लालच देकर योजनाबद्ध तरीके से उसके तथा उसके परिवार के बैंक खातों से अलग-अलग माध्यमों से रकम अपने खातों में ट्रांसफर करा ली। जांच में सामने आया कि 31 अक्टूबर 2025 से 5 मई 2026 के बीच आरोपियों ने मूलचंद राठौर, उनकी पत्नी फूलबाई राठौर तथा दोनों पुत्रों के बैंक खातों से यूपीआई, एनईएफटी, आरटीजीएस और आईएमपीएस के माध्यम से कुल 90 लाख 28 हजार 500 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर कराकर धोखाधड़ी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बाराद्वार में अपराध क्रमांक 282/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 318(4), 61(2) एवं 112 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए पेण्ड्रा एवं बिलासपुर में दबिश देकर एक महिला एवं दो पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## कल्याण ज्वेलर्स में डकैती डालने पिस्टल-चाकू लेकर पहुंचे 3 गिरफ्तार

नवभारत ब्यूरो। रायपुर।

राजधानी के पंडरी रोड स्थित कल्याण ज्वेलर्स में डकैती डालने की साजिश कर रहे दिल्ली और बिहार के 3 युवकों को पुलिस ने पिस्टल, दो जिंदा कारतूस के साथ दबोचा है। इनके कब्जे से दो धारदार चाकू भी बरामद किए गए हैं। इनके मोबाइल फोन में कल्याण ज्वेलर्स की लोकेशन से लेकर सुरक्षा को लेकर कई बातें लिखी मिली हैं। दिल्ली-बिहार से ही इन तीनों को मोबाइल फोन के जरिये डकैती की तैयारी को लेकर दिशा निर्देश मिल रहे थे। इनके साथियों की तलाश में पुलिस टीमें रवाना हो गई हैं।

**गुरुवार रात 5 साथियों के साथ**



**धावा बोलने की थी तैयारी**-गुढ़ियारी पुलिस ने डकैती की साजिश और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बुधवार रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 के पीछे, नई रोड के पास कुछ संदिग्ध हथियारबंद युवकों के घूम रहे होने की सूचना मिली। इसके बाद उन्हें दबोचा गया। इनके पिट्ठू बैग से पिस्टल, कारतूस, चाकू आदि बरामद हुए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि तीनों रात में ही दिल्ली से ट्रेन से रायपुर पहुंचे थे। पंडरी मेन रोड के कल्याण ज्वेलर्स का लोकेशन इनके पास था। ये लोग पहले भी रायपुर आकर रेकी कर चुके थे। गुरुवार रात में 5 साथियों के साथ ज्वेलरी शो रूम में धावा बोलने की योजना थी। हथियार इनके पास थे। उन्हें ज्वेलरी वाले स्ट्रांग रूम तक पहुंचने के लिए गैस कटर का इंतजाम करना था।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)**
Transmission Building, CSPTCL Tifra, Bilaspur (C.G.) 495001
Website- www.cspc.co.in e-mail- cessomibilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-648/1191 — Bilaspur, Date: 06/08/2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/ Tender/ T-648/1191 Dtd.06.08.2026 (RFx. No. 8100053514) | Job work for detailed health earth assessment audit/ analysis on earthing system of 220 KV, 132 KV and 33 KV bays based on latest relevant standard and detail with optimal implementable solution for various EHV sub-stations under EE (S/s) Dn. CSPTCL, Raigarh through on company's e-bidding portal only. | 49,600.00 |
| Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18% | | | 5,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | 01/09/2026 | 15:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | 02/09/2026 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | 02/09/2026 | 15:30 Hrs |

Note:- (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

SAVE ELECTRICITY S-48677/2 — EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION) CSPTCL Bilaspur



**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**
टेली फैक्स : 07740-252273, email : bssukm1@gmail.com

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Contact No.- 09454221467, 7599421014, 08305143251, 09893404589

निविदा विज्ञप्ति क्र.-05 — दिनांक 05/08/2026

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला- कबीरधाम में विभिन्न ईलेक्ट्रीकल, बैयरिंग, गियर बाक्स सर्विसिंग एवं मरम्मत कार्य हेतु क्रय/ कार्य हेतु ई- टेण्डर आमंत्रित की जाती है. ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/ निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई- टेण्डर के वेबसाईट में जाकर ई- निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रु. (1000/- रु. + 311/- रु. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है. निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय/ जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सूचना क्रमांक-196263 (Only OEM & Authorized Dealer/ Stockist/Experience) Various Electrical Item Bearings, Gear Box Repairing & Maintences and Servicing Works etc. | दिनांक 05/08/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 14/08/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर/ अपलोड करने पर मान्य होगा | निविदा 14/08/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.com में भी अवलोकन कर सकते है.

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या.
कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)



बिलासपुर नवभारत क्लासीफाइड
Contact for Booking 7024671407
www.navabharat.org

**आवश्यकता** — अन्य कर्मी

वॉक-इन इंटरव्यू
रियल एस्टेट क्षेत्र में * सुनहरा करियर! *
सेल्स विभाग: • सेल्स मैनेजर • डिप्टी सेल्स मैनेजर • सेल्स एग्जीक्यूटिव
पी एंड डी विभाग: • प्रोजेक्ट मैनेजर • सिविल इंजीनियर • साइट सुपरवाइजर • सर्वेयर • क्वालिटी इंजीनियर
• एवं ऑफिस बॉय
दिनांक: 07 अगस्त 2026
समय: प्रात: 11:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक
स्थान: द्वितीय तल, कृष्णा कॉम्प्लेक्स, शिव टॉकीज चौक, बिलासपुर
अपना बायोडाटा साथ लेकर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।
संपर्क करें- 9589000680

**आवश्यकता** — अन्य कर्मी

Requirements
1)Nursing staff (Argent)-(6) Qualifications-Bsc nursing /GNM.
2) Receptionist Day/Night-2
3) Hospital manager -1
4) pharmacist -2
5) ward boys -5
6) Ot technician -2
7)Lab technician -2
8) Optometrist -1
9)X ray technician-2
Handsome salary will be given depending upon qualification and experience
Contact -UNITY HOSPITAL Brilliant public school campus ,mission hospital road, Bilaspur (c.g.) 8959644835.

**आवश्यकता**

Key of Success
KOTA STUDY CIRCLE भिलाई/रायपुर
1 कोटा से प्रशिक्षित शिक्षक एवं अध्ययन सामग्री।
2. छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल।
3. नीट तथा आईआईटी के लिए अलग बैच।
4. हिन्दी तथा अंग्रेजी के छात्रों को पढ़ने की व्यवस्था।
NEET, IIT-JEE PET/PAT, 9th TO 12th
DROPPER COURSE
रायपुर कोटा सेंटर जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987791795
भिलाई कोटा सेंटर बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

**प्रशिक्षण** — ड्राइविंग

मीनाक्षी मोटर ड्राइविंग स्कूल मगरपारा बिलासपुर सरकारी मान्यता प्राप्त मारुतिकार, अल्टो,वेगन-आर, टाटा-इंडिका, बोलेरो, ट्रक-चलाना, बनाना सीखे प्रोफेशनल ट्रेनिंग बेसिक, रिवस , पार्किंग के साथ महिला-प्रशिक्षण चालु संपर्क करें मोबाइल नंबर - 8827010912, 9827150612. (51643)

**सूचना**
किसी भी विज्ञापन में किये गये दावों एवं प्रस्तावों के संबंध में प्रेस प्रबंधन एवं कर्मचारी किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं है और विज्ञापनदाता व पाठक के बीच हुए किसी भी प्रकार के व्यवहार या लेन-देन कि जिम्मेदारी प्रेस प्रबंधन/ कर्मचारी की नहीं होगी। अतः विज्ञापन के आधार पर विज्ञापनदाता से किसी भी प्रकार का व्यवहार करने से पूर्व, पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्व-विवेक से निर्णय लेकर ही लेन- देन करें।

**अचल संपत्ति**
सुरक्षित निवेश, आपके लिए... आपके अपनों के लिए...

नवभारत
• आवश्यकता है • बेचना है • खरीदना है • किराये से देना है • किराये पर लेना है • प्रापर्टी डीलर • ब्यूटीशियन • हेल्थकेयर • ज्योतिष परामर्श • मेडिकल • कोचिंग क्लासेस • कम्प्यूटर सीखना है • ऑटोमोबाइल्स • टूर एण्ड ट्रेवल्स • फिश एक्वेरियम आदि...
दिन प्रतिदिन जनजीवन से जुड़े अनेक विषयों पर विज्ञापन हेतु संपर्क करें :-
अपने निकटतम एडवरटाइजर्स से

**प्रॉपर्टी** — मकान

बेचना है- बल्गी रोड लाटा बौद्ध विहार में 6डिसमिल प्लॉट बेचना है संपर्क करें. मोबाइल नंबर- 7000128896.

बेचना है- नया रायपुर सेक्टर-29, एवं परसदा (कुम्हारी) में फ्लैट (मकान) 1बी.एच.के., दोनो अतिशीघ्र बेचना है संपर्क करें मोबाइल नंबर- 8319334733.

नवभारत CLASSIFIED RATE CARD
W.E.F. 10 JUNE 2023

RUNNING CLASSIFIED TARIFF

| Edition | Appointment | Service/ Business | Property Sale | Rent |
|---|---|---|---|---|
| BILASPUR CITY | 200/- | 220/- | 300/- | 220/- |
| BILASPUR Edition | 300/- | 320/- | 400/- | 320/- |
| RAIPUR CITY | 520/- | 552/- | 780/- | 650/ |
| BHILAI-DURG | 390/- | 422/- | 520/- | 455/- |
| RAIPUR Edition | 650/- | 780/- | 1040/- | 910/- |
| ALL CG | 845/- | 910/- | 1170/- | 1040/- |
| CG+Odisa | 910/- | 975/- | 1300/- | 1170/- |

Above Mentioned rate are applicable for per day*
Scheme- 3+1,5+2,10+5,20+12,30+20,50+50
1. Bold/Color Box Charge -100/- per day
2. After 25 words -5/- per day per word extra
3. E-mail ID Charges 20/- Extra.
4. All Category Add One day City Edition 300/- & All Edition 400/-.

Bilaspur Display Classified rate per Sq.Cm.

| ALL CATEGORY | | |
|---|---|---|
| | BILASPUR CITY | 120/- |
| | BILASPUR Edition | 150/- |

Raipur Display Classified Per Sq. cm.

| Category | City | DURG-BHILAI | Edition | All C.G. |
|---|---|---|---|---|
| Appointment | 230/- | 201/- | 345/- | 431/- |
| Real Estate | 242/- | 201/- | 345/- | 374/- |
| Education | 184/- | 144/- | 288/- | 316/- |
| Buss. & Other | 173/- | 144/- | 288/- | 316/- |

* (Scheme- 2+1, 3+2, 5+4, 15+13)
* Color + Pick of the Day Charges 25% Extra

HEALTH CARE (Size - 10x1 (Fix) BSP All (Only Continue Ins.): 30 Days 60,000/- | 60 Days 80,000/- | 90 Days 1,00000/-
HEALTH CARE ALL CG (Size - 10x1 (Fix)): 30 Days 1,10000/- | 90 Days 3,00000/-

MATRIMONIAL: All CG 800 | All CG+ODISA+MP+MH 1000
Upto 25 words, Extra 15Rs per word
Above Mentioned rate are applicable for per day*

क्लासीफाइड विज्ञापन हेतु संपर्क करें- नवभारत प्रेस, बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर, फोन: 07752-230591

लघु विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 6263595006

## ट्राई सख्त : कंपनियों को अब 5जी इंटरनेट स्पीड का देना होगा हिसाब

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने पहली बार 5जी नेटवर्क की गुणवत्ता में सुधार के लिए नए नियमों का मसौदा जारी किया है। अब कंपनियों को 5जी इंटरनेट स्पीड का हिसाब देना होगा। साथ ही, यह सुनिश्चित करना होगा कि 5जी संसाधनों के बंटवारे के कारण आम यूजर्स को खराब सेवा न मिले।

दूरसंचार कंपनियों को 4जी, 5जी और अन्य सेवाओं के लिए अलग-अलग टैरिफ तय करने की अनुमति देने का भी प्रस्ताव है। दूरसंचार नियामक ट्राई ने कहा, 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग आधारित प्लान में नेटवर्क के हर हिस्से को अलग टैरिफ श्रेणी माना जाएगा। कंपनियों को प्रत्येक हिस्से के लिए, डाउनलोड और अपलोड स्पीड की अनिवार्य जानकारी देनी होगी। दावे गलत होने पर कार्रवाई होगी। स्लाइसिंग में एक 5जी नेटवर्क को कई वर्चुअल नेटवर्क में बांटा जाता है। हर हिस्से को जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाता है। ब्यूरो

**प्रीमियम सेवाओं के लिए भी अलग टैरिफ का रास्ता साफ**

## सोना 3,800 रुपये उछलकर सात हफ्ते के शीर्ष पर, चांदी 2,100 रुपये महंगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में तेजी रही और 3,800 रुपये महंगा होकर सात हफ्ते के उच्च स्तर 1,53,800 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पहुंच गया।

चांदी की कीमत भी 2,100 रुपये बढ़कर 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई। कारोबारियों ने कहा कि रुपये में कमजोरी के कारण घरेलू बाजार में आयातित सराफा महंगा हो गया। कमजोर डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड रिटर्न में नरमी के बीच विदेशी बाजार में सोने में बढ़त ने कीमतों को और सहारा दिया। ईरान के यह कहने के बाद कि होर्मुज से समुद्री यातायात के प्रबंधन को लेकर ओमान के साथ समझौते पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है, इससे हाजिर सोने की कीमत बढ़कर 4,260 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई। एजेंसी

## टाटा संस समेत 17 कंपनियों को मिला बड़ी एनबीएफसी का दर्जा

**मुंबई।** आरबीआई ने टाटा संस समेत 17 कंपनियों को उच्च श्रेणी की एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) सूची में शामिल किया है। टाटा संस को दूसरी बार इस सूची में रखा गया है।

आरबीआई ने स्पष्ट किया कि कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी का पंजीकरण लौटने के आवेदन पर विचार जारी है और सूची में शामिल किए जाने का इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आरबीआई ने हाल ही में लागू किए गए संशोधित नियमों के तहत एक लाख करोड़ से अधिक संपत्तियों वाली एनबीएफसी को उच्च श्रेणी में रखने का प्रावधान किया है। मार्च, 2026 तक टाटा संस की एकीकृत परिसंपत्तियां दो लाख करोड़ से अधिक थीं। 2022 में पहली बार इस श्रेणी में आने के बाद टाटा संस पर कड़े पूंजी पर्याप्तता, जोखिम और खुलासों के नियम लागू हुए थे। साथ ही, तीन साल के भीतर शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने जैसी शर्त भी लगाई गई थी। इसके बाद टाटा संस ने अपने कारोबार में बदलाव किया और एनबीएफसी पंजीकरण को लौटने की अर्जी दी। ब्यूरो

## एक्सप्लेनर

क्या डिजिटल कंपनियां कर रहीं ठगी?

### क्या आप भी हैं डार्क पैटर्न का शिकार?

**आइए समझते हैं क्या होता है डार्क पैटर्न और कैसे गुमराह कर खाली कर रहा आपकी जेब?**

अगर आप भी ऑनलाइन फ्लाइट टिकट, राशन खरीदने या मूवी शो बुक करते समय अचानक बिल बढ़कर आने से परेशान हैं, तो डार्क पैटर्न के शिकार बन रहे हैं।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने इस चालाकी पर कड़ा शिकंजा कसते हुए फिजिक्सवाला, फर्स्टक्राई, जेप्टो, फार्मईजी समेत 7 बड़ी डिजिटल कंपनियों पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

#### क्या होता है डार्क पैटर्न?

- डार्क पैटर्न किसी ऐप या वेबसाइट का ऐसा भ्रामक और चालाक डिजाइन होता है, जो उपभोक्ता को धोखे में रखकर ऐसे फैसले लेने पर मजबूर करता है, जो वह सामान्य स्थिति में कभी न करता।




- इन प्रथाओं को यूजर्स को गुमराह या उन पर अनपेक्षित खरीदारी करने, सेवाओं की सदस्यता लेने या व्यक्तिगत सूचना साझा करने जैसे दबाव बनाने को डिजाइन किया गया है।
- डार्क पैटर्न किसी उपभोक्ता की स्वतंत्र पसंद को धोखा देती है, उसमें हेरफेर करती है या उसे बाधित करती है, जो अनुचित व्यापार प्रथा या भ्रामक विज्ञापन के बराबर है।

#### डाक पैटर्न के कुछ प्रकार इस तरह हैं...

- पेमेंट पेज पर अचानक हैंडलिंग चार्ज और मेंबरशिप फीस जोड़ना (ड्रिप प्राइसिंग व बास्केट स्नीकिंग)।
- 24 घंटे का फर्जी टाइमर चला झूठी जल्दबाजी पैदा करना।
- चेकआउट पर स्वतः 10 रुपये का दान जोड़ना और मुफ्त कोर्स के नाम पर जबरन डाटा लेना।
- एड-ऑन न लेने पर अपराधबोध पैदा करने वाले शब्द से यूजर को डराना।
- ऑटो-सब्सक्रिप्शन के साथ प्री-टिक्ड बॉक्स का गलत तरीके से इस्तेमाल करना।
- टैक्स समेत दाम दिखाकर अलग से जीएसटी जोड़ना।

#### ये तरीके अपनाकर बच सकते हैं उपभोक्ता

- **शुरुआती और आखिरी कीमत मिलाएं :** प्रोडक्ट चुनते वक्त दिखा रहे रेट और पेमेंट गेटवे पर दिख रहे अंतिम बिल की तुलना जरूर करें।
- **प्री-टिक्ड बॉक्स हटाएं :** चेकआउट करते समय ध्यान दें कि कोई इंश्योरेंस, डोनेशन या मेंबरशिप का डिब्बा पहले से टिक तो नहीं है।
- **स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखें :** अगर किसी साइट पर धोखे से अतिरिक्त चार्ज जुड़ गया है, तो उस पेज का स्क्रीनशॉट और ऑर्डर आईडी संभाल कर रखें।

#### ठगी पर करें शिकायत

- ठगी होने पर राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1915 पर कॉल करें या एनसीएच एप/ consumerhelpline.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।
- जागृति पोर्टल पर किसी वेबसाइट या एप का यूआरएल देकर सीधे सीसीपीए को रिपोर्ट भेजें।
- ठगी की वजह से आपको अगर आर्थिक नुकसान हुआ है, तो दो साल की अवधि के भीतर ई-दाखिल के जरिये जिला उपभोक्ता आयोग में दावा पेश करें। ■ वीमन डेस्क

## न्यूज डायरी

### एलआईसी : लाभ 23% बढ़कर 13,492 करोड़

**नई दिल्ली।** जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का लाभ 2026-27 की जून तिमाही में सालाना आधार पर 23 फीसदी बढ़कर 13,492 करोड़ हो गया। नेट प्रीमियम आय 1.27 लाख करोड़ के पार निकल गई। सॉल्वेंसी अनुपात 2.42 गुना रहा, जो एक साल पहले 2.17 गुना था। ऊंचा सॉल्वेंसी अनुपात दर्शाता है कि कंपनी दावों का भुगतान करने की बेहतर स्थिति में है। एजेंसी

### जेप्टो व फर्स्टक्राई समेत 7 कंपनियों पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्र ने डार्क पैटर्न का इस्तेमाल कर ग्राहकों को गुमराह करने के मामले में जेप्टो, फर्स्टक्राई और फिजिक्सवाला समेत 7 कंपनियों पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सरकार ने राज्यसभा में बताया, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भ्रामक ऑनलाइन प्रथाओं में शामिल कंपनियों को इसे तत्काल बंद करने का निर्देश दिया है। ब्यूरो

### ट्रेंट का मुनाफा 22% बढ़ा, 23 नए स्टोर खुले

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट ने 2026-27 की जून तिमाही में 22% वृद्धि के साथ 518.07 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। सौंदर्य और फुटवियर उद्योग में तेज बढ़त हुई। कंपनी ने वेस्टसाइड का एक और जूडियो के 22 नए स्टोर खोले। कुल स्टोर्स की संख्या 1,300 से अधिक हो गई है। एजेंसी

एसी, वाशिंग मशीन, स्मार्टफोन से लेकर बर्तनों तक के बढ़ सकते हैं दाम


## त्योहारों से पहले धातुओं में तेजी लौटी, महंगे होंगे घरेलू उपकरण

संवाद न्यूज एजेंसी।नई दिल्ली।

आगामी त्योहारी सीजन में अगर आप नया टीवी, फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन या नई गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो जेब थोड़ी और ढीली करनी होगी। वैश्विक बाजारों में मची उथल-पुथल और आपूर्ति संकट के चलते तांबा, एल्युमीनियम, जिंक और निकल जैसी औद्योगिक धातुओं की कीमतें तेज रफ्तार से बढ़ी हैं।

लंदन मेटल एक्सचेंज पर तांबे का तीन महीने का औसत भाव 1.8 फीसदी तक बढ़कर 14,369.50 डॉलर प्रति टन पहुंच गया, जो 29 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। इस खबर के बाद भारत में भी तांबे के भाव 2.56 फीसदी उछलकर 1304.90 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। एक महीने पहले यह 1187.85 रुपये प्रति किलोग्राम था। एल्युमीनियम में भी पांच फीसदी की तेजी आई है।

दरअसल, कांगो ने कॉपर और कोबाल्ट कंसंट्रेट के निर्यात पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम घरेलू प्रसंस्करण को बढ़ावा देने और अपने खनिज संसाधनों से अधिक मूल्य बनाए रखने के प्रयासों को तेज करने के तहत उठाया गया है। इससे वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ गई है।



**प्रमुख धातुओं की कीमतों में लगी आग**

| धातु | 6 अगस्त | 6 जुलाई | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| तांबा | 1304.90 | 1187.85 | 9.85% |
| एल्युमीनियम | 282.57 | 268.92 | 5.08% |
| जिंक | 329.38 | 308.34 | 6.82% |
| टिन | 4879.24 | 4429.14 | 10.16% |
| लेड | 164.75 | 163.41 | 0.82% |

(भाव : रुपये प्रति किलोग्राम में)

### कीमतों में तेजी की वजह चीन और अमेरिका भी

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण हॉर्मुज से जहाजों की आवाजाही बाधित हो रही है। इस रास्ते से तांबा, एल्युमीनियम और सल्फ्यूरिक एसिड का बड़ा हिस्सा पास होता है। जिंक के वेयरहाउस स्टॉक्स में साल की शुरुआत से अब तक 75 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस वजह से कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

- प्रमुख औद्योगिक धातुओं की कीमतों में तेजी का बड़ा कारण है एआई डाटा सेंटरों और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग। इस वजह से अमेरिका एवं चीन तांबे की अंधाधुंध खरीदारी और जमाखोरी कर रहे हैं, जिससे इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

### आपकी जेब पर असर...8% तक बढ़ेंगे दाम

*घरेलू उपकरण और वाहनों के निर्माण में तांबा, स्टील और एल्युमीनियम मुख्य कच्चे माल हैं। जब इन धातुओं के दाम बढ़ते हैं, तो विनिर्माण कंपनियां इसका बोझ ग्राहकों की जेब पर डालती हैं।*

- एयर कंडीशनर के कंडेंसर, कंप्रेसर और वाशिंग मशीन की मोटर में बड़े पैमाने पर तांबे का इस्तेमाल होता है। इसके महंगे होने से कंपनियों की इनपुट लागत 8-10 फीसदी बढ़ गई है, जिससे त्योहारी खरीदारी से ठीक पहले घरेलू उपकरणों के दाम 5 से 8 फीसदी तक बढ़ सकते हैं। ईवी बैटरियों और वायरिंग हार्नेस में तांबे का सस्ता विकल्प नहीं है। बर्तन से लेकर स्मार्टफोन के दाम भी बढ़ेंगे।

## डॉलर इंडेक्स में उछाल से रुपया 14 पैसे कमजोर

**मुंबई।** डॉलर इंडेक्स में मामूली तेजी और अमेरिकी बॉन्ड रिटर्न में बढ़ोतरी के बीच बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे कमजोर होकर 95.22 पर बंद हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की नरम कीमतों ने रुपये को कुछ हद तक समर्थन दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.13 पर खुला। मिरे एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.80 से 95.50 के दायरे में रहने के आसार हैं। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 99.78 के स्तर पर रहा। एजेंसी

## बिजली उत्पादन में 65 फीसदी पहुंचेगा एआई का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** देश के बिजली उत्पादन क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग 2030 तक 35 फीसदी से बढ़कर 65 फीसदी पहुंचने का अनुमान है। द एनर्जी एंड क्लाइमेट इनिशिएटिव सोसायटी के अध्ययन के मुताबिक, फिलहाल करीब 35 फीसदी बिजली उत्पादक कंपनियों ने अपने मुख्य परिचालन में एआई को अपनाया है और यह संख्या तेजी से बढ़ने का अनुमान है।

अध्ययन के मुताबिक, 2031-32 तक सिर्फ डाटा सेंटर से बिजली की मांग 13.56 गीगावाट तक पहुंच सकती है। यह अध्ययन दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बंगलूरु और चेन्नई की कंपनियों के 250 पेशेवरों के बीच किया गया। एजेंसी

## राजस्थान में सबसे ज्यादा एक करोड़ हेक्टेयर फसली क्षेत्र का हुआ बीमा

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक क्रियान्वयन हुआ है। इसके जरिये प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसम के कारण फसल को हुए नुकसान की स्थिति में लाखों किसानों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। राजस्थान में देश में सर्वाधिक 62.58 लाख किसानों को योजना में नामांकित किया गया है।

योजना के तहत 2025-26 में राज्य के लगभग 2.82 करोड़ हेक्टेयर सकल फसली क्षेत्र में एक करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को बीमित किया गया है, जो देश में सर्वाधिक है। राज्य के कुल फसली क्षेत्र में बीमित क्षेत्र 36 फीसदी है, जो देश के औसत 32 फीसदी से बेहतर है। यह झारखंड और छत्तीसगढ़ के बाद सबसे अधिक है। 2025-26 में चूरू में 13.35 लाख हेक्टेयर से अधिक, बाड़मेर में 11.48 लाख और बीकानेर में 9.27 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को बीमित किया गया है। ब्यूरो



## पंजाब नेशनल बैंक ने 50 लाख का दुर्घटना बीमा प्रदान किया

**रायपुर।** पंजाब नेशनल बैंक, शाखा जीई रोड, रायपुर ने अपनी ग्राहक हितैषी पहल के अंतर्गत पीएनबी सैलरी योजना के तहत 50 लाख के व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा दावे का सफलतापूर्वक निपटान करते हुए सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए स्वर्गीय मोहम्मद खालिक आजाद की धर्मपत्नी श्रीमती निकहत नाज को दावा राशि का चेक प्रदान किया। दावा राशि का चेक महेश वाधवा, अंचल प्रमुख, रायपुर अंचल, वी.के. शर्मा, मंडल प्रमुख, रायपुर मंडल, प्रवीण कुमार, सीएसी प्रमुख, रायपुर तथा पंकज श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## एआई से बड़ी कंपनियों में नौकरियां घटेंगी: नीलेकणि

### लाखों छोटे कारोबार रोजगार सृजन का बनेंगे आधार

**नई दिल्ली ।ए।** इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि ने गुरुवार को कहा कि स्वचालन और एआई के बढ़ते इस्तेमाल से भारत की बड़ी एवं सुव्यवस्थित कंपनियों में आने वाले वर्षों में नौकरियां घट सकती हैं, जबकि लाखों छोटे कारोबार भविष्य में रोजगार सृजन का प्रमुख आधार बनेंगे। 'एनसीएईआर इंडिया पॉलिसी फोरम-2026' को संबोधित करते हुए नीलेकणि ने कहा कि रोजगार सृजन को लेकर देश की सोच में बुनियादी बदलाव की जरूरत है। नीलेकणि एनसीएईआर के संचालन मंडल के चेयरमैन भी हैं। कहा, बड़ी कंपनियां, जो बहुत सुव्यवस्थित ढंग से काम करती हैं, नौकरियों में कटौती के लिहाज से सबसे अधिक प्रभावित होंगी। इसका कारण यह है कि वहां हर काम कुछ तय कार्यों तक सीमित होता है, जिन्हें स्वचालन के जरिये आसानी से किया जा सकता है। नीलेकणि ने कहा, लाखों छोटे कारोबार में एआई के जरिये व्यापक स्तर पर बदलाव करना कहीं अधिक जटिल है। इसलिए उन पर नौकरियों में कटौती का असर अपेक्षाकृत कम होगा और वे अधिक रोजगार सृजित करेंगे। भविष्य में अर्थव्यवस्था इस सोच पर आगे बढ़ेगी कि कुछ कंपनियां लाखों लोगों को रोजगार दें, इसके बजाय लाखों कंपनियां एक-एक व्यक्ति को रोजगार दें। नीलेकणि ने अनुमान जताया कि भारत में स्टार्टअप की संख्या 2035 तक बढ़कर 10 लाख हो सकती है, जबकि फिलहाल यह करीब 1.5 लाख है। इस बदलाव को समर्थन देने के लिए बड़े पैमाने पर नियामकीय बोझ कम करने और कारोबार से जुड़े तंत्र को सरल बनाने की जरूरत है।

**रोजगार सृजन पर विचार करने की आवश्यकता**

छोटे उद्यमियों को अनावश्यक नियमों के बोझ से बचाने के साथ-साथ भारतीय रिजर्व बैंक के अकाउंट एग्रीगेटर और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स जैसे डिजिटल मंचों के माध्यम से उन्हें पूंजी और बाजार तक आसान पहुंच उपलब्ध कराई जानी चाहिए। नीलेकणि ने कहा कि रोजगार सृजन के तौर-तरीकों पर नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। 'पोर्टेबल लाभ' व 'पोर्टेबल प्रमाण-पत्र' जैसी व्यवस्था की जरूरत किसी कर्मचारी का एक ही कंपनी में 40 वर्ष तक काम करने की पारंपरिक अवधारणा अब अप्रासंगिक होती जा रही है। तेजी से बढ़ती गिग अर्थव्यवस्था और बार-बार नौकरी बदलने वाले कार्यबल को ध्यान में रखते हुए 'पोर्टेबल लाभ' और 'पोर्टेबल प्रमाण-पत्र' जैसी व्यवस्था विकसित करने की जरूरत है।

## रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 374 अंक चढ़ा

**मुंबई ।ए।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मिला-जुला रुख रहा। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 374 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली 11 अंक की तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान पूरे समय सकारात्मक दायरे में रहा। अंत में यह 373.76 अंक यानी 0.48 प्रतिशत चढ़कर 78,954.76 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करता रहा और अंत में 11.35 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,636 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ऊंचे में 24,677.05 अंक तक गया और नीचे में 24,604.15 अंक तक आया। सोमवार से दोनों प्रमुख सूचकांकों के प्रदर्शन में अंतर देखने को मिल रहा है। यह बदलाव उन शेयरों के लिए नई नीलामी व्यवस्था लागू किए जाने के बाद आया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद दीपका, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

Ph.:07815 239299, Pin : 495452, e-mail:dipkacmo@rediffmail.com
क्रमांक / 2043/ निर्माण/ न.पा.प./ 2026 — दीपका, दिनांक 06.08.2026

**:: ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य करने हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | निविदा खोलने की अंतिम तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in NAGAR PALIKA PARISHAD, DIPKA under SBM 2.0 | 851.87 | 28.08.2026 (T.No.197015) | अमानत राशि, प्रोसेसिंग शुल्क, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों को बंद लिफाफा में पंजीकृत डाक से जमा करने की अंतिम तिथि 31.08.2026 सायं 4.00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 31.08.2026 सायं 5.00 बजे से नियत है। |

उपरोक्त निर्माण कार्य की जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

"नगर पालिका के करों का भुगतान समय- सीमा में अवश्य करें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दीपका
जिला- कोरबा (छ.ग.)



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

आरओएसआरबी, यश बाजार, द्वितीय तल राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495006. email:rosarb.bilaspur@bankofbaroda.com

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

परिशिष्ट - IV क (नियम 6 (2) एवं 8 (6) का परन्तुक देखें) अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूत-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित है, जिसका कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के नीचे दी गई शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्नलिखित वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 08/09/2026, दोप. 2.00 से शाम 6.00 बजे**

| क्र. | ऋणी/जमानतदार/ बंधक का नाम | अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण ज्ञात भार सहित यदि कोई | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बिड वृद्धि | अधिपत्य व प्रकार (सांकेतिक /भौतिक) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **श्रीमती अनीता पारधे पति स्व. दयाशंकर पारधे,** वार्ड नं. 30, करबला रोड, सुदर्शन नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़- 495001 | मौजा- लिंगियाडीह, राजकिशोर नगर आवासीय योजना, प.ह.नं. 20, नगर पालिका, शहर- बिलासपुर, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़- 495006, बिल्ट-अप एरिया 450 वर्गफीट एवं कारपेट एरिया 450 वर्गफीट, सर्वे नं. 198/6 का भाग में स्थित प्लॉट नं. 385 पर स्थित मकान का साम्पिक बंधक। **संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** खुला प्लॉट 30*50, **उत्तर-** खान का मकान प्लॉट नं. 384, **दक्षिण-** मोनू गुप्ता का मकान प्लॉट नं. 386. | ₹ 28,49,644.92 + ब्याज + अन्य शुल्क | 20.00 लाख<br>2.00 लाख<br>0.10 लाख | सांकेतिक | 02/09/2026 सुबह 10.00 से शाम 06.00 बजे |
| 02 | **श्री रोहित कुमार, श्रीमती रीत बाई,** A-236, क्वा. नं. A/182, वसंत विहार कॉलोनी, लिंगियाडीह, एसईसीएल, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495006 | **श्री रोहित कुमार पुत्र स्व. झब्बू लाल** के नाम पर डायवर्टेड (रूपांतरित) नया म्यूटेशन खसरा नं. 2025/16 (पहले खसरा नं. 2025/10 व खसरा नं. 2025/3 का भाग, प.ह.नं. 19/29, मौजा- मोपका, रा.नि.मं.- बिलासपुर, ब्लॉक- बेलहा, तहसील व जिला- बिलासपुर। क्षेत्रफल 1034 वर्ग फुट में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि का साम्पिक बंधक। **संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व-** अन्य की भूमि, **पश्चिम-** निस्तारी रास्ता, **उत्तर-** प्रेम सिंह की संपत्ति, **दक्षिण-** बसंत दास की संपत्ति। | ₹ 31,50,096.65 + ब्याज + अन्य शुल्क | 15.20 लाख<br>1.52 लाख<br>0.10 लाख | सांकेतिक | 02/09/2026 सुबह 10.00 से शाम 06.00 बजे |
| 03 | **श्री अनिल प्रताप सिंह पुत्र श्री धर्मराज सिंह,** 321/21 परशुराम वार्ड, मौजा- हथनी, जिला- बलौदा बाजार-भाटापारा, छत्तीसगढ़- 493118. | **श्री अनिल प्रताप सिंह पुत्र श्री धर्मराज सिंह** के नाम पर मौजूद खसरा नं. 321/21, प.ह.नं. 11, मौजा- हथनी, परशुराम वार्ड, विकास खंड, तहसील- भाटापारा, जिला- बलौदा बाजार-भाटापारा, छत्तीसगढ़ - 493118, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट में स्थित भूमि एवं भवन का साम्पिक बंधक। **संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** कौशल का प्लॉट, **उत्तर-** देवांगन का प्लॉट, **दक्षिण-** हरिचंद देवांगन का मकान। | ₹ 45,61,492.16 + ब्याज + अन्य शुल्क | 26.80 लाख<br>2.68 लाख<br>0.10 लाख | सांकेतिक | 02/09/2026 सुबह 10.00 से शाम 06.00 बजे |
| 04 | **श्री वकार अहमद,** मस्जिद के पास, अहमद विला, गणेश नगर, चुचुहिया पारा, बिलासपुर (छ.ग.) - 495004. | **श्री वकार अहमद पुत्र श्री निसार अहमद** के नाम पर खसरा नं. 46/2, पीसी नं. 27, लगरा आर.आई.सी., तहसील एवं जिला- बिलासपुर, छ.ग.। क्षेत्रफल- 1500 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि का साम्पिक बंधक। **संपत्ति की चौहद्दी: पूर्व-** अन्य का मकान, **पश्चिम-** अन्य का खाली प्लॉट, **उत्तर-** श्री किशोर केवट की खाली भूमि, **दक्षिण-** निस्तारी सड़क। | ₹ 44,74,950.00 + ब्याज + अन्य शुल्क | 16.00 लाख<br>1.60 लाख<br>0.10 लाख | सांकेतिक | 02/09/2026 सुबह 10.00 से शाम 06.00 बजे |
| 05 | **सुश्री सोनम कश्यप,** फ्लेट- F-1, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-4, श्रीराम टॉवर, व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.) - 495001 | **सुश्री सोनम कश्यप पुत्री गणेश राम कश्यप** के नाम पर संपत्ति खसरा नं. 46/3, पी.सी. नं. 27, लगरा, आर.आई.सी., तहसील एवं जिला- बिलासपुर, छ.ग. क्षेत्रफल- 1056 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि का साम्पिक बंधक। **प्रॉपर्टी की चौहद्दी: पूर्व-** अन्य का खुला प्लॉट, **पश्चिम-** अन्य का खुला प्लॉट, **उत्तर-** अन्य का खुला प्लॉट, **दक्षिण-** कॉलोनी सड़क। | ₹ 36,95,018.98 + ब्याज + अन्य शुल्क | 20.25 लाख<br>2.03 लाख<br>0.10 लाख | सांकेतिक | 02/09/2026 सुबह 10.00 से शाम 06.00 बजे |

विक्रय के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक **https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm** और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल **https://baanknet.com** देखें। साथ ही, इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से **07752-445994.** पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांकः 06.08.2026, स्थानः बिलासपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**( केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 196553 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला जशपुर के दुलदुला में मिनी स्टेडियम एवं इंडोर हॉल का निर्माण कार्य। | 461.86 |
| 2 | 196555 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला रायगढ़ के लैलुंगा-पोतरा मार्ग पर खारून नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 460.10 |
| 3 | 196655 तृतीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला कबीरधाम के कवर्धा रबेली प्रतापपुर मार्ग लंबाई 19.80 कि.मी. में डामर नवीनीकरण का कार्य। | 550.38 |
| 4 | 196658 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला महासमुंद में शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद का निर्माण कार्य, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। | 996.42 |
| 5 | 196660 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला रायगढ़ के तिलगा-भगोरा जामगांव मार्ग (मुख्य जिला मार्ग ) के कि.मी. 7/6 में सपनई नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 565.83 |
| 6 | 196662 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्व विद्यालय छत्तीसगढ़ परिसर में मल्टीपर्पस हैंगर (Steel Structure) का निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित जमा मद का कार्य। | 268.18 |
| 7 | 196679 प्रथम आमंत्रण 03.08.2026 | जिला रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण कार्य, जमा मद। | 3594.56 |
| 8 | 196694 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला बेमेतरा (दुर्ग) के परसबोड़ से आई.टी.आई. मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 321.48 |
| 9 | 196696 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला सूरजपुर के रिंग रोड सूरजपुर मार्ग लंबाई 16.85 कि.मी. का सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण निर्माण कार्य। | 1608.59 |
| 10 | 196697 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला रायपुर के सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलाजी सीपेट भनपुरी रायपुर में एकेडेमिक भवन का निर्माण कार्य (शेष कार्य)। जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण, फायर फायटिंग कार्य सहित, जमा मद कार्य। विधानसभा संभाग रायपुर। | 795.80 |
| 11 | 196702 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला बलरामपुर रामानुजगंज के डिण्डो बिमलापुर नवाडीह मार्ग लंबाई 18.00 कि.मी. का मजबूतीकरण एवं उन्नयन निर्माण कार्य। | 487.85 |
| 12 | 196703 द्वितीय आमंत्रण 03.08.2026 | जिला कांकेर के पी. व्ही. 57 से नेडगांव मार्ग के कि.मी. 1/2 से 8/10 तक कुल 8.00 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 1133.03 |
| 13 | 196706 पंचम आमंत्रण 03.08.2026 | जिला बेमेतरा के मोहगांव-बुधवारा मार्ग में सुरही नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 355.09 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 03 एवं सं.क्र. 13 दिनांक 17.08.2026 स.क्र. 07 दिनांक 27.08.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 21.08.2026 निर्धारित है। निविदा भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाइट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

G- 262702594/6

# जूपिटर 125 या सुजुकी एक्सेस 125? सेफ्टी में कौन है बेहतर

**भारत में 125 सीसी स्कूटर सेगमेंट की मांग तेजी से बढ़ रही है और इस कैटेगरी में दो मॉडल सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। इनमें हाल ही में एक मॉडल के चुनिंदा वेरिएंट्स में सिंगल चैनल एबीएस जोड़ा गया, जिससे खरीदारों के लिए सुरक्षा, फीचर्स और कीमत के आधार पर फैसला करना आसान हो गया । तो अगर आप भी इस सेगमेंट में स्कूटर लेने का सोच रहे हैं, तो आइए जानते हैं यह मॉडल कौन से हैं और दोनों में से आपके लिए कौन सा बेहतर साबित हो सकता है।**

भारतीय बाजार में टीवीएस जूपिटर 125 और सुजुकी एक्सेस 125 दोनों ही स्कूटर लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। ऐसे में किसी एक को चुनना काफी पेचिदा हो जाता है। ये दोनों ही स्कूटर्स रोजाना आने-जाने वाले फैमिली बायर्स को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। नए सेफ्टी अपडेट के बाद तो अब दोनों गाड़ियों के बीच ब्रेकिंग, फीचर्स और कीमत को लेकर काफी बदलाव हुआ है। यहां देखिए दोनों की तुलना और जानिए कि इनमें से आपके लिए कौन सा ज्यादा बेहतर साबित हो सकता है।

## किसकी कीमत है ज्यादा?



**दोनों ही स्कूटर्स अलग-अलग बजट वाले खरीदारों के लिए कई वेरिएंट्स में उपलब्ध हैं, जिनके बारे में नीचे बताया गया है।**

- **TVS Jupiter 125:** इसके डिस्क (Disc) वेरिएंट की शुरुआती कीमत लगभग 81,100 (एक्स-शोरूम) है, जबकि इसके टॉप SmartXonnect ट्रिम की कीमत लगभग 89,935 (एक्स-शोरूम) तक जाती है।
- **Suzuki Access 125:** इसकी कीमत रेंज थोड़ी ज्यादा है। इसके स्टैंडर्ड एडिशन की शुरुआत लगभग 82,185 से होती है, जो इसके टॉप राइड कनेक्ट टीएफटी एबीएस एडिशन के लिए लगभग ₹1.01 लाख (एक्स-शोरूम, दिल्ली) तक जाती है।
- **टीवीएस जूपिटर 125:** कंपनी इस स्कूटर में लगभग 50 kmpl के माइलेज का दावा करती है।
- **सुजुकी एक्सेस 125:** कंपनी का दावा है कि यह स्कूटर लगभग 45 kmpl का माइलेज देता है।

**हालांकि यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि असल में दोनों ही स्कूटर्स के माइलेज के आंकड़े थोड़े कम हो सकत है। जो कि आपको फैसला लेने में काफी मदद कर सकता है।**

# फैमिली SUV से लेकर ईवी तक, भारत में लॉन्च होंगी ये पांच शानदार कारें

**आने वाले कुछ समय में कई दिग्गज ऑटो कंपनियां अलग-अलग कीमत और सेगमेंट में कई नई एसयूवी पेश करने की तैयारी में हैं। इनमें कुछ मॉडल्स बिल्कुल अलग हो और नए हो सकते हैं और कुछ लोकप्रिय एसयूवी के अपडेट्स हो सकते हैं। इस लेख में सभी एसयूवी के बारे में विस्तार से जानिए ।**

इस सूची में महिंद्रा स्कॉर्पियो एन फेसलिफ्ट, किया सोरेंटो, MG हेक्टर हॉक, इलेक्ट्रिक होंडा एलीवेट और वोल्वो EX90 जैसी कार शामिल हैं। हर मॉडल अलग-अलग तरह के ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।



■ **Mahindra Scorpio N Facelift में मिलेगा पैनोरमिक सनरूफ** इस लिस्ट में सबसे पहले महिंद्रा स्कॉर्पियो एन फेसलिफ्ट लॉन्च हो सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसके यूनिट्स डीलरशिप तक पहुंचने लगे हैं। हालिया स्पॉटिंग से यह भी पुष्टि हुई है कि SUV में पैनोरमिक सनरूफ दिया जाएगा।

इसके अलावा, केबिन में बड़ा इंफोटेनमेंट स्क्रीन और नया डैशबोर्ड देखने को मिल सकता है। हालांकि, मौजूदा पेट्रोल और डीजल इंजन में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं है।

■ **Kia Sorento की भारत एंट्री हुई तय** किआ ने भी भारत में अपने मॉडल सोरेंटो के लॉन्चिंग की पुष्टि कर दी है। यह कंपनी की लाइनअप में सेल्टोस और कैरेंस क्लेविस से ऊपर की पोजिशन पर हो सकती है।

भारतीय बाजार में इसका मुकाबला टोयोटा फॉर्च्यूनर, जीप मेरिडियन और स्कोडा कोडियाक जैसी प्रीमियम एसयूवी से होने की उम्मीद है। हालांकि, भारत के लिए इसके इंजन और पावरट्रेन की जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

■ **MG Hector Hawk में मिल सकते हैं EV और हाइब्रिड विकल्प** एमजी हेक्टर हॉक को कंपनी के ADAPT प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जाएगा। इस SUV को कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा जा चुका है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इसे प्लग-इन हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक दोनों वर्जन में पेश किया जा सकता है। डिजाइन की बात करें तो इसमें आयताकार LED हेडलाइट्स, LED DRLs, ब्लैक्ड-ऑफ ग्रिल और रैपअराउंड LED टेललाइट्स मिल सकती हैं।

■ **Honda Elevate EV से बढ़ेगी इलेक्ट्रिक SUV सेगमेंट में टक्कर** होंडा भारतीय ग्राहकों के लिए एलीवेट का इलेक्ट्रिक वर्जन तैयार कर रही है।

हालांकि, कंपनी ने अभी इसकी पूरी स्पेसिफिकेशन का खुलासा नहीं किया है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि यह इलेक्ट्रिक SUV ह्युंदै क्रेटा इलेक्ट्रिक, टाटा कर्व EV और मारुति सुजुकी ई विटारा जैसी कारों को टक्कर दे सकती है।

■ **Volvo EX90 में मिलेगी 606 किलोमीटर तक की रेंज** वोल्वो EX90 प्रीमियम इलेक्ट्रिक SUV सेगमेंट की सबसे चर्चित कारों में से एक मानी जा रही है। ग्लोबल मॉडल में 92kWh और 106kWh बैटरी पैक के विकल्प दिए गए हैं।

बड़े बैटरी पैक वाले वेरिएंट में अधिकतम 679.5 hp की पावर और 870 Nm का टॉर्क मिलता है। कंपनी के अनुसार, यह SUV एक बार चार्ज करने पर 606 किलोमीटर तक की रेंज दे सकती है।

# 2034 तक हर साल 55% बढ़ेगी भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री!

**भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है और अब यह देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय ईवी बाजार 54.94 प्रतिशत (लगभग 55 प्रतिशत) की वार्षिक चक्रवृद्धि दर (CAGR) से बढ़ते हुए साल 2034 तक 191.04 अरब डॉलर का विशाल बाजार बन सकता है।**

**क्या भारतीय ईवी बाजार की यह रफ्तार वैश्विक रुझानों से आगे निकल गई है?**

जी हां, आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता और बिक्री में हुई वृद्धि ने वैश्विक रफ्तार को भी पीछे छोड़ दिया है:

■ **वैश्विक बनाम भारतीय बिक्री दर:** जहां दुनिया भर में ईवी बिक्री 2016 के 9.18 लाख यूनिट से बढ़कर 2024 में 18.78 मिलियन (1.878 करोड़) यूनिट हुई (यानी लगभग 20 गुना वृद्धि), वहीं भारत में यह उछाल 46 गुना का रहा।

■ **ग्लोबल पेनेट्रेशन (वैश्विक पैठ) में सुधार:** वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर की तुलना में भारत की ईवी पैठ केवल एक-चौथाई के आसपास थी, जो 2024 तक बढ़कर दो-पांचवें से अधिक हो चुकी है।

■ **टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर का दबदबा:** भारत की इस शानदार ग्रोथ का मुख्य आधार देश के छोटे वाहन रहे हैं। वर्ष 2025 में बेचे गए कुल वाहनों में 12,8 लाख यूनिट्स



मोटराइज्ड टू-व्हीलर्स (दोपहिया) और 8 लाख यूनिट्स थ्री-व्हीलर्स (तीन-पहिया) वाहनों की रही।

## सरकार का 2030 तक का विजन और ईवी बैटरी मार्केट की क्या स्थिति है?

*इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार ने बड़े लक्ष्य और बुनियादी ढांचे की रूपरेखा तैयार की है:*

■ **30% बिक्री का लक्ष्य:** भारत सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक देश में बिकने वाले कुल वाहनों में से 30 प्रतिशत वाहन अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक हों।

■ **13.2 लाख चार्जिंग स्टेशन:** 2030 के इस लक्ष्य को पूरा करने और नेटवर्क को मजबूती देने के लिए देशभर में 13.2 लाख चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है।

# कम कीमत में चाहिए लग्जरी अनुभव? कम्फर्ट देंगी ये सेकेंड-हैंड कारें

**अगर आप एक लग्जरी SUV का अनुभव लेना चाहते हैं, लेकिन बजट हर बार आड़े आ जाता है, तो अब निराश होने की जरूरत नहीं है। अब आप कम बजट में भी प्रीमियम ब्रांड्स का मजा ले सकते हैं।**

देखिए महिंद्रा स्कॉर्पियो N भारतीय बाजार की लोकप्रिय 7-सीटर गाड़ियों में से एक है। इसके टॉप वेरिएंट की ऑन-रोड कीमत करीब 25 लाख से 27 लाख के आसपास पड़ती है। हालांकि, बहुत से लोग यह नहीं जानते कि इसी बजट में ऑडी, मर्सिडीज और वोल्वो जैसी लग्जरी SUVs भी खरीदी जा सकती हैं।

यूज्ड कार बाजार में कुछ साल पुरानी ये गाड़ियां आसानी से मिल जाती हैं। हालांकि, यह पूरी तरह आपकी पसंद पर निर्भर करता है कि आप नई कार की गारंटी चुनते हैं या समान बजट में किसी बड़े ब्रांड का लग्जरी अनुभव।



## Mercedes-Benz GLS: 24 लाख रुपये में फ्लैगशिप SUV

मर्सिडीज-बेंज GLS कंपनी की फ्लैगशिप 7-सीटर एसयूवी है। सेकेंड-हैंड मार्केट में इसका 2016 मॉडल करीब 24 लाख रुपये में मिल सकता है।

फीचर्स की बात करें तो इसमें पैनोरमिक सनरूफ, आठ इंच का इंफोटेनमेंट स्क्रीन, 360-डिग्री कैमरा, 8 एयरबैग, मल्टी-जोन क्लाइमेट कंट्रोल और कई ड्राइविंग मोड्स मिलते हैं।

पावर के लिए इसमें 3.0-लीटर V6 इंजन दिया गया है, जो 9-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ आता है।

## Volvo XC90: लग्जरी के साथ दमदार सेफ्टी

अगर आप लग्जरी के साथ बेहतरीन सुरक्षा चाहते हैं, तो वॉल्वो XC90 एक मजबूत विकल्प हो सकती है।

सेकेंड-हैंड मार्केट में इसका 2018 मॉडल करीब 30 लाख रुपये में मिल सकता है। इसमें वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, मेमोरी फंक्शन, बाउर्स एंड विल्किंस साउंड सिस्टम, एयर सस्पेंशन, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, 360-डिग्री कैमरा, एडाप्टिव क्रूज कंट्रोल और ब्लाइंड-स्पॉट वार्निंग जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

यह SUV 2.0-लीटर D5 ट्विन-टर्बो डीजल इंजन, AWD सिस्टम और 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आती है।

## Audi Q7: शानदार परफॉर्मेंस और प्रीमियम फीचर्स

इसके अलावा ऑडी Q7 का पुराना मॉडल भी स्कॉर्पियो एन के टॉप वेरिएंट के बजट में खरीदा जा सकता है।

सेकेंड-हैंड मार्केट में 2019 मॉडल की ऑडी Q7 लगभग 30 लाख रुपये में मिल सकती है। इसमें एडाप्टिव एयर सस्पेंशन, पैनोरमिक सनरूफ, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, इलेक्ट्रॉनिक स्टीयरिंग एडजस्टमेंट और 12-वे एडजस्टेबल ड्राइवर सीट जैसे प्रीमियम फीचर्स मिलते हैं।

पावर के लिए इसमें 3.0-लीटर V6 डीजल इंजन दिया गया है, जो ऑडी के Quattro AWD सिस्टम के साथ आता है। लंबी दूरी के सफर के लिए यह SUV काफी आरामदायक मानी जाती है और इसकी परफॉर्मेंस भी शानदार है।

**आज का पंचांग**

रा.मि. 16 संवत् 2083 श्रावण कृष्ण नवमीं भृगुवासरे दिन 1/12, कृतिका नक्षत्रे दिन 4/35, वृद्धि योगे दिन 10/59, गर करणे सू.उ. 5/27, सू.अ. 6/33, चन्द्रचार वृषभ, शु.रा. 2,4,5,8,9,12 अ.रा. 3,6,7,10,11,1 शुभांक- 4,6,0.

## आपका राशिफल

**मेष:** लंबित योजनाएं फिर से शुरू करने का समय है, अधिकारियों से मेल जोल का लाभ होगा। शारीरिक एवं मानसिक सुख रहेगा। यात्रा प्रवास आदि का योग है।

**वृषभ:** कार्ययोजना में बदलाव कर इच्छित सफलता हासिल कर सकते हैं। वित्तीय मामले हल होंगे, सामाजिक मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक सुख रहेगा।

**मिथुन:** अनावश्यक खर्च करने से वित्तीय परेशानी हो सकती है, विवाद पक्ष में हल होगा। धन, पद एवं प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, मान सम्मान प्राप्त होगा।

**कर्क:** अटके काम पूरे होंगे, कार्य की अधिकता से परिजनों पर ध्यान नहीं दे पायेंगे। नियमितता का ध्यान रखकर कार्य करें, मांगलिक कार्यों पर खर्च होगा।

**सिंह:** मित्रों के साथ घूमने का कार्य बनेगा, युवा कैरियर को लेकर चिंतित रहेंगे, आर्थिक क्षेत्र में किसी तरह का निर्णय शीघ्रता में न लें, व्यवसायिक संबंधों में लाभ होगा।

**कन्या:** दिखावे के चक्कर में कर्ज लेना पड़ सकता है, मित्रों से टकराव संभव है। यात्रा देशाटन तथा व्यवसायिक कार्यों में सफलता मिलेगी, विवाद को टालें।

**तुला:** आत्मविश्वास से काम लें, सबका सहयोग मिलेगा। युवा प्रतियोगी परीक्षा में सफल रहेंगे। किसी अतिथि का शुभागमन होगा, कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** काम के संबंध में अनुकूल आश्वासन मिलेंगे, प्रापर्टी संबंधी मामले उलझने से चिंता बढ़ेगी, आर्थिक क्षेत्र में दूर जा रहे व्यक्ति से शुभ समाचार मिलेगा।

**धनु:** अनुभव की कमी से सही फैसला लेने में नाकाम रहेंगे, प्रभावशाली लोगों से संपर्क का लाभ मिलेगा। किसी अनजानी आशंका से चिंता रहेगी, संयम रखें।


**मकर:** व्यर्थ के कामों में समय बर्बाद होगा, नई जिम्मेदारी आने से व्यस्तता बढ़ेगी। यदि किसी नवीन कार्य के प्रति प्रयासरत हैं तो सफलता मिलेगी। संयम रखें।

**कुंभ:** राजकीय मामलों की अनदेखी से समस्या हो सकती है, भूमि भवन और वाहन खरीदने का मन बनेगा, आशातीत सफलता प्राप्त होगी। सतर्कता वांछनीय है।

**मीन:** बिना मांगे दूसरों को सलाह देनी भारी पड़ सकती है। आय व्यय में संतुलन बनाकर चलें। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी, दायित्वों की पूर्ति होगी।

## ज्योतिष जिज्ञासा : दिन- शुक्रवार, दिनांक- 7.8.2026

**आचार्य रघुवीर सिंह राठौर**
नया सरकंडा, बिलासपुर



आज का मुहूर्त होरा चौघड़िया, तिथि- नवमी, पक्ष- कृष्ण, नक्षत्र- कृतिका, करण- गर, योग- वृद्धि, राशि- वृषभ, सूर्योदय लग्न- कर्क, मुहूर्त राहूकाल- 10.55-12.33, यमघण्ट- 15.48-17.26, अभिजित- 12.06-12.59, होरा शुक्र- 6.01-7.06, बुध- 7.06-8.12, चंद्र- 8.12-9.17, शनि- 9.17-10.22, गुरू- 10.22-11.27, मंगल- 11.27-12.33, सूर्य- 12.33-13.38, शुक्र- 13.38-14.43, बुध- 14.43-15.48, चंद्र- 15.48-16.54, शनि- 16.54-17.59, गुरू- 17.59-19.04, दिन का चौघड़िया- चर- 6.01-7.39 शुभ, लाभ- 7.39-9.17 शुभ, अमृत- 9.17-10.55 शुभ, काल- 10.55-12.33 अशुभ, शुभ- 12.33-14.10 शुभ, रोग- 14.10-15.48 अशुभ, उदवेग- 15.48-17.26 अशुभ, चर- 17.26-19.04 शुभ।

## माथा-पच्ची

### शब्द पहेली - 3508



**बाएं से दाएं**
1. एक विवाह पद्धति-3 (उर्दू में)
3. घर-3
6. बीच का-3
7. शक्ति-2
8. वर्तमान, आज का दिन-2
9. नाक का एक गहना-3
10. मेवा-4
12. मनोरथ-3
14. मोचना-3
16. झगड़ा-4
18. भूमि-कर, राजस्व-3
20. एक शिकारी चिड़िया-2
21. कब्र की मिट्टी-2
22. असत्य, अमाही-3
24. प्रेमी, पति-3
25. एक कीड़ा जो जाल बुनता है-3

**ऊपर से नीचे**
2. ढेर-3
3. मध्य, बीच-2
4. अंग्रेजों के द्वारा दी जाने वाली आजीवन कैद-2,2
5. केश-2
6. मांगनेवाला-3
7. शक्तिशाली-4
8. आवारापन-3
10. लड़ाई-2
11. मुसलमान-3
13. अपनी ही सोचने वाला-4
14. इच्छा-2
15. मुस्लिम पढ़ते हैं-3
16. आश्रित-4
17. अनान----3
20. बच्चा-3
21. दशा, अवस्था-2
23. वर्ष-2

शब्द पहेली - 3507 का हल



■ जानुही ठी, बैकुण्ठ

### सू-दोकू नवताल - 3508

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
■ आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किन्हीं भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सू-दोकू 3507 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

# ग्लैमर

'बिग बॉस 20' सीजन के लिए निर्माता पुर्नजन्म की थीम पर काम कर रहे हैं। नए सीजन में पुराने प्रतियोगी शामिल हो सकते हैं। नेहा कक्कड़ और क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम सामने आ रहा है।

'बिग बॉस 20' का टीजर रिलीज हो चुका है। शो से जुड़े एक सूत्र ने दावा किया है कि इस सीजन में पुराने प्रतियोगियों की वापसी हो सकती है। इसके अलावा शाहरुख-सलमान का स्पेशल एपिसोड भी प्रसारित किया जा सकता है।

## 'करण-अर्जुन' थीम पर होगा 'बिग बॉस 20'

एक महीने बाद 6 सितंबर से सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' शुरू होगा। हाल ही में रिलीज हुए इसके टीजर में सलमान खान ने कहा- 'जो 'करण-अर्जुन' में हुआ था, वो अब दोबारा होगा...।' इसके बाद से ही यह चर्चा शुरू हुई कि सलमान ने आखिरी 'करण-अर्जुन' का जिक्र क्यों किया? साल 2015 में जब 'दिलवाले' के प्रमोशन के दौरान शाहरुख खान और सलमान खान ने 'बिग बॉस 9' का मंच साझा किया था, तब दोनों ने अपनी इस हिट फिल्म के यादगार पल दोबारा जिए थे।

■ **थीम पर चल रहा काम :** शो से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि इस बार 'करण-अर्जुन' का जिक्र सिर्फ एक डायलॉग तक सीमित नहीं, बल्कि यह इस पूरे सीजन का कॉन्सेप्ट हो सकता है। शो के 20वें सीजन में निर्माताओं ने 'रीबर्थ' यानी 'पुनर्जन्म' की थीम पर काम कर रहे हैं। इसी के इर्द-गिर्द पूरे सीजन की प्लानिंग की जा रही है। हालांकि, इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



■ **पहला ट्विस्ट- साथ आएंगे शाहरुख और सलमान? :** निर्माता एक सीजन में स्पेशल एपिसोड की तैयारी कर रहे हैं। कोशिश है कि किसी भी तरह शाहरुख और सलमान को एक बार फिर 'बिग बॉस' के मंच पर साथ लाया जाए। दोनों एक खास एपिसोड में साथ नजर आ सकते हैं। चर्चा है कि इसी मंच से शाहरुख की फिल्म 'किंग' से जुड़ा बड़ा एलान भी किया जा सकता है।

■ **दूसरा ट्विस्ट- पुराने कंटेस्टेंट्स को मिलेगा 'सेकंड चांस' :** इस बार कई पुराने और चर्चित कंटेस्टेंट्स की भी वापसी हो सकती है। ऐसे चेहरे जिन्होंने एक सीजन में खूब सुर्खियां बटोरीं, लेकिन ट्रॉफी से चूक गए या उनकी जर्नी अधूरी रह गई। प्लानिंग सिर्फ उनकी वापसी की ही नहीं, बल्कि उन्हें 'सेकेंड चांस' देने की भी तैयारी है।

■ **तीसरा ट्विस्ट- नेहा कक्कड़ और यूसुफ पठान जुड़ेंगे? :** सूत्रों की मानें तो 'पुर्नजन्म' की थीम सिर्फ पुराने खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहेगी। कंटेस्टेंट्स के चयन में भी इसी सोच को ध्यान में रखा जा रहा है। शुरुआती बातचीत में सिंगर नेहा कक्कड़ और क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी सामने आया है। माना जा रहा है कि नेहा के लिए यह एक नई शुरुआत हो सकती है। वहीं यूसुफ पठान के लिए भी यह क्रिकेट के बाहर नई पहचान बनाने का मौका हो सकता है।

■ **चौथा ट्विस्ट- दो गुटों में बंट सकता है घर :** शुरुआत से ही कंटेस्टेंट्स को दो बड़े गुटों में बांटने की योजना है। इससे पहले ही हफ्ते से गेम, गुटबाजी और टकराव तेज हो सकते हैं। ऐसे में पहले ही हफ्ते से घर में जंग छिड़ने के आसार हैं।

## 'चक दे...' गर्ल्स ने बनाई वायरल टिक-टॉक रील

इन दिनों एक टिक-टॉक रील 'तेरी गलियों में' काफी ट्रेंड कर रही है। इस रील को बॉलीवुड की हस्तियां भी रीक्रिएट कर रही हैं।

**अब** 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'चक दे इंडिया' फेम अभिनेत्री चित्रांशी रावत, सुरभि मेहता और तान्या अबरोल ने इस गाने पर रील बनाई, जिस पर फैंस ने भी अजब-गजब रिएक्शन दिए। चित्रांशी, सुरभि और तान्या के बीच बीते 20 साल से गहरी दोस्ती है। हाल ही में जब ये तीनों साथ आए तो, इन्हें देखकर फैंस नॉस्टैल्जिक हो गए। बता दें कि कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट के दौरान एक बार फिर वायरल हुई इस रील को हाल ही में अनुपम खेर और बोमन ईरानी ने भी रीक्रिएट किया था।



अभिनेता सनी देओल के सिनेमाई सफर को 43 साल पूरे हुए। साल 1983 में 5 अगस्त के दिन उनकी डेब्यू फिल्म 'बेताब' रिलीज हुई थी।

## 'बेताब' पर सनी बोले 'आपका प्यार मेरी ताकत'



इंडस्ट्री में 43 साल पूरे होने पर सनी देओल ने एक पोस्ट साझा की। फिल्म 'बेताब' की एक क्लिप साझा करते हुए सनी देओल ने लिखा, '43 साल पहले 'बेताब' से सिनेमा में मेरा सफर शुरू हुआ था। तब जो प्यार मुझे मिला और आज भी मिल रहा है, वही मेरी सबसे बड़ी ताकत रही है। इस सफर का हिस्सा रहे हर पल, हर फिल्म और हर इन्सान के प्रति मैं शुक्रगुजार हूं। आगे और भी कई वर्षों, नई कहानियों और ढेर सारे प्यार का इंतजार है।'

■ **बॉक्स ऑफिस पर किया था शानदार प्रदर्शन**
राहुल रवैल के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में शम्मी कपूर और प्रेम चोपड़ा भी नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई थी।

■ **'बंटवारा 1947' में नजर आएंगे सनी**
सनी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वे आगामी फिल्म 'बंटवारा 1947' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में उनके साथ प्रीति जिंटा नजर आएंगी। यह 14 अगस्त को रिलीज होने जा रही है।

## बुमराह की जगह नहीं, मुख्य टीम के हकदार थे नबी : जाफर



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह चोट के कारण बाहर होने के बाद मौका मिला है। इसपर पूर्व भारतीय ओपनर वसीम जाफर बोले, इतने शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें रिप्लेसमेंट के रूप में नहीं, बल्कि मूल टीम में जगह मिलनी चाहिए थी। जम्मू-कश्मीर से टेस्ट टीम में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बनने पर बधाई। मौका मिले तो वे साबित करना। नबी ने पिछले रणजी सीजन में 60 विकेट लिए हैं। एजेंसी

## एशियाड के लिए बॉक्सिंग टीम में होगा परिवर्तन

### बीएफआई ने तीन भार वर्गों में मांगी ट्रायल की मंजूरी



नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाली भारतीय मुक्केबाजी टीम में परिवर्तन की तैयारी कर ली गई है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने 19 सितंबर से होने जा रहे एशियाई खेलों के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और साई से मुक्केबाजी टीम में परिवर्तन की अनुमति मांगी है। बीएफआई एशियाई खेलों में पदकों की संभावनाओं को और ज्यादा प्रबल करने के लिए तीन भार वर्गों में फिर से ट्रायल कराना चाहता है। ये वह भार वर्ग हैं जिनमें राष्ट्रमंडल खेलों में कोई पदक नहीं मिला था। ग्लासगो में भारत ने सात स्वर्ण और तीन रजत समेत कुल 10 पदक जीते थे, लेकिन महिलाओं के 60 किलो में परवीन हुड्डा, पुरुषों के 70 किलो में सुमित कुंडू और 90 किलो में कपिल पोखरिया ने कोई पदक नहीं जीता था। बीएफआई ने इन्हीं तीनों भार वर्गों में ट्रायल की अनुमति मांगी है।

## मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी जीता

*मियामी। ए। लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप के बाद पहले दो गोल किये जिसकी मदद से इंटर मियामी ने लीग्स कप में एटलेटिको सान लुईस को 4-2 से हराया। बिजली कड़कने और बारिश के कारण दूसरे हाफ में मैच 30 मिनट के लिये रोकना पड़ा। मेस्सी ने 11वें और 44वें मिनट में गोल किये। उनके अब लीग्स कप में 12 मैचों में 14 गोल हो गए हैं। टेलास्को सेगोविया और डिफेंडर माइकल ने भी गोल दागे। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेस्सी अर्जेंटीना को फाइनल तक ले गए थे लेकिन स्पेन ने 1-0 से हराकर लगातार दूसरा खिताब जीतने का उनका सपना तोड़ दिया। मेस्सी का विश्व कप के बाद यह दूसरा मैच था। 39 बरस के मेस्सी शनिवार को कोलंबस क्रू के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में 37 मिनट स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर खेले थे। वह मैच 2-2 से ड्रॉ रहा था जिसमें मेस्सी गोल नहीं कर सके थे।*



## हॉकी विश्वकप सीरीज

### ओलंपिक पदक जीते 7 सितारों के पास दिग्गज बनने का मौका



नई दिल्ली। दो बार लगातार ओलंपिक कांस्य जीत चुकी भारतीय हॉकी टीम अब 15 अगस्त से शुरू हो रहे विश्वकप में भी अपनी छाप छोड़ना चाहती है। अबकी बार के दल में अनुभव और युवा जोश का अच्छा मिश्रण है। टीम में कप्तान हरमनप्रीत के साथ ऐसे सात सितारा खिलाड़ी हैं जो दो ओलंपिक पदक के साथ विश्वकप खिताब लेकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करना चाहते हैं। आइए जानते हैं किनके पास इस बार दिग्गज बनने का मौका है। -खेल डेस्क

08 दिन शेष

मनप्रीत सिंह मिडफील्डर 417 कैंप, 23 गोल, 5वां विश्वकप

हरमनप्रीत सिंह डिफेंडर, 264 कैंप, 220 गोल तीसरा विश्वकप

विवेक सागर : मिडफील्डर 194 कैंप, 22 गोल दूसरा विश्वकप

अमित रोहिदास : डिफेंडर 244 कैंप, 38 गोल तीसरा विश्वकप

सुमित : मिडफील्डर, 179 कैंप, 8 गोल, दूसरा विश्वकप

मंदीप सिंह : फॉरवर्ड, 288 कैंप, 125 गोल चौथा विश्वकप

हार्दिक सिंह : मिडफील्ड, 181 कैंप, 13 गोल, तीसरा विश्वकप

**13** खिलाड़ी ओलंपिक में कम से कम एक पदक जीत का अनुभव रखते हैं भारतीय दल में

04 खिलाड़ियों न केवल पेरिस और 02 ने टोक्यो में एक कांस्य जीता

07 खिलाड़ी करिअर का पहला बड़ा खिताब जीतना चाहेंगे

# फिजियो विवाद के बीच गिल फिर चोटिल

## 8 महीने में 10 भारतीय खिलाड़ियों को लगी चोट, नाराज बीसीसीआई ने शुरु की फिटनेस मानक बदलने की तैयारी

नई दिल्ली/कोलंबो। श्रीलंका में भारतीय क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। इन बृहस्पतिवार को अभ्यास के दौरान कप्तान शुभमन गिल को एक नहीं दो बार चोट लगी है, जिससे उनके अभ्यास मैच में नहीं खेलने की चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि इस पर टीम प्रबंधन ने बयान नहीं दिया है। लेकिन एक बार फिर भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ियों को बार-बार लग रही चोट का मुद्दा उठ गया है। दावा किया जा रहा कि टीम के सपोर्ट स्टाफ में कई बदलाव कर चुका भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) फिजियो कमलेश जैन को भी बाहर का रास्ता दिखा सकता है। एक रिपोर्ट में बीसीसीआई के बंगलूरु स्थित अपने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के फिटनेस मानकों में बड़े बदलाव की तैयारी का भी दावा है। कोलंबो के एनसीसी ग्राउंड पर भारतीय टीम के अभ्यास के दौरान बल्लेबाजी कर रहे शुभमन गिल के दाहिने हाथ के अंगूठे पर एक सीधी गेंद लगी। गिल दर्द से बिलखते दिखे, जिसके बाद उन्हें मेडिकल टीम ने आइसपैक लगाया। थोड़ी देर इलाज के बाद गिल वापस नेट्स पर लौटे, लेकिन फिर फील्डिंग प्रैक्टिस में भी गिल के हाथ में चोट लग गई और उन्हें दोबारा मेडिकल टीम के पास लौटना पड़ा। इसके बाद वे मैदान पर वापस नहीं आए। पिछले 8 महीने में भारतीय टीम के करीब 10 खिलाड़ी चोटिल हुए हैं, जिनमें जसप्रीत बुमराह, कप्तान शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, हर्षित राणा आदि शामिल हैं। खिलाड़ियों के बार-बार चोटिल होने पर इंग्लैंड-आयरलैंड में हार के बाद कप्तान गिल और हेड कोच गौतम गंभीर ने सरेआम नाखुशी भी जताई थी। एजेंसी



श्रीलंका में अभ्यास के दौरान कप्तान शुभमन गिल के अंगूठे में चोट लगी।

### बीसीसीआई ने कराई है आंतरिक समीक्षा

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिटनेस के स्तर में गिरावट और चोटिल खिलाड़ियों की लंबी होती सूची को बीसीसीआई ने आंतरिक समीक्षा में टीम के खराब प्रदर्शन का बड़ा कारण माना है और इसके लिए भारतीय टीम के फिजियो कमलेश जैन को जिम्मेदार मानते हुए हटाया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बाद सीओई के बुनियादी फिटनेस मानकों को बदलने का निर्णय लिया है।

### डब्ल्यूटीसी में यह भारत का पहला मुकाबला

श्रृंखला का पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 23 अगस्त से कोलंबो में होगा। पिछले दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 की निराशाजनक हार के बाद डब्ल्यूटीसी में यह भारत का पहला मुकाबला होगा। सारांश को घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन के आधार पर टीम में जगह मिली है।

### अब तक लागू नहीं हो सका ब्रोंको टेस्ट

पिछले साल बीसीसीआई ने टीम इंडिया के स्ट्रेंथ व कंडीशनिंग कोच के पद पर सोहम देसाई को हटाकर एड्रियन ले रूक्स को तैनात किया था, जो यो-यो टेस्ट की जगह नया ब्रोंको टेस्ट लाए थे। ब्रोंको टेस्ट के लिए कोई मानक मापदंड तय नहीं हुए। नतीजतन सीओई में अलग-अलग खिलाड़ियों के लिए यह टेस्ट अलग तरीके से कराया गया है।

### गंभीर बोले-15 अगस्त की सुबह हर जवाब तैयार रखे टीम

कोलंबो। भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले साफ लक्ष्य तय किया है। बीसीसीआई की तरफ से साझा किए वीडियो में गंभीर खिलाड़ियों से कह रहे हैं कि 15 अगस्त की सुबह हर चुनौती का जवाब तैयार रखना है। उन्होंने शुक्रवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय अभ्यास मैच का अधिकतम लाभ उठाने की अपील भी खिलाड़ियों से की। उन्होंने कहा, अगले कुछ दिन खुद को और ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित करो ताकि हम हर जवाब देने के लिए तैयार होकर श्रृंखला में उतरें। हम जानते हैं कि हमारे सामने क्या है। हम अधिक रन बना सकते हैं, हम अपनी सीमाओं को आगे बढ़ा सकते हैं, हम हर चुनौती का सामना कर सकते हैं और 15 तारीख की सुबह चाहे हम पहले बल्लेबाजी करें या पहले गेंदबाजी करें, हम हर सवाल का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार रहेंगे। इसलिए अब से सभी बातों का ध्यान रखना है। एजेंसी

### इन कारणों से सीओई पर भी उठ रहे हैं सवाल

**जसप्रीत बुमराह की फिटनेस-** सीओई की तरफ से बुमराह के श्रीलंका दौरे से पहले फिट होने का यकीन दिलाया गया, लेकिन फिर उन्हें अनफिट घोषित किया। माना जा रहा है कि सीओई प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर समेत शीर्ष अधिकारियों के बीच हुई वर्चुअल बैठक में आपसी कम्युनिकेशन में भ्रम पैदा हुआ।

**हर्षित राणा का वजन विवाद-** रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हर्षित राणा का वजन तीसरी टी-20 मैच से पहले 4 किलोग्राम अतिरिक्त पाया गया। सीओई ने उन्हें 97 किलोग्राम वजन पर फिट घोषित कैसे किया, जबकि उनका वजन 95 किलोग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसे लेकर भी सवाल उठा है। अब राणा का वजन 94 किलोग्राम पर है।

### फिटनेस मानक में होगा यह बदलाव

- चोटिल खिलाड़ी के फिट होने के बाद ज्यादा सख्त प्रक्रिया।
- दो अलग-अलग दिन दो बार ब्रोंको टेस्ट पास करना होगा।
- हर छह महीने में फिटनेस मूल्यांकन ब्रोंको टेस्ट से होगा।
- यदि कोई खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में शामिल होता है तो उसका भी टेस्ट होगा।
- ब्रोंको टेस्ट के रिजल्ट के आधार पर उस खिलाड़ी का निजी ट्रेनिंग शेड्यूल तय होगा।

### 8 माह में इनको लगी चोट

■ शुभमन गिल श्रीलंका में हाथ में गेंद लगने के कारण चोटिल हुए। ■ गिलइंग्लैंड में बल्लेबाजी के दौरान पैर में खिंचाव के कारण रिटायर हो गए थे। ■ गिल की गर्दन में पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में खिंचाव आ गया था। ■ गिल गर्दन के खिंचाव से वापस लौटे थे तो न्यूजीलैंड के खिलाफ पैर के अंगूठे में चोट लगी। ■ जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बाएं घुटने में खिंचाव का शिकार हुए। ■ साई सुदर्शन पैर के अंगूठे में चोट लगने के बाद फिट नहीं होने पर श्रीलंका दौरे से बाहर। ■ वॉशिंगटन सुंदर को इंग्लैंड दौरे पर दूसरे वनडे मैच के दौरान चोट लगी। ■ सुंदर पिछले साल न्यूजीलैंड सीरीज और टी20 विश्वकप की तैयारी में चोटिल हुए। ■ वरुण चक्रवर्ती इंग्लैंड दौरे पर चोट के बावजूद चुने गए पर बीच में ही चोटिल। ■ हर्षित राणा चोट के बाद इंग्लैंड दौरे पर टीम में लौटे पर बीच में ही चोटिल।

## खाइदेम जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान

नयी दिल्ली। ए। मिडफील्डर खाइदेम शैलेमा चानू चीन के मोकी में 30 अगस्त से 13 सितंबर तक होने वाले जूनियर एशिया कप में भारत की 18 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की कप्तानी करेंगी। टूर्नामेंट की तैयारी के लिये भारतीय टीम हाल ही में ब्रिटेन के दौरे से लौटी है। एशिया कप में मैचों का कार्यक्रम और पूल की जानकारी टूर्नामेंट शुरू होने के आसपास दी जायेगी। मुख्य कोच टिम व्हाइट ने कहा, "इन युवा खिलाड़ियों ने टीम में जगह बनाने के लिये जो प्रतिबद्धता और दृढ़ता दिखाई है, मुझे उस पर गर्व है। पिछले कुछ महीने में उन्होंने लगातार काम किया है और खेल के हर पहलू में सुधार किया है।"



**टीम**

गोलकीपर : निधि, एंजिल हर्षा रानी मिंज डिफेंडर : पूजा साहू, सुप्रिया, पूजा मलिक, पार्वती टोप्पो, मधु मिडफील्डर : खाइदेम शैलेमा चानू (कप्तान), तनुजा टोप्पो, बिनिमा धन, रोशनी इंद, गीता यादव फॉरवर्ड : लालरिंदुइ, पूर्णिमा यादव, सुखवीर कौर, कृष्णा शर्मा, सानिका माने, मधु सिंदार रिजर्व : एफ लालबियाक्सियामी, तनुश्री कादु।

## तीन भारतीय विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचे



यूजीन। ए। भालाफेंक खिलाड़ी आशीष यादव और टी धरणीधरन के साथ चक्काफेंक खिलाड़ी अमानत कम्बोज ने विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैम्पियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करके फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। यादव पुरूषों के भालाफेंक ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में 69.87 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे और कुल दूसरा स्थान हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के जान हेंडरिक हेमैंस 76.02 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। धरणीधरन 68.07 मीटर का थ्रो फेंककर बारहवें और आखिरी स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाई। भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा के नाम इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड है जिन्होंने 2016 में पोलैंड में 86.48 मीटर का थ्रो फेंका था। महिलाओं के चक्काफेंक में अमानत ने ग्रुप ए में 52.58 मीटर का थ्रो फेंककर छठा स्थान हासिल किया और कुल 12वें स्थान पर रहे। चीन की सु विशिन 58.06 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष रही। मोगली वेंकटराम पुरूषों के 800 मीटर सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि उविन आनंद बाहर हो गए। वेंकटराम ने पांचवीं हीट में एक मिनट 52.81 सेकंड का समय निकाला। आनंद पहली हीट में 30वें स्थान पर रहे।

## हॉकी विश्व कप 2026

## भारत को ड्रॉ पर रोक सकता है पाकिस्तान

लाहौर। ए। पाकिस्तान हॉकी टीम के मुख्य चयनकर्ता समीउल्लाह खान ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम 19 अगस्त को होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को ड्रॉ पर रोक सकती है। उन्होंने कहा कि बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले इस टूर्नामेंट में पहले दौर के पूल चरण से आगे बढ.ने के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होगा। पाकिस्तान ने बुधवार को विश्व कप (15 से 30 अगस्त) के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम आठ साल बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। समीउल्लाह ने कहा, "व्यावहारिक रूप से भारत को कम से कम ड्रॉ पर रोकना हमारे लिए अहम होगा। हमारे पास वेल्स को हराने की क्षमता है लेकिन सबसे मुश्किल प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड होगा जिसकी रैंकिंग काफी ऊंची है। वहीं एफआईएच रैंकिंग में हम फिलहाल 12वें स्थान पर हैं।" समीउल्लाह ने कहा कि मौजूदा घरेलू श्रृंखला में दक्षिण कोरिया के खिलाफ पाकिस्तान के हालिया प्रदर्शन ने टीम का आत्मविश्वास बढ.ाया है। पाकिस्तान ने चार मैच की टेस्ट श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ.त बना ली है। भारत भी पाकिस्तान के ग्रुप में शामिल है और समीउल्लाह को भरोसा है कि उनकी टीम भारत को ड्रॉ पर रोक सकती है।



### बेहतर प्रशिक्षण के लिए दो विदेशी भी टीम में शामिल

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान समीउल्लाह ने बताया कि टीम निदेशक और मुख्य कोच हरमन क्रुइस सीधे नीदरलैंड में टीम से जुड़ेंगे जहां वह टूर्नामेंट से पहले की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने क्रुइस की सहायता के लिए दो विदेशी कोच बॉब जोहान वेल्डहॉफ और क्रिस्टोफर बोवेन को भी शामिल किया है। समीउल्लाह के अनुसार टीम का चयन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और हाल में नियुक्त विदेशी कोचिंग स्टाफ ने मिलकर किया है।

## भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत 5 सितंबर को



| भारत/ नॉकआउट का कार्यक्रम | |
|---|---|
| दिन | बनाम |
| 30 अगस्त | थाइलैंड |
| 3 सितंबर | हांगकांग |
| 5 सितंबर | पाकिस्तान |
| 10-11 सितंबर | सेमीफाइनल |
| 13 सितंबर | फाइनल |

(सभी मैच 6:30 बजे से)

दुबई। महिला एशिया क्रिकेट कप 30 अगस्त दुबई में शुरू होने जा रहा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने 5 सितंबर को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला करेगी। आठ टीमें इस टूर्नामेंट की शुरुआत हांगकांग और थाइलैंड के मुकाबले से होगी। वहीं, फाइनल 13 सितंबर को खेला जाएगा। सभी मुकाबले दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, थाइलैंड, हांगकांग और चीन के साथ है। ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और इंडोनेशिया की टीमें हैं।

### अफ्रीका दौरे पर टेस्ट, वनडे के साथ टी-20 भी खेलेगी टीम

जोहान्सबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बृहस्पतिवार को भारत की महिला टीम के इस साल के दौरे के कार्यक्रम में बदलाव कर टेस्ट और तीन वनडे के अलावा तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी शामिल कर लिए हैं। पहले 9 से 12 दिसंबर तक टेस्ट, फिर 16 से 22 दिसंबर तक तीन वनडे और इसके बाद 26 से 30 दिसंबर तक तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे।

## पाक ने खत्म किया विदेशी सरजमीं पर हार का क्रम



पोर्ट ऑफ स्पेन। ए। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज. को दूसरे टेस्ट मैच में बुधवार को यहां आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर विदेशी सरजमीं पर टेस्ट क्रिकेट में लगातार आठ हार के सिलसिले को समाप्त करने के साथ दो मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। पहली पारी में शतक लगाने वाले अब्दुल्ला शफीक और कप्तान के रूप में दोबारा नियुक्ति के बाद अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला खेल रहे बाबर आजम ने नाबाद 24-24 रन बनाकर पाकिस्तान को चौथे दिन दोपहर के लंच के बाद स्कोर को दो विकेट पर 77 तक पहुंचा कर टीम को जीत दिला दी। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 117 रन पर सिमट गई, जिससे पाकिस्तान को जीत के लिए केवल 75 रन का लक्ष्य मिला।

**उपलब्धि** सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने में कपिल के रिकॉर्ड से सिर्फ एक विकेट दूर हैं स्टार्क

## शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में जगह बनाना गर्व : स्टार्क

### स्टार्क ने 105 टेस्ट मैचों में 433 विकेट लिए हैं, जबकि कपिल देव के नाम 434 विकेट हैं दर्ज



मेलबर्न। ए। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में भारत के महान कप्तान कपिल देव की बराबरी से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। स्टार्क ने कहा टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में जगह बनाना उनके लिए गर्व की बात है। स्टार्क ने 105 टेस्ट मैचों में 433 विकेट लिए हैं, जबकि कपिल देव के नाम 434 विकेट दर्ज हैं। 13 अगस्त से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में उनके पास कपिल को पीछे छोड़ने के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन (439 विकेट) से भी आगे निकलने का मौका होगा। इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर स्टार्क ने 'ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस' से कहा, "इसका मतलब है कि मैंने काफी क्रिकेट खेल ली है।" उन्होंने कहा, "कपिल देव और डेल स्टेन जैसे महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम लिया जाना बेहद सम्मान की बात है। जब तक आप खेल रहे होते हैं, तब तक ऐसे आंकड़ों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। मैं अभी भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा हूं।"

### डब्ल्यूटीसी चक्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं स्टार्क

*विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र में स्टार्क सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने आठ मैचों में 46 विकेट हासिल किए हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की सूची में उनसे आगे शेन वार्न (708), नाथन लियोन (567) और ग्लेन मैक्ग्रा (563) हैं।*

### चुनौतियों का लगातार सामना करने अपनी फिटनेस पर की कड़ी मेहनत

*इस 36 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्होंने अपनी फिटनेस पर लगातार मेहनत की है। स्टार्क इस साल आईपीएल में कुछ मैच खेलने के बाद मैदान पर नजर नहीं आए हैं। उन्होंने कहा, "जब आप 36 साल के होते हैं और 16 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे होते हैं, तो उम्मीद रहती है कि आपने अपने खेल में कुछ न कुछ सुधार जरूर किया होगा।"*

## विश्व चैंपियनशिप की तैयारी गुवाहाटी में करेंगे लक्ष्य सेन

नई दिल्ली। लक्ष्य सेन विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप की खास तैयारी गुवाहाटी में करेंगे। विश्व चैंपियनशिप दिल्ली के आईजी स्टेडियम में हो रही है। वर्ष की शुरुआत में इंडिया ओपन भी इसी स्टेडियम में हुआ था। यहां देश के नंबर एक शटलर लक्ष्य का सफर शानदार रहा था, पर क्वार्टर फाइनल में चुन यी लिन के हाथों हार गए थे। तब मुकाबले में कोर्ट के एक ओर एसी से आने वाली हवा से लक्ष्य तालमेल नहीं बिठा पाए थे। इस दिक्कत से निपटने की तैयारी के लिए लक्ष्य ने बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को चुना है। यह सेंटर बड़ा व आईजी स्टेडियम की ही तरह गोल है। लक्ष्य बृहस्पतिवार को गुवाहाटी पहुंच गए हैं।

# 2030 तक 30% होगी ईवी की हिस्सेदारी

## नीति आयोग ने जारी किया ईवी इंडेक्स, बैटरी-चार्जिंग नेटवर्क पर जोर

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने की दिशा में नीति आयोग ने इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स जारी किया है। इसके साथ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया: 200 अरब डॉलर का अवसर रिपोर्ट भी प्रकाशित की गई है। इसका उद्देश्य राज्यों की ईवी तैयारियों का आकलन करना, चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार, बैटरी विनिर्माण को बढ़ावा देना और देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने की रणनीति तैयार करना है।



रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2030 तक नई वाहन बिक्री में 30 फीसदी हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। अनुमान है कि ईवी क्षेत्र अगले कुछ वर्षों में 200 अरब डॉलर का आर्थिक अवसर पैदा कर सकता है। इससे बैटरी निर्माण, चार्जिंग स्टेशन, कलपुर्जा निर्माण और सेवा क्षेत्र में लाखों नए रोजगार पैदा होंगे। आयोग ने बैटरी निर्माण, पुनर्चक्रण, सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के विस्तार और स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया है। एजेंसी

**बाजार में लोकप्रिय 10 इलेक्ट्रिक कारें**

| कार | एक बार चार्ज पर रेंज |
|---|---|
| टाटा टियागो ईवी | 315 किमी |
| टाटा पंच ईवी | 421 किमी |
| एमजी विंडसर ईवी | 332 किमी |
| टाटा नेक्सन ईवी | 465 किमी |
| महिंद्रा एक्सयूवी 400 ईवी | 456 किमी |
| टाटा कर्व ईवी | 502 किमी |
| एमजी जेडएस ईवी | 461 किमी |
| महिंद्रा बीई6 | 683 किमी |
| मारुति ई-विटारा | 500 किमी (अनुमानित) |
| किआ ईवी6 | 663 किमी |

# रूस : मौत के मुआवजे के लिए सैनिकों से शादी कर रहीं महिलाएं

## घायल सैनिकों से शादी के मामले बढ़े, अस्पताल और सेना पर भी मिलीभगत के आरोप

**मॉस्को।** यूक्रेन से युद्ध के बीच रूस में एक नया घोटाला सामने आया है। सीएनएन की रिपोर्ट के कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां महिलाएं युद्ध पर जा रहे सैनिकों से जल्दबाजी में शादी कर रही हैं और उनकी मौत के बाद मिलने वाला सरकारी मुआवजा हड़प जा रही है। रूसी मीडिया और अधिकारियों के बीच ऐसी महिलाओं के लिए ब्लैक विडो शब्द प्रचलित हो गया है।

रूस में हाल के महीनों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें सैनिकों ने मोर्चे पर जाने से ठीक पहले या अस्पताल में मौत से पहले शादी की। इस पूरे घोटाले में सिर्फ महिलाएं व युवतियां ही नहीं, अस्पताल से लेकर सेना तक पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। सबसे चर्चित मामला एक सैन्य अस्पताल में कार्यरत नर्स का है, जिस पर आरोप है कि उसने इलाज करा रहे पांच घायल सैनिकों से अलग-अलग समय पर शादी की। वह सैनिकों की मौत के बाद उनका मुआवजा लेना चाहती थी। मामला सामने आने के बाद



उसे नौकरी से निकाल दिया गया। सीएनएन ने रूस के तोम्स्क शहर के एक रियल एस्टेट पॉडकास्ट का भी हवाला दिया, जहां एक महिला एजेंट ने खुले तौर पर हंसते हुए कहा था, फ्लैट खरीदना आसान है... विशेष सैन्य अभियान में लड़ रहे किसी सैनिक को ढूंढो, उससे शादी करो और जब वह मारा जाएगा तो तुम्हें 8 मिलियन रूबल मिलेंगे। एजेंसी

### *पिता की मौत के बाद बेटी को पता चला-दो दिन पहले हुई थी शादी*

*सेंट पीटर्सबर्ग की रहने वाली 37 वर्षीय मारिया ने सीएनएन को बताया कि जब उनके 59 वर्षीय पिता यूरी की यूक्रेन युद्ध में मौत हुई, तब मिलिट्री अधिकारियों से उन्हें पता चला कि उनके पिता ने मोर्चे पर जाने से ठीक दो दिन पहले अपने से 22 साल छोटी एक अनजान महिला से गुपचुप शादी कर ली थी। इस फर्जी शादी के कारण सरकार से मिलने वाला सारा मुआवजा (डेथ पेआउट) उस अनजान महिला को मिल गया। मारिया का आरोप है कि उनके पिता के साथ धोखा हुआ।*

**सैनिक की मौत पर रूस में मिलती है 62 लाख रुपये की मदद :** रूस में युद्ध में मारे गए सैनिक के परिवार को सरकार की ओर से कम से कम 50 लाख रूबल (करीब 62 लाख भारतीय रुपये) की एकमुश्त मदद मिलती है। कई अन्य भुगतान और बीमा जोड़ दिए जाएं तो यह रकम और भी ज्यादा हो जाती है। इसी के लालच में महिलाएं अकेले, बुजुर्ग या कमजोर सैनिकों को शादी के लिए फंसाती हैं।

**युद्ध शुरू होने के बाद शादी के नियम हुए आसान :** 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस ने सेना में भर्ती होने वाले लोगों के लिए शादी के नियम आसान कर दिए। आमतौर पर रूस में शादी के लिए आवेदन देने के बाद कुछ समय इंतजार करना पड़ता है, लेकिन युद्ध के दौरान इस प्रक्रिया में छूट दे दी गई। नए सैनिक चाहें तो भर्ती के तुरंत बाद शादी कर सकते थे। सरकार का मानना था कि इससे सैनिकों को परिवार का सहारा मिलेगा।

## न्यूज डायरी

### उड़ान में आपातकालीन गेट खोलने की कोशिश, यात्री हुआ गिरफ्तार

**कोच्चि।** कुआलालंपुर से कोच्चि आ रही बाटिक एयर की उड़ान ओडी-231 में बुधवार रात एक यात्री ने आपातकालीन निकास द्वार खोलने की कोशिश की। आरोपी ने निकास द्वार से छेड़छाड़ करने के साथ खिड़की का पैनल भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे केबिन के भीतर हवा के दबाव में बदलाव होने लगा और यात्री घबरा गए। बाद में हालात को संभाला गया। विमान की लैंडिंग के बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। एजेंसी

### 12 अगस्त को पूर्ण सूर्यग्रहण का सीधा प्रसारण करेगा नासा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा 12 अगस्त को होने वाले पूर्ण सूर्यग्रहण का सीधा प्रसारण करेगी। भारतीय समयानुसार रात 10:45 बजे इसका प्रसारण शुरू होगा। भारतीय दर्शक नासा विज्ञान पोर्टल या नासा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल के माध्यम से घर बैठे इस दुर्लभ खगोलीय घटना का आनंद ले सकते हैं। इस दौरान ग्रहण के सभी प्रमुख चरणों का सीधा दृश्य, वैज्ञानिकों की जानकारी और अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़े तथ्य भी साझा किए जाएंगे। एजेंसी

### नेपाल की संसद में अब काला चश्मा नहीं पहन सकेंगे सांसद

**काठमांडू (अतुल मिश्र)।** पीएम बालेंद्र शाह के काला चश्मा व काला कोट पहनने पर हाल के दिनों में उपजे विवाद के बीच संसद के सभापति ने सभी दलों को अपने सांसदों की पोशाक और आचरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। सभापति ने कहा कि सभी सांसदों की पोशाक नेपाली परंपरा व संस्कृति के अनुरूप होना चाहिए। जुलाई 2026 में नेपाली कांग्रेस के नेता भीमराज ने सरकार की आलोचना करते हुए व्यंग्य में कहा था कि क्या यह देश केवल काला चश्मा, काला कोट और काली गाड़ियों में चलने वालों का है।

### 70 लाख राष्ट्रीय ध्वज बांटे जाएंगे : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता। ए।** पश्चिम बंगाल सरकार स्वतंत्रता दिवस से पहले 70 लाख राष्ट्रीय ध्वज वितरित करेगी। मुख्यमंत्री शुभेंदु



अधिकारी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि राज्य इस साल पहली बार केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हो रहा है। शुभेंदु ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत तिरंगे सभी जिलों, अनुमंडलों, नगरपालिकाओं और प्रखंडों में वितरित किए जाएंगे।

### लोकसभा सदस्यों के आवास संबंधी संसदीय समिति के पुनर्गठन का इंतजार

**नई दिल्ली। ए।** लोकसभा सदस्यों के आवास तथा उनसे संबंधित सुविधाओं से जुड़े मामलों को देखने वाली संसद की एक महत्वपूर्ण समिति का पुनर्गठन अभी नहीं हो सका है, जबकि इसका एक वर्षीय कार्यकाल एक महीने पहले समाप्त हो गया था। लोकसभा की आवास समिति का कार्यकाल तीन जुलाई को समाप्त हो गया था, लेकिन इसका पुनर्गठन अभी तक नहीं किया गया है। इस समिति का गठन वर्ष 2024 में एक वर्ष के कार्यकाल के लिए किया गया था। इसके बाद वर्ष 2025 में इसका पुनर्गठन किया गया था जिसके अध्यक्ष महेश शर्मा हैं और इसमें कांग्रेस के के. सुरेश तथा तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी समेत अन्य सदस्य हैं।

आवास समिति दिल्ली में सांसदों के लिए आवास तथा उससे संबंधित सुविधाओं के मामलों को देखती है।

# पहाड़ों पर रास्ते बंद, एनसीआर में जाम

**भूस्खलन व बारिश से बढ़ी मुसीबत :** उत्तराखंड में बदरीनाथ हाईवे 10 घंटे बंद, केदारनाथ मार्ग पर वाहन मलबे में फंसे | हिमाचल में 120 सड़कें ठप, दिल्ली-गुरुग्राम में सैकड़ों वाहन ठहरे, प्रतापगढ़ में 100 साल पुराना मकान गिरने से 6 की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली/गुरुग्राम/शिमला/देहरादून।** उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में लगातार हो रही मानसूनी बारिश और पहाड़ों पर भूस्खलन ने मुसीबत बढ़ा दी है। उत्तराखंड में 132 और हिमाचल प्रदेश में 120 समेत 250 से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश के बाद सड़कों पर पानी भरने से लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। वहीं, यूपी के प्रतापगढ़ में बारिश के कारण 100 साल पुराना मकान ढहने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।




उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर भूस्खलन से गिरा मलबा।




नई दिल्ली में बारिश के बाद अक्षरधाम पर लगा भीषण जाम।

उत्तराखंड में लगातार बारिश के चलते चमोली जिले में हेलंग के पास पहाड़ी से मलबा और बड़े पत्थर गिर गए। इससे बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग करीब 10 घंटे तक बंद रहा। वहीं, रुद्रप्रयाग के तिलवाड़ा क्षेत्र में पहाड़ से मलबा और तेज पानी केदारनाथ हाईवे पर आ गया, जिससे कई वाहन कीचड़ और चट्टानों के मलबे में फंस गए। खराब मौसम को देखते हुए देहरादून, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पौड़ी गढ़वाल जिलों में आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ 12वीं तक के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। हिमाचल में किन्नौर के निगुलसरी में पहाड़ी से भारी मलबा और चट्टानें गिरने से एनएच-5 करीब 11 घंटे तक बंद रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार प्रदेश में 120 सड़कें, 39 बिजली ट्रांसफार्मर और 60 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं।

### गुरुग्राम में वर्क फ्रॉम होम की अपील

**60 मिमी बारिश हुई दिल्ली में गुरुग्राम में 117 मिमी गिरा पानी**

दिल्ली और गुरुग्राम में बृहस्पतिवार सुबह हुई भारी बारिश से दिल्ली-जयपुर हाईवे, धौलाकुआं, कालिंदी कुंज, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ग्रीन पार्क, एम्स और कई अन्य मार्गों पर पानी भरने से घंटों वाहन रेंगते रहे। गुरुग्राम पुलिस ने हालात देखते हुए निजी कंपनियों से वर्क फ्रॉम होम की सुविधा देने की अपील की है।

**असम में अब तक 95 लोगों की मौत :** असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। 6 और लोगों की मौत के बाद इस मानसून सीजन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 95 हो गई है। राज्य के 1.6 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

### 15 राज्यों में आज बारिश का यलो अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को यूपी, बिहार, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर समेत 15 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। वहीं, पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन की चेतावनी है। विभाग की ओर से किसानों और मछुआरों को सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह दी गई है।

# डोंगरगढ़ भाजपा शहर मंडल के 5 पदाधिकारियों को दिखाया गया बाहर का रास्ता



**नवभारत ब्यूरो। राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ भाजपा में पार्टी के कार्यकर्ताओं और भाजपा नेताओं ने लंबे समय से चल रही खींचतान के बीच प्रदेश भाजपा ने बड़ा निर्णय लिया है। एक तरफ जहां डोंगरगढ़ शहर मंडल कार्यसमिति भंग कर दी गई है, वहीं दूसरी तरफ अनुशासनहीनता के आरोप में पांच भाजपा नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इतना ही नहीं, इनकी 6 वर्षों के लिए सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर डोंगरगढ़ शहर मंडल कार्यसमिति को तुरंत प्रभाव से भंग कर दिया गया है। प्रदेश महामंत्री डॉ नवीन मारकंडे ने इस आशय का आदेश जारी किया है। जिन नेताओं पर सोशल मीडिया में अभियान चलाकर पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करने का आरोप है, वह सभी बाहर किए गए हैं। इनमें वीरेंद्र साहू, अनिल पांडे, परविंदर सिंह, मोंटी और प्रिंस कक्कड़ शामिल हैं। दरअसल, डोंगरगढ़ शहर में मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए लगातार इस्तीफा दे रहे थे। तकरीबन 150 भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दे दिया था। हालांकि भाजपा नेताओं के मान-मनौव्वल के बाद कुछ नेताओं की इस्तीफे वापस कर लिए गए थे, लेकिन खींचतान खत्म नहीं हुई थी। इसके कारण ही यह गाज गिरी है। भाजपा के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने साफ शब्दों में कहा है कि डोंगरगढ़ में जिस तरह से कुछ दिनों से गतिविधियां पार्टी के भीतर चल रही थी। वह ठीक नहीं थी। पार्टी के भीतर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**प्रदेश महामंत्री ने भंग की कार्यकारिणी, लंबे समय से चल रहा था विवाद**

# चार दिग्गजों ने छोड़ा गूगल, रिसर्च आधारित एआई स्टार्टअप शुरू किया

## गूगल भी रहेगा हिस्सेदार, खबर आते ही 4 फीसदी तक गिरे अल्फाबेट के शेयर

संवाद न्यूज एजेंसी। वाशिंगटन।

गूगल को बड़ा झटका देते हुए उसके चार दिग्गज वैज्ञानिकों जेफ डीन, संजय घेमावत, ओरिओल विन्याल्स और क्वोक ले ने कंपनी छोड़कर डिस्कवरी लूप नामक नया एआई स्टार्टअप शुरू किया है। यह कंपनी वैज्ञानिक अनुसंधान और इंजीनियरिंग को स्वचालित करने पर केंद्रित है। खबर सामने आते ही गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के शेयर चार फीसदी तक गिर गए। डिस्कवरी लूप सिर्फ एक और चैटजीपीटी जैसा चैटबॉट बनाने वाली कंपनी नहीं होगी।

इसका मकसद एआई की मदद से वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग रिसर्च को तेज करना है। कंपनी ऐसे एआई सिस्टम तैयार करना चाहती है जो कई स्टेप वाले रिसर्च और इंजीनियरिंग के काम को काफी हद तक अपने आप पूरा कर सकें। यानी नई दवाएं खोजने, नई सामग्री विकसित करने, हार्डवेयर डिजाइन करने और दूसरे वैज्ञानिक कामों में एआई की मदद ली जा सके। दिलचस्प ये है कि गूगल भी इसमें इन्वेस्टर के तौर पर हिस्सेदारी रखेगा।

**जेफ डीन का जाना सबसे बड़ा झटका :** गूगल से जेफ डीन का जाना सबसे बड़ी खबर मानी जा रही है। उन्होंने 1999 में कंपनी जॉइन की थी। गूगल सर्च को बड़े स्तर पर चलाने वाली कई अहम तकनीकों को बनाने में उनका बड़ा योगदान रहा। उन्होंने गूगल ब्रेन की भी शुरुआत की और एआई रिसर्च को आगे बढ़ाया। **पहले से ही एआई टैलेंट की कमी से जूझ रहे गूगल की बढ़ी चिंता :** यह बदलाव ऐसे समय पर हुआ है जब गूगल पहले से एआई टैलेंट को बचाए रखने की चुनौती का सामना कर रहा है. पिछले कुछ महीनों में नोआम शजीर, जॉन जंपर और दूसरे कई बड़े एआई रिसर्चर्स भी गूगल छोड़ चुके हैं या दूसरी कंपनियों में चले गए हैं। ओपनएआई, एंथ्रोपिक और मेटा जैसी कंपनियां एआई विशेषज्ञों को आकर्षित करने के लिए बड़ी सैलरी और इक्विटी ऑफर कर रही हैं।



ग्रुप फोटो में बाएं से दाएं (जेफ, संजय, विंस्याल व ले)

### नई खोज-नए प्रयोगों पर चरणबद्ध तरीके से काम करेगी डिस्कवरी लूप

डिस्कवरी लूप वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग रिसर्च पर काम करेगी। इसके तहत कंपनी मौजूदा वैज्ञानिक रिसर्च पेपर्स को पढ़ेगी। इसके बाद वह उन क्षेत्रों की पहचान करेगी जहां नई खोज की संभावना है और एक नया वैज्ञानिक विचार या नई थ्योरी तैयार हो सकती है। विचार को साबित करने के लिए एआई खुद ही प्रयोग की रूपरेखा भी तैयार करेगा। कंप्यूटर विज्ञान में यह खुद कोड लिखेगा और वैज्ञानिक भाषा में खुद रोबोटिक आर्म्स को निर्देश देगा। यदि परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं आते, तो एआई अपनी गलती से सीखकर तुरंत नया हाइपोथिसिस बनाएगा और चक्र को दोबारा शुरू करेगा।

### कोटा में बीता संजय का बचपन, कंप्यूटर साइंस में की पीएचडी

भारतवंशी संजय घेमावत का जन्म 1966 में वेस्ट लाफायेट, इंडियाना (अमेरिका) में हुआ था। उस समय उनके पिता महीपाल वहां की पर्ड्यू यूनिवर्सिटी से पीएचडी की पढ़ाई कर रहे थे। पिता की पढ़ाई पूरी होने के बाद उनका परिवार भारत लौट आया। स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद वे उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चले गए।

- उन्होंने कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से 1987 में अपनी बैचलर डिग्री पूरी की और एमआईटी (मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) से 1990 में मास्टर्स और 1995 में कंप्यूटर साइंस में पीएचडी पूरी की। संजय ने कुछ समय डिजिटल इक्विपमेंट कॉर्पोरेशन की रिसर्च लैब में काम किया, जहां उनकी मुलाकात जेफ डीन से हुई और फिर 1999 में वे गूगल से जुड़े।

# चड्ढा ने डॉक्टरों-डायग्नोस्टिक सेंटरों के कट मनी का मुद्दा रास में उठाया

**कहा- मरीजों को जांच के लिए भेजने के बदले डॉक्टरों को मिलता है तय कमीशन**

**इससे चिकित्सा खर्च 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ सकता है**

**नई दिल्ली। ए।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गुरुवार को संसद में कुछ डॉक्टरों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के बीच कथित कट मनी या रेफरल कमीशन के चलन पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस अनौपचारिक व्यवस्था का आर्थिक बोझ आखिरकार मरीजों को ही उठाना पड़ता है। शून्यकाल के दौरान राज्यसभा में राघव चड्ढा ने कहा कि कुछ डॉक्टरों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के बीच ऐसा तंत्र विकसित हो गया है, जिसमें मरीजों को जांच के लिए भेजने के बदले डॉक्टरों को तय कमीशन दिया जाता है।



उन्होंने कहा, मैं कुछ डॉक्टरों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के बीच रेफरल इंसेंटिव और कट मनी की व्यवस्था का मुद्दा उठा रहा हूं। यह एक अनौपचारिक व्यवस्था बन चुकी है। मरीज का इलाज करने के लिए नहीं, बल्कि उसे रेफर करने के लिए डॉक्टर को 3,000 रुपये तक दिए जाते हैं। इसके लिए तय कमीशन रेट, एजेंट और समानांतर इंसेंटिव इकोनॉमी काम कर रही है।

### मेडिकल टेस्ट कराने से पहले इसे जरूर देखें

बाद में राघव चड्ढा ने अपने भाषण का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, आज संसद में मैंने कुछ डॉक्टरों और डायग्नोस्टिक सेंटरों/पैथोलॉजी लैब के बीच कट मनी व्यवस्था का मुद्दा उठाया। डायग्नोस्टिक सेंटर इसे मार्केटिंग एक्सपेंस कहते हैं, डॉक्टर इसे रेफरल कमीशन कहते हैं, लेकिन आखिरकार इसका पूरा बोझ मरीज के अस्पताल के बिल में जुड़ जाता है।

# संख्या बढ़ने से इंसानों के बीच पहुंच रहे बाघ

संवाद न्यूज एजेंसी। हल्द्वानी।

कार्बेट टाइगर रिजर्व में बाघों की लगातार बढ़ती संख्या अब नए क्षेत्रों तक उनके पहुंचने का कारण बन रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, रिजर्व की सीमित धारण क्षमता और भोजन-क्षेत्र पर बढ़ते दबाव के चलते बाघ मैदानी इलाकों के साथ पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं।

इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। सेवानिवृत्त डीएफओ बलवंत सिंह शाही के अनुसार, वर्ष 1973 में कार्बेट में बाघों की संख्या करीब 40 थी, जो बढ़कर 2022 में 266 हो गई। हर गणना में संख्या बढ़ने से अनुमान है कि अगली गणना में भी यह आंकड़ा बढ़ सकता है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि नर बाघ अपना क्षेत्र सुरक्षित रखने के लिए कई किलोमीटर तक विचरण करते हैं। पर्याप्त शिकार न मिलने पर वे नए इलाकों की ओर बढ़ जाते हैं। यही कारण है कि अब अल्मोड़ा के बिनसर, जागेश्वर और बागेश्वर के सुंदरढूंगा क्षेत्र तक बाघों की मौजूदगी दर्ज की जा रही है।



**1973 में 40 के मुकाबले अब कार्बेट में 266 बाघ**

# कांकेर में भाई-बहन की जान लेने वाले भालू की भी मौत

**ट्रैंक्विलाइजर गन बेहोश होने से पहले ही लोगों ने लाठी-डंडे से कर दिया था हमला**

**नवभारत ब्यूरो। कांकेर।**

नरहरपुर वन परिक्षेत्र के लारगांव मरकाटोला में पूर्व उपसरपंच हलालखोर जुर्री और उनकी बहन चमरीन बाई की जान लेने वाले भालू को भी वन विभाग नहीं बचा सका। रायपुर से पहुंची विशेषज्ञ टीम ने ट्रैंक्विलाइजर गन से भालू को बेहोश कर काबू में तो कर लिया, लेकिन इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा भालू पर फूट पड़ा। वायरल वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहा है कि भालू के पूरी तरह बेहोश होने से पहले ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और टंगिया से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। इसके बाद उसे पिंजरे में डालकर रायपुर ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि बेहोश होने से पहले ही भालू पर लगातार हमला कर दिया गया था, जबकि वन विभाग का कहना है कि पोस्टमार्टम में भालू में रेबीज संक्रमण के संकेत मिले हैं, लेकिन घटना का वायरल वीडियो कई सवाल खड़े कर रहा है।

# जेन-जी तक पहुंचने के लिए स्नैपचैट पर आया विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने देश की युवा और तकनीक-प्रेमी पीढ़ी यानी जेन-जी तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए लोकप्रिय विजुअल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म स्नैपचैट पर अपना अकाउंट शुरू किया है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। अपने संदेश में उन्होंने लिखा-हम अब स्नैपचैट पर हैं, हमें जोड़ें और विशेष कहानियों, अपडेट्स, आकर्षक सामग्री और बहुत कुछ के लिए जुड़े रहें, आइए स्नैपचैट पर हमसे जुड़ें। इसके साथ साझा एक संक्षिप्त वीडियो में एक अधिकारी ने कहा- आप हमें एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और लिंकडइन पर फॉलो करते रहे हैं।

**कार्रवाई** | **बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, इनमें 7 बच्चे नाबालिग**

# कवर्धा के भूखे-प्यासे 16 बच्चों का दुर्ग में रेस्क्यू

**एक संदिग्ध हिरासत में, सभी नाबालिगों को भेजा आश्रय गृह**

**नवभारत ब्यूरो। दुर्ग।**

जिले में बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य बाल आयोग, एसजेपीयू (स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट) दुर्ग और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने 16 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। इनमें 7 बच्चे नाबालिग बताए गए हैं। कुछ बच्चों के पास आधार कार्ड था, जबकि कुछ ने अपनी उम्र मौखिक रूप से बताई। सभी बच्चे कबीरधाम जिले के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। बच्चों को कथित तौर पर बाल श्रम के लिए बस से ले जाया जा रहा था। इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अब बच्चों से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। बुधवार शाम करीब 7 बजे एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन ने राज्य बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा को सूचना दी कि रायपुर से कुछ बच्चों को बस के



जरिए बाल श्रम के लिए दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही बाल आयोग ने एसजेपीयू दुर्ग और चाइल्ड हेल्पलाइन को अलर्ट किया। रात 8:30 बजे संदिग्ध बस को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान बस में 16 बच्चे मिले। बस स्टैंड पर बच्चों को लेने पहुंचे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उसकी भूमिका ठेकेदार या नियोक्ता के रूप में होने की आशंका है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चे सुबह से भूखे-प्यासे थे। उन्हें सुरक्षित निकालने के बाद सबसे पहले भोजन कराया गया। इसके बाद नाबालिग बच्चों को सुरक्षित आश्रय गृह में रखा गया है।

### रायपुर में काम दिलाने की बात कह दुर्ग ले गए

पूछताछ में सामने आया कि बच्चों से पहले रायपुर में काम दिलाने की बात कही गई थी, जिसके बाद उन्हें दुर्ग भेजा गया। कई बच्चों ने बताया कि उन्हें यह तक नहीं पता था कि दुर्ग में कहां जाना है। कुछ बच्चों ने यह भी बताया कि उन्हें उत्तर प्रदेश ले जाकर 15 हजार रुपए मासिक वेतन पर काम दिलाने का झांसा दिया गया था। कुछ बच्चों ने मशरूम फैक्ट्री में काम कराने की बात भी कही, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उन्हें दुर्ग में ही काम कराया जाना था या किसी अन्य राज्य भेजने की तैयारी थी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

**कबीरधाम जिले की टीम से जांच प्रतिवेदन-** जिला महिला और बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि रेस्क्यू किए बच्चों को कचांदुर के आसपास मॉडर्न एग्रो में मशरूम उत्पादन कार्य के लिए ले जाया जा रहा था। इसकी पूछताछ के लिए कवर्धा की चाइल्ड लाइन टीम बच्चों के घरों में जाकर वस्तुस्थिति का पता लगाएगी। उन्होंने कहा कि टीम से जांच प्रतिवेदन मांगा जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिलासपुर
शुक्रवार, 07 अगस्त 2026
नवभारत
# न्यायधानी
E-mail : nbbilaspur@gmail.com
www.navabharat.news



अंदर के पन्नों में
- धर्म-समाज
- मुंगेली- जीपीएम
- आसपास
- राजनीति-खेल
06

## तापमान/मौसम

सूर्योदय सुबह 5:40
सूर्यास्त शाम 6:40
31°
24°
एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा।

## न्यूज़ कैप्सूल

### गांव में शराब बेच रहे दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चकरभाठा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 39 पाव देशी प्लेन और 27.5 लीटर महुआ शराब जब्त की है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम परिया और चकरभाठा बस्ती में कुछ लोग अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना स्तर पर टीम गठित कर दोनों स्थानों पर घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम परिया निवासी श्याम उर्फ भोला जांगड़े (25) के कब्जे से 27.5 लीटर महुआ शराब तथा चकरभाठा बस्ती निवासी केदार साहू (30) के पास से 39 देशी प्लेन शराब पाव बरामद किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

### साइकिल सिखाने के बहाने दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सीपत थाना क्षेत्र में साइकिल सिखाने के बहाने जंगल ले जाकर नाबालिग से नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 5 अगस्त को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी नाबालिग बच्ची को दीपक यादव के द्वारा साइकिल सिखाने के बहाने रैलहा जंगल ग्राम नीरतू तरफ ले जाकर दुष्कर्म किया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 137(2), 64(2) बीएनएस 4(2) पाक्सो एक्ट दर्ज कर विवेचना में लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण के आरोपी दीपक पटेल 30 साल निवासी ग्राम नीरतू को मुखबिर सूचना के आधार पर, पतासाजी कर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### कच्ची महुआ शराब के साथ अधेड़ गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र में कच्ची महुआ शराब के साथ एक अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय ने बताया कि 5 अगस्त को मुखबीर सूचना पर ग्राम अधियारीपारा चौक में कार्रवाई कर रतनपुर पुलिस द्वारा मेलू सिंह मरावी 60 साल निवासी अधियापारा लिम्हा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## न्यायधानी का कोना




मानक भोजन को लेकर उपभोक्ता अनजान, थाली की सुरक्षा पर सवाल, जांच सुस्त, कार्रवाई भी बेअसर

# होटलों पर कार्रवाई के बावजूद खाद्य जांच रिपोर्ट में महीनों की देरी

नवभारत मुद्दा

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

प्रदेश में होटल-रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग पिछले छह माह में करीब 173 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई साथ ही नमूने जांच के लिए भेज भेजे गए हैं। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर आम लोगों में जागरूकता नहीं है। गांव से शहर तक होटल, रेस्टोरेंट और चाय-नाश्ते की दुकानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग भोजन करते हैं, लेकिन अधिकांश उपभोक्ता भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी लेने की जरूरत नहीं समझते। » शेष पेज 5 पर

### जुर्माना राशि

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के उल्लंघन पर
वित्तीय वर्ष 2023-24 में: 30 प्रकरणों में 30 लाख 53 हजार रुपए
वित्तीय वर्ष 2024-25 में: 146 प्रकरणों में 1 करोड़ 14 लाख 61 हजार रुपए
वित्तीय वर्ष 2025-26 में (अक्टूबर तक): 173 प्रकरणों में 66 लाख 77 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। इसके बावजूद 553 विधिक और 1,202 निगरानी नमूने अब भी विश्लेषण में बताए गए हैं। कार्रवाई और जुर्माने के आंकड़े मौजूद हैं, लेकिन लंबित जांच कार्रवाई की गति पर सवाल खड़े करती है। मिलावटखोरों में डर तभी पैदा होगा, जब जांच समय पर पूरी हो और दोष साबित होने पर कार्रवाई भी निश्चित हो।

### खाद्य औषधि प्रशासन ने 6 माह में की 60 कार्रवाई, असर सीमित

पिछले छह माह में बिलासपुर जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य प्रतिष्ठानों पर करीब 60 कार्रवाई की। हालांकि मिलावटी या गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थ बेचने के मामलों में किसी बड़ी सजा या उल्लेखनीय आर्थिक दंड की जानकारी सामने नहीं आई। ऐसे में विभागीय कार्रवाई का असर सीमित दिखाई देता है और इसे अधिकतर लोग औपचारिक जांच तक ही मान रहे हैं।

### प्लेसमेंट कर्मचारियों के भरोसे सरकारी प्रयोगशाला

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में पर्याप्त स्टाफ और विशेषज्ञों की कमी लंबे समय से बनी हुई है। कुछ भर्तियां हुई हैं, लेकिन जरूरत के मुकाबले संख्या कम है। राजधानी में सरकारी प्रयोगशाला में भी प्लेसमेंट कर्मचारियों के भरोसे काम चल रहा है। नमूनों की संख्या बढ़ने के साथ जांच का दबाव भी बढ़ रहा है। ऐसे में सवाल है कि पर्याप्त विशेषज्ञ और कर्मचारी नहीं होंगे तो समय पर जांच और कार्रवाई कैसे सुनिश्चित होगी।

### निजी प्रयोगशाला में ज्यादातर नमूने पास

*अधिकारियों के मुताबिक निजी प्रयोगशालाओं में भेजे गए नमूनों में ज्यादातर खाद्य सामग्री मानक पाई जा रही है। कई मामलों में यह स्थिति विभाग के लिए भी हैरान करने वाली रही है। दूसरी ओर चलित प्रयोगशालाओं में प्राथमिक स्तर पर करीब 10 तरह के परीक्षण किए जाते हैं। इनमें दूध में पानी, मसालों में मिलावट और जलेबी या समोसे जैसी खाद्य सामग्री की जांच शामिल है। संदिग्ध सामग्री मिलने पर उसे मौके पर नष्ट करा दिया जाता है। हालांकि विधिक कार्रवाई के लिए विस्तृत जांच और रिपोर्ट जरूरी होती है।*

*निगम ने की 113 संस्थानों पर कार्रवाई 13.25 लाख जुर्माना:* नगर निगम ने पिछले छह माह में होटल, रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की सफाई व्यवस्था को लेकर 113 संस्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान कुल 13 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके बावजूद कई स्थानों पर स्वच्छता संबंधी कमियां लगातार सामने आ रही हैं। संचालक और आमजन भी इन कार्रवाइयों को स्थायी सुधार के बजाय नियमित औपचारिकता के रूप में देखते हैं।

### नवभारत को बताएं

आपको भी कहीं किसी होटल, रेस्तरां, कैंटीन या खानपान की जगह पर कोई मिलावटी, गंदगी या नियमों की लापरवाही दिखाई दे तो हमें व्हाट्सएप नंबर 8889474482 पर भेजें। आपके नाम को गोपनीय रखा जाएगा।

**हवाई सेवा :** नई टर्मिनल बिल्डिंग 6 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से होगी तैयार

# एक कदम आगे बढ़ा एयरपोर्ट नए टर्मिनल के लिए टेंडर जारी

सालों से हवाई सेवा के लिए चल रहे लगातार जन संघर्ष का **परिणाम**

नवभारत खबर का असर

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

शहर वासियों के लंबे और निरंतर जन संघर्ष को आखिरकार बड़ी सफलता मिली है। लोक निर्माण विभाग ने बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर के टर्मिनल भवन के विस्तार और जीर्णोद्धार के लिए आधिकारिक टेंडर जारी कर दिया है। इसमें 6 करोड़ 57 लाख रुपए की प्रारंभिक लागत बताई गई है, जरुरत पड़ने पर फंड में इजाफा किया जाएगा। नए टर्मिनल भवन से हवाई यात्रियों को अराइवल और डिपार्चर के दौरान होने वाली परेशानी से मुक्ति मिल जाएगी।

वर्तमान में पुराने टर्मिनल बिल्डिंग के कारण हवाई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कई सुविधाएं विहिन है। वर्तमान में बिलासपुर एयरपोर्ट का टर्मिनल भवन 1980 के दशक की पुरानी इमारत में मामूली सुधार करके चलाया जा रहा है, जो यात्रियों » शेष पेज 5 पर

### ऐसा होगा बिलासा एयरपोर्ट का टर्मिनल बिल्डिंग

लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी टेंडर के अनुसार, नया भवन वर्तमान टर्मिनल के ठीक आगे जहां वर्तमान में मुख्य द्वार और बाउंड्री वॉल है वहां निर्मित किया जाएगा। पूरा डिपार्चर सेक्शन इस नए 22,000 वर्ग फीट के आधुनिक और वातानुकूलित भवन में शिफ्ट हो जाएगा। नए भवन के बनने के बाद पुराने टर्मिनल भवन का उपयोग पूरी तरह से केवल अराइवल हॉल के रूप में किया जाएगा, जिससे यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी।




### जल्द पूरा कराएं निर्माण कार्य साव को धन्यवाद: समिति

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने मांग की है कि इस टेंडर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि गुणवत्तापूर्ण काम करने वाले अनुभवी ठेकेदार इसमें भाग ले सकें। समिति ने आग्रह किया है कि टेंडर की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कर निर्माण कार्य बिना किसी देरी के शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द बेहतर हवाई सुविधाओं का लाभ मिल सके। समिति ने टर्मिनल बिल्डिंग का टेंडर जारी करने के लिए उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरूण साव को धन्यवाद दिया है। साथ ही इसी तरह बकाया कामों की तरफ ध्यान देने की मांग की है।

### रनवे विस्तार और एटीसी टॉवर का काम बकाया

बिलासा एयरपोर्ट में नई टर्मिनल बिल्डिंग बन जाने के बाद सिर्फ रनवे विस्तार और नए एटीसी टॉवर की कमी रह जाएगी। उसके लिए भी राज्य सरकार को आवश्यक पहल कर शीघ्र बजट जारी कर टेंडर जारी करना चाहिए। वर्तमान में एयरपोर्ट की रनवे की लंबाई 1500 मीटर है। उसको बढ़ाकर कम से कम 2200 मीटर करना होगा। साथ ही पांच साल पुराने मुवेबल एटीसी टावर के स्थान पर स्थाई टावर बनाने की आवश्यकता है। इसके बाद हवाई सुविधाओं में विस्तार को कोई नहीं रोक सकेगा।

### प्रोजेक्ट से जुड़ी प्रमुख बातें

- कुल अनुमानित लागत- लगभग 6.57 करोड़ रुपए
- कुल निर्माण क्षेत्र- लगभग 22,000 वर्ग फीट
- कवर्ड/क्लोज्ड एरिया- 16,000 वर्ग फीट केंद्रीय रूप से वातानुकूलित
- टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि- 21 अगस्त 2026
- टेंडर खुलने की तिथि- 27 अगस्त 2026

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को मृत्यु तक कारावास

### कैद के अलावा देना होगा दो हजार रुपए जुर्माना

**बिलासपुर।** बारह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में जिला न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास तथा दो हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला दो वर्ष पूर्व मस्तूरी थाना क्षेत्र का है। प्रकरण में पीड़िता की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनीषा नंदी ने पैरवी की।

अभियोजन के अनुसार, 9 सितंबर 2024 को दोपहर करीब 1.30 बजे पीड़िता अपनी मां के कहने पर दुकान से खाद्य सामग्री लेने गई थी। आरोप है कि दुकान संचालक धरम सिंह बंजारे ने बच्ची को बिस्किट देने के बहाने दुकान के पीछे स्थित कमरे में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने उसे किसी को भी इस बारे में जानकारी नहीं देने की धमकी दी।

### मां को बताई पूरी घटना

घटना के कुछ देर बाद बच्ची रोते हुए घर पहुंची और अपनी मां को पूरी बात बताई। इसके बाद परिजन मस्तूरी थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी धरम सिंह बंजारे (37), निवासी बजरंग मोहल्ला, दर्रीघाट, थाना मस्तूरी, पिता नरबद बंजारे के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर जिला न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक आजीवन कारावास एवं दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

7 लाख की धोखाधड़ी: सिटी कोतवाली थाने में दो पर एफआईआर दर्ज

# 1.60 करोड़ की जमीन का सौदा निकला फर्जी

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपए की जमीन के सौदे के नाम पर कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने खपरगंज निवासी नबी बक्श और मोहम्मद कासिम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5) और 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संजना वर्मा, निवासी कश्यप कॉलोनी, ने शिकायत में बताया कि आरोपियों ने खपरगंज स्थित नजूल शीट नंबर 33 के प्लॉट नंबर 1/1 और 1/2 की कुल 3120 वर्गफुट भूमि अपनी दिवंगत दादी बसारत बी के नाम दर्ज होना बताते हुए उसे बेचने का प्रस्ताव दिया। दोनों पक्षों के बीच 1 करोड़ 60 लाख रुपए में सौदा तय हुआ और 18 अक्टूबर 2024 को नोटरी के माध्यम से इकरारनामा किया गया। इस दौरान संजना वर्मा ने बयाने के रूप में 7 लाख रुपए का चेक दिया। कुछ समय बाद नजूल विभाग में जानकारी लेने पर पता चला कि भूमि से संबंधित दस्तावेज संदिग्ध हैं और नामांतरण का मामला भी नजूल न्यायालय द्वारा 7 जुलाई 2025 को खारिज किया जा चुका है। शिकायतकर्ता ने जब अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों का दिया चेक बाउंस हो गया। आगे जांच कराने पर पता चला कि जिस भूमि को 3120 वर्गफुट बताया गया था, उसका वास्तविक रकबा केवल 430 वर्गफुट है। इतना ही नहीं, शिकायत के अनुसार उक्त संपत्ति को बसारत बी ने वर्ष 1970 में वक्फनामे के माध्यम से एक संस्था को दान कर दिया था। आरोप है कि इन महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सौदा किया गया और शिकायतकर्ता से लाखों रुपये हड़प लिए गए। सिटी कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की विवेचना के दौरान सभी दस्तावेजों और बैंक रिकॉर्ड का परीक्षण कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# जारी रहेंगी सावन की फुहारें, दो दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

दो दिनों तक के मानसून सक्रिय रहने के आसार
बिलासपुर का पारा पहुंचा 31.4 डिग्री



नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

छत्तीसगढ़ में अगले दो दिनों तक मानसून सक्रिय रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं 8 अगस्त के बाद प्रदेश में बारिश की गतिविधियों और इसकी तीव्रता में धीरे-धीरे कमी आने की संभावना जताई गई है। फिलहाल प्रदेश में मानसून सामान्य स्थिति में बना हुआ है और 1 जून से अब तक सामान्य से 7 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जिसे मौसम विभाग ने सामान्य श्रेणी में रखा है। बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों सावन की रिमझिम फुहारों का सिलसिला जारी है। कहीं-कहीं तेज बारिश भी हो रही है, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है।

हालांकि बारिश थमते ही धूप निकलने पर उमस लोगों को परेशान कर रही है। लगातार वर्षा के बावजूद वातावरण में नमी और उमस का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होगी, जबकि उत्तर छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। इसके बाद वर्षा की मात्रा और तीव्रता में कमी आने के संकेत हैं। बुधवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं प्रदेश का सबसे अधिक तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस रायपुर में रिकॉर्ड किया गया।

**अगले दो दिन ऐसा रहेगा मौसम:** मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी। उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने की भी संभावना है। 8 अगस्त के बाद बारिश का दायरा और तीव्रता धीरे-धीरे कम होने लगेगी। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मध्यम वर्षा हुई। सर्वाधिक 8 सेंटीमीटर बारिश रघुनाथपुर और मालखरौदा में दर्ज की गई।

### मानसून का रिपोर्ट कार्ड

प्रदेश में 1 जून से अब तक सामान्य से 7 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जिसे मौसम विभाग ने सामान्य श्रेणी में रखा है। उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में अभी भी सामान्य से कम वर्षा हुई है, जबकि कुछ जिलों में अधिक बारिश के कारण जलभराव और नदी-नालों के उफान की स्थिति बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ दिनों की बारिश खरीफ फसलों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी और कम वर्षा वाले जिलों में अच्छी बारिश होने पर मानसून का संतुलन और बेहतर हो सकता है।

नई शुरुआत: चार इंडेन गैस एजेंसियों से शुरुआत, ब्लिंकिट व इंडियन ऑयल ऐप से होगी बुकिंग

# अब तीन घंटे में घर पहुंचेगा 10 किलो का एलपीजी सिलेंडर

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।




दस 10 किलो का फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर गुरुवार से उपलब्ध होगा। शुरुआत में यह सुविधा कुछ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से मिलेगी। इतना ही नहीं इस सिलेण्डर को ग्राहक ब्लिंकिट, इंडियनऑयल ऐप और वेबसाइट से बुकिंग कर सकेंगे। लोगों को अधिकतम तीन घंटे में सिलेंडर की डिलीवरी होगी। एक्स्ट्रा लाइट नाउ नाम का यह कम्पोजिट सिलेंडर हल्का, जंग रहित और उपयोग में सुविधाजनक बताया जा रहा है। कंपनी को उम्मीद है कि एक्सप्रेस डिलीवरी और हल्के कम्पोजिट सिलेंडर की सुविधा से बिलासपुर के उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति का नया और बेहतर अनुभव मिलेगा।

रायपुर के बाद अब बिलासपुर के उपभोक्ताओं को भी तेज और सुविधाजनक एलपीजी सेवा का लाभ मिलने जा रहा है। गुरुवार से शहर में 10 किलो का फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर उपलब्ध होगा। शुरुआती चरण में यह सुविधा शारदा गैस सर्विस, महामाया इंडेन, साई प्रसाद गैस और वर्तिका इंडेन डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से शुरू की जा रही है। इंडियन ऑयल के अनुसार ग्राहक ब्लिंकिट, इंडियनऑयल वन ऐप और कंपनी की वेबसाइट के जरिए नया कनेक्शन लेने या रिफिल बुक कराने की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। बुकिंग के बाद अधिकतम तीन घंटे के भीतर सिलेंडर की एक्सप्रेस डिलीवरी की जाएगी। ग्राहक चाहें तो अपनी सुविधा के अनुसार डिलीवरी का समय भी चुन सकेंगे। बाजार में 'एक्स्ट्रा लाइट नाउ' नाम से उपलब्ध यह कम्पोजिट एलपीजी सिलेंडर पारंपरिक लोहे के सिलेंडरों की तुलना में काफी हल्का है। कम्पोजिट मटेरियल से बने होने के कारण इसमें जंग लगने की समस्या नहीं होती, जिससे इसकी उपयोगिता और सुरक्षा दोनों बढ़ जाती हैं। हल्का होने के कारण इसे घर के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना भी आसान रहेगा।

### 3186 एसडी जमा ,1700 रिफिल की कीमत

इस सिलेंडर के लिए 3,186 रुपए की सिक्योरिटी राशि निर्धारित की गई है, जबकि एक रिफिल की कीमत 1,700 रुपए होगी। नया कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को केवल पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी राशि और केवल पहचान पत्र की जरूरत होगी, इंडियन ऑयल की मानें तो यह सेवा विशेष रूप से शहरी परिवारों, कामकाजी लोगों, छोटे परिवारों और ऐसे उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है।

# षष्ठम पुण्यतिथि

अर्थ निज ःजातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।।

अर्थ: जो जन्म लेता है उसकी मृत्यु निश्चित है और मृत्यु के पश्चात् पुनर्जन्म भी अवश्यंभावी है। अतः तुम्हें अपरिहार्य के लिए शोक नहीं करना चाहिए।



## डॉ. वाय. आर. कृष्णा

फाउंडर एवं चेयरमैन - किम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कंसल्टेंट - सीनियर जनरल सर्जन

**जन्म : 20 जून 1948, निर्वाण : 07 अगस्त 2020**

आपका जीवन हमें कर्तव्य, करूणा, सेवा और सादगी की अदद्भुत मिसाल दे गया। आपने न केवल अनगिनत जीवनों को स्वस्थ किया, बल्कि अपने श्रेष्ठ विचारों और मानवीय मूल्यों से हमारे जीवन को भी दिशा दी।

आपके आदर्श, आपका मार्गदर्शन और आपकी सिखाई हुई संस्कारें सदा हमारे साथ रहेंगी और हमें प्रेरित करती रहेंगी।

## भावपूर्ण श्रद्धांजली

आपकी स्मृतियाँ हमें सदैव शक्ति और प्रेरणा देती रहेंगी...

**श्रीमती वाय. कमला**

**श्रद्धानवत् परिवार :**

डॉ. किरण सन्कावल्ली
डॉ. पल्लवी सन्कावल्ली, डॉ. रवि शेखर, आन्या, आरुष
एवं समस्त किम्स हॉस्पिटल परिवार

**सौगात :** पेंड्रारोड में अतिरिक्त न्यायालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण

# नए भवनों का उद्देश्य न्यायिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना: सीजे सिन्हा



नवभारत रिपोर्टर । बिलासपुर/अमरपुर।

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने गुरुवार को पेंड्रारोड सिविल कोर्ट परिसर में नवनिर्मित अतिरिक्त न्यायालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण किया। कार्यक्रम में बिलासपुर के पोर्टफोलियो जज रवींद्र कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे। करीब 77.17 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस भवन में दो कोर्ट रूम, पीठासीन अधिकारियों के लिए विश्राम कक्ष और स्टेनो रूम बनाए गए हैं। इससे न्यायालयीन कार्यों के संचालन में सुविधा और दक्षता बढ़ेगी। चीफ जस्टिस सिन्हा ने कहा कि राज्य में न्यायिक अधोसंरचना लगातार सुदृढ़ हुई है। नए भवनों का उद्देश्य न्यायिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना और आम लोगों को त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने न्यायपालिका के विकास में राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के सहयोग की सराहना करते हुए पेंड्रारोड के इस भवन को अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधोसंरचना के विकास का कार्य भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे न्याय तक आमजन की पहुंच और अधिक सुलभ हो सके। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर के स्वागत भाषण से हुआ। वर्चुअल समारोह में प्रथम न्यायाधीश अरविंद कुमार, न्यायाधीश महेश बाबू साहू, न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कुमारी सीमा जगदल्ला, कलेक्टर विजय कुमार दयाराम, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार मिश्रा, मुकेश कुमार रावटे, रजनीश तिवारी, अमित बैक, मुकेश दुबे, राकेश जालान की उपस्थिति रही।

### अधिवक्ताओं ने कहा- न्यायिक व्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि

अधिवक्ताओं ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे पेण्ड्रा की न्यायिक व्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि करार दिया। प्रथम न्यायाधीश अरविंद कुमार के द्वारा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों ने नव निर्मित अतिरिक्त न्यायालय भवन का अवलोकन करते हुए इसकी आधुनिक संरचना एवं सुविधाओं की सराहना की। हरजीत सिंह कुकरेजा, गुलाब अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पवन त्रिपाठी, कौशल सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, प्रशांत गुप्ता, विनय जैन, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, अयोध्या मिश्रा, वीरेंद्र गुप्ता, नारायण नामदेव, जमील इराकी, संतोष साहू, शीतला तिवारी, रितेश गुप्ता, राम विशाल राठौर, अतुल कुमार तिवारी, रमेश कुमार शर्मा, आशीष बंसल, प्रदीप सिंह राजपूत, शैल नामदेव, अयोध्या मिश्रा, अयोध्या पटेल, मथुरा राठौर, राजाराम केवट, आर आर सिंह, कैलाश कुमार राठौर, शिरीष दुबे मिठाई लाल कश्यप, विनय पांडे, निसार अहमद, अरुण कुमार गुप्ता, जन्मेजय तिवारी, दीपक कुमार सोनी, पवन कुमार मिश्रा, अरुण शर्मा मौजूद रहे।

बदलाव

# चकला गांव को मिलेगी नई पहचान 'अमरपुर' नामकरण करने प्रक्रिया तेज

**जिला पंचायत ने कलेक्टर को भेजा प्रस्ताव, ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी**




लोरमी। कोई भी गांव का नाम अपनी ऐतिहासिक सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को दर्शाता है, गांव का नाम लेने से लोगों को गर्व महसूस होता है लेकिन लोरमी विकासखंड में एक गांव का नाम ऐसा भी है जिसका नाम लेने तक से ग्रामीण कतराते हैं। हम बात कर रहे हैं 'चकला' गांव की, जिसका निवासी बताने से लोगों को हिचक महसूस होता है। पूर्वजों के द्वारा रखे गए गांव के इस नाम को बदलकर 'अमरपुर' करने के लिए ग्रामीण पिछले कई साल से मांग कर रहे हैं लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है, हालांकि पिछले दो वर्षों में जिस प्रकार से शासन प्रशासन और ग्रामीणों के बीच पत्राचार हो रहा है इससे लगता है कि ग्रामीणों की एकमात्र मांग जल्द ही पूरा होगा। चकला का नाम बदलकर 'अमरपुर' किए जाने की मांग अब प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है। जिला पंचायत मुंगेली ने इस संबंध में प्राप्त प्रस्ताव एवं आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद पूरी कार्यवाही कलेक्टर मुंगेली को अग्रेषित कर दी है। इससे वर्षों से चली आ रही गांव के नाम परिवर्तन की मांग को नई गति मिली है। जिला पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत चकला के सरपंच एवं ग्रामवासियों की ओर से गांव का नाम बदलकर अमरपुर किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव के समर्थन में पंचायत स्तर पर पारित प्रस्ताव, अनुशंसा तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं। जिला पंचायत द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 3, 10 एवं 11 के तहत राज्य सरकार को ग्राम पंचायतों एवं गांवों का गठन तथा उनके नाम में परिवर्तन करने का अधिकार प्राप्त है। गांव के नाम परिवर्तन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के प्रावधानों के अनुरूप संपादित की जाती है। इसी कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए जिला पंचायत ने पूरे प्रकरण को भेजा है। सरपंच अनसूईया धर्मेंद्र धृतलहरे ने बताया कि गांव का नाम बदलने की मांग बहुत पुरानी है। इस संबंध में अब तक सैकड़ों बार विभिन्न माध्यमों से आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन उपमुख्यमंत्री अरुण साव को आवेदन देने के बाद यह प्रक्रिया तेज हुई है। श्री साव ने ग्रामीणों की इस प्रमुख मांग को तत्काल संज्ञान लेकर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा मुंगेली कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है, और सहयोग भी मिल रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि यदि शासन स्तर पर प्रस्ताव को स्वीकृति मिलती है तो आने वाले समय में ग्राम चकला की नई पहचान अमरपुर के नाम से स्थापित होगी। नाम परिवर्तन के बाद सभी शासकीय अभिलेखों, राजस्व रिकॉर्ड, पंचायत दस्तावेजों तथा अन्य प्रशासनिक अभिलेखों में भी आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

### 2015 में ग्रामीणों ने सुराज दल को बनाया था बंधक

*चकला गांव का नाम बदलकर अमरपुर किए जाने की मांग वर्षों से चली आ रही है। वर्ष 2015 में तत्कालीन रमन सरकार के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए ग्राम सुराज चलाया जा रहा था, उस शिविर में सभी ग्रामीणों की ओर से सिर्फ एक मांग गांव का नाम बदलने से संबंधित आवेदन दिया गया, और बार-बार आवेदन देने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण सभी ग्रामीणों ने मिलकर सुराज दल को ही बंधक बना लिया था। मौके पर पहुंचे उच्चाधिकारियों ने आश्वासन दिया इसके बाद सुराज दल को मुक्त किया गया था तब से आज तक उक्त मांग को लेकर सिर्फ पत्राचार हो रहा है।*

बाड़ी में छिपाकर रखा 1.26 लाख रुपए का गांजा जब्त

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 18.450 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



अमरपुर। पेंड्रा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बचरवार गांव के एक युवक को 18 किलो 450 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 1 लाख 26 हजार रुपये मूल्य का गांजा बरामद कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की विवेचना जारी है और गांजा तस्करी के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि बचरवार निवासी सोनू राठौर (30), पिता कोदू राठौर, ने अपने घर के पीछे स्थित बाड़ी में भारी मात्रा में अवैध गांजा छिपाकर रखा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, एफएसएल अधिकारी तथा स्वतंत्र गवाहों को शामिल कर टीम गठित की। राजपत्रित अधिकारी की तत्काल उपलब्धता संभव नहीं होने तथा आरोपी के फरार होने या मादक पदार्थ हटाए जाने की आशंका को देखते हुए एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने बचरवार पहुंचकर आरोपी के घर के पीछे स्थित बाड़ी की घेराबंदी की। पुलिस ने आरोपी को सूचना से अवगत कराते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत नोटिस दिया। आरोपी की लिखित सहमति प्राप्त करने के बाद तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक काले रंग की बोरी से 18 पैकेटों में रखा कुल 18 किलो 450 ग्राम गांजा बरामद हुआ। मौके पर मौजूद एफएसएल अधिकारी ने परीक्षण कर बरामद पदार्थ की पुष्टि गांजा के रूप में की। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर इसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 26 हजार रुपये आंकी गई। पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी गांजा कहां से लाता था और इसकी आपूर्ति किन लोगों तक की जा रही थी।

### शास. पॉलिटेक्निक पथरिया में प्रवेश पंजीयन कल तक

मुंगेली। शासकीय पलिटेक्निक, पथरिया में संचालित मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेट्रिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का चतुर्थ चरण प्रारंभ हो गया है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश के लिए 10वीं (पीपी.टी) अथवा 12वीं (गणित) उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र हैं। इच्छुक विद्यार्थी 8 अगस्त की रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। 12 अगस्त को मेरिट सूची जारी की जाएगी। चयनित अभ्यर्थी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रवेश ले सकेंगे।

# अनियमितता पर खाद-बीज विक्रेताओं को नोटिस

मुंगेली। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में खरीफ मौसम 2026 के दौरान किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले खाद एवं बीज की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग लगातार निगरानी एवं निरीक्षण अभियान चला रहा है। उप संचालक कृषि विभाग के मार्गदर्शन में खाद एवं बीज के भंडारण, वितरण तथा विक्रय व्यवस्था पर सतत नजर रखी जा रही है, ताकि किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सके। इसी क्रम में विकासखंड मुंगेली के ग्राम रामगढ़ स्थित मैसर्स जितेश ट्रेडर्स तथा गोपाल कृषि केंद्र का कृषि विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मैसर्स



जितेश ट्रेडर्स में उर्वरक विक्रय एवं संचालन से संबंधित विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। जिसके बाद संबंधित फर्म को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का संतोषजनक जवाब दो दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही किसानों को निर्धारित दर पर रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने तथा दुकान का संचालन शासन के नियमों के अनुरूप करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कृषि विभाग ने स्पष्ट कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद एवं बीज की कालाबाजारी, अधिक मूल्य वसूली अथवा अन्य अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में ऐसे निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# पुरानी रंजिश में युवक की बाइक फूंकी, टंगिया लेकर दौड़ाया



**आरोपी फरार, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की तलाश**

अमरपुर। जिले के पेंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोड़गार चौकी क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की मोटरसाइकिल में आग लगाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने टंगिया लेकर युवक को दौड़ाया और बाद में उसकी बाइक में आग लगा दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।। जानकारी के अनुसार, शंकरगढ़ अमारू निवासी उदय प्रताप तिवारी अपनी टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 एटी 4062 से गांव में रहने वाले दीनदयाल यादव के घर विद्युत कार्य करने गए थे। काम समाप्त होने के बाद लौटते समय वे सम्मार सिंह धनुहार के संबंध में जानकारी लेने के लिए दुबे सिंह धनुहार के घर के पास रुके। इसी दौरान आरोपी दुबे सिंह धनुहार घर से बाहर निकला और पुरानी रंजिश को लेकर उदय प्रताप तिवारी से विवाद करने लगा। बताया जा रहा है कि आरोपी, बकरी और मोटर पंप चोरी के मामले में उसके खिलाफ पेंड्रा थाने में दर्ज कराई गई शिकायत से नाराज था। विवाद बढ़ने पर आरोपी घर से टंगिया लेकर आया और उदय प्रताप तिवारी को जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ाने लगा। अपनी जान बचाने के लिए पीड़ित वहां से भाग गया। कुछ दूरी पर पहुंचकर उसने देखा कि आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालकर माचिस से आग लगा दी। देखते ही देखते बाइक पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी दुबे सिंह धनुहार के खिलाफ गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने तथा आग लगाकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। इधर मामला दर्ज होने की जानकारी मिलते ही आरोपी फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर कलश वंदन अभियान

# मुंगेली पहुंचा कलश रथ, स्वागत




**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया पवित्र कलशों का वितरण**

मुंगेली। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में रायपुर में प्रदेश स्तरीय कलश वंदन एवं कलश वितरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों को विधिवत पूजन-अर्चन के बाद पवित्र कलश वितरित किए। इस अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास के समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में मुंगेली जिले की ओर से भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में कलश ग्रहण कर उसे जिले के लिए रवाना किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री कैलाश ठाकुर, गुरमीत सलूजा, रघुनंदन कर्माकर, नितेश भारद्वाज, सुनील पाठक, श्रीधर राकेश, आर डी लहरी, अशोक पठारी, भोजराम पठारी, मोहन कर्माकर, मोहन लहरी तथा कामता पठारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रायपुर से रवाना हुआ कलश रथ 4 अगस्त को मुंगेली पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक उसका स्वागत किया। आगामी दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्रा, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से संत गुरु रविदास के जीवन, विचारों और उनके सामाजिक समरसता के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि संत गुरु रविदास ने अपने जीवन में समानता, मानवता, भाईचारे और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।

## न्यूज डायरी

### भागवत कथा भक्ति और सदाचार का देता है संदेश: तिवारी

लोरमी। ग्राम खाम्ही में आयोजित आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित रामगोपाल तिवारी ने प्रह्लाद चरित्र, भरत चरित्र, पृथु चरित्र तथा



नरसिंह अवतार की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन में आनंद, भक्ति और सदाचार का संदेश देती है। प्रह्लाद की अटूट भगवान विष्णु भक्ति तथा हिरण्यकश्यप के अत्याचार का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान नरसिंह ने भक्त की रक्षा के लिए अवतार लेकर अत्याचारी हिरण्य कश्यप का वध किया। कथा के दौरान उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार देने, माता-पिता, गौ एवं संत सेवा का संदेश भी दिया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर रहे। कार्यक्रम में परायणकर्ता नारायण प्रसाद, चंद्रप्रकाश पांडेय मुख्य यजमान खुमान साहू, दशोदा साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बिकेश शाला नायक और कल्पना उपशाला नायक बनी

लोरमी। सरस्वती विद्या विहार उच्च मा.वि. अखरार में शाला नायक चुनाव हुआ। चुनाव प्रभारी अजय कुमार मरावी ने नियमों की जानकारी दी। चुनाव अधिकारी पुकल भार्गव, ममता मरावी, मनहरण पटेल द्वारा निष्पक्ष चुनाव कराया गया। मतपेटी को सीलबंद कर प्राचार्य बैजनाथ साहू के समक्ष सौंपा गया। मतगणना दो दिन बाद उम्मीद्वार एवं प्रस्तावक के समक्ष गणना किया गया। इस मतगणना में शाला नायक के रूप में कक्षा 12वीं कला के छात्र बिकेश कुमार कुम्भकार एवं उपशाला नायक के रूप में कक्षा 12 वीं विज्ञान की छात्रा कल्पना कैवर्त निर्वाचित हुई, साथ ही कक्षा नायक, उपकक्षा नायकों का चुनाव हुआ। जिसमें कक्षा 12वीं विज्ञान से आंचल जायसवाल एवं युवराज पटेल,12वीं कला से अमन पटेल एवं महिमा मरावी, कक्षा 11वीं विज्ञान से मोनिका धुर्वे एवं प्रिंस बघेल, 11वीं कला से आशुतोष साकत एवं मनीषा पटेल, कक्षा 10वीं से भारती पटेल एवं इशांत पटेल, 10वीं से गौतम गुप्ता एवं संजना पोर्ते, कक्षा 9वीं से सृष्टि मरावी एवं गौरव कंठले, कक्षा 8वीं से खुशबू गुप्ता एवं दीपक भास्कर, कक्षा 7वीं से शौर्य कुमार साहू एवं कुंजन जायसवाल, कक्षा 6वीं से मनीष यादव एवं मोहित जायसवाल क्रमशः कक्षा नायक एवं उपकक्षा नायक निर्वाचित हुए। निर्वाचन कराने में शिक्षक जयराम पटेल, सतीश पटेल, दरशराम साहू, जगजीवन भास्कर, मनमोहन गांर्व एवं शिक्षिका भुनेश्वरी साहू, रीमा पटेल एवं निधि जायसवाल, सुकालू यादव एवं रोहित जायसवाल, भुनेश्वर जायसवाल उपस्थित रहे।

# बीईएमएल संयंत्र से बदलेगी जिले की औद्योगिक तस्वीर

**चंद्रगढ़ी में निवेश के साथ रोजगार कौशल और सहायक उद्योगों के विस्तार की उम्मीद**

नवभारत रिपोर्टर । सरगांव।

मुंगेली जिले में प्रस्तावित भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) के हेवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र को लेकर क्षेत्र में औद्योगिक संभावनाओं का नया दौर शुरू हो गया है। बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के पथरिया तहसील अंतर्गत ग्राम चंद्रगढ़ी में संयंत्र स्थापना के लिए 79.70 एकड़ शासकीय भूमि आवंटन की मंजूरी मिलने के बाद अब परियोजना के धरातल पर उतरने की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। बीईएमएल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित उपक्रम की इकाई स्थापित होने से प्रत्यक्ष रोजगार के साथ बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनने की संभावना है। मशीन निर्माण, इंजीनियरिंग सेवाएं, पार्ट्स सप्लाई, परिवहन, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में नए व्यवसायों के रास्ते खुल सकते हैं। बिलासपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चंद्रगढ़ी क्षेत्र को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराती है। इससे भारी मशीनरी के आवागमन के साथ औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूती मिलने की संभावना है।

### औद्योगिक निवेश से बदलेगी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था : कौशिक



*बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने इस परियोजना को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि बीईएमएल संयंत्र की स्थापना से बिल्हा विधानसभा और मुंगेली जिले में औद्योगिक विकास को नई पहचान मिलेगी। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ छोटे और मध्यम उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।*

### युवाओं को मिलेगा तकनीकी विकास का अवसर : दीपिका



जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक ने कहा कि बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान की स्थापना क्षेत्र के भविष्य के लिए दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि परियोजना के शुरू होने के बाद रोजगार के साथ स्थानीय व्यापार, परिवहन और सेवा क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे क्षेत्र की आर्थिक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण आधारशिला बताया।

### आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी गति

यह पहल न केवल जिले के औद्योगिक मानचित्र को बदल सकती है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति दे सकती है। बीईएमएल संयंत्र के आने से चंद्रगढ़ी सहित पथरिया, सरगांव और आसपास के गांवों में नई आर्थिक गतिविधियों के विस्तार की संभावना है। लंबे समय से बड़े निवेश की प्रतीक्षा कर रहे इस अंचल के लिए यह परियोजना रोजगार, उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में बदलाव का नया अध्याय साबित हो सकती है। स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास से जुड़े अवसर भी बढ़ने की उम्मीद है।

### मेंटल हेल्थ, मिर्गी, नशामुक्ति कैंप का आयोजन आज

मुंगेली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया मे मेंटल हेल्थ, मिर्गी, नशामुक्ति कैंप का आयोजन आज किया जा रहा है। जिसमें मानसिक रोग, नशामुक्ति, मिर्गी, पुराना सिर दर्द, बहुत दिनों से हाथ पाव मे झुनझुनी, जलन और पेट की समस्या, नींद की समस्या, कुछ दिनों से अजीब व्यवहार करना, बेमतलब गुस्सा, मारपीट, बचपन से मानसिक दिव्यांग, किसी काम को बार-2 कई बार करना जैसे हाथ धोना, मोबाइल का नशा, गर्भवती अवस्था में और डिलीवरी के बाद अजीब सा व्यवहार करना आदि संभावित मरीज का उपचार किया जायेगा। डॉक्टर संजय ओबराय (मनोरोग, नशामुक्ति चिकित्सक) ने लोगों से लाभ लेने की अपील की है।

### शिक्षक फत्तेराम को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

लोरमी। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोतरी में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ फत्तेराम कश्यप 40 वर्षों की सेवा यात्रा के बाद रिटायर हुए। स्कूल परिवार द्वारा उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। साथ ही दूजे सिंह ध्रुव को भी कोतरी हाईस्कूल में भृत्य पद से सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कुंती उदय जायसवाल, जनपद सभापति विद्यानंद चंद्राकर, मुख्य अतिथि डीईओ एल पी डाहीरे, एबीईओ सुनील शर्मा, प्राचार्य परमेश्वर खांडेकर, पन्नालाल कश्यप, मेलाराम कश्यप, डीआर कश्यप, डीडी वैष्णव, डीआर ध्रुव की उपस्थिति में संकुल कोतरी के समस्त प्रधान पाठक शिक्षक व शिक्षिकाएं सबने मिलकर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रशंसा की। इस अवसर पर उनके परिवारजन भी उपस्थित रहे। बड़े भाई नाथूराम कश्यप, जीवन कश्यप, नोहर लाल कश्यप सहित हीरा साहू, संतोष कश्यप, सरपंच नरेंद्र ध्रुव, छत्तू पटेल, अरुण साहू, दरबारी यादव लीलाराम कश्यप, महेश कश्यप, प्रदीप कश्यप के साथ ही साथ पत्नी चंद्रकुमारी कश्यप, बेटा मुकेश आकांक्षा, नीता सुखनंदन, रजनी धर्मेंद्र, संजू उपेश, नमन, नमामि, प्रभारी प्रधानपाठक टेकलाल, माधव, कामेश्वर, रमाशंकर, निर्मल, भारती, प्रीति पोर्ते, चंचला, माया कश्यप, सबने मिलकर प्रधानपाठक को गाजे बाजे के साथ भावपूर्ण विदाई दिए। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार कश्यप ने किया।


MARKET PLUS
SANT FURNITURE
सन्त फर्नीचर
Authorised Dealer Centuary
INDIA KA SLEEP SPECIALIST
हमारे यहां उच्च श्रेणी के सागौन लकड़ी से निर्मित फर्नीचर उपलब्ध है।
बजाज फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है.
99261-31501
सत्यम टॉकीज के सामने लिंकरोड, बिलासपुर
नोटः हमारी कोई अन्य ब्रांच नहीं है.
MARKET PLUS CONTACT NO. - 9755485025

**अनुकरणीय: स्वच्छ तालाब और सुरक्षित भविष्य का संदेश देता हरदीकला (टोना) का अभियान**

# 15 दिनों से श्रमदान, ग्रामीणों ने जलकुंभी हटाकर तालाब बचाने का उठाया बीड़ा

नवभारत रिपोर्टर । सिरगिट्टी।

जल ही जीवन है के संदेश को साकार करते हुए ग्राम पंचायत हरदीकला (टोना) के ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के पुनर्जीवन की अनूठी मिसाल पेश की है। गांव के प्रमुख पनखतिया व नया तालाब से जलकुंभी हटाने के लिए पिछले दो सप्ताह से प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक ग्रामीण स्वेच्छा से श्रमदान कर रहे हैं। इस जनभागीदारी ने पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया है कि यदि समाज एकजुट हो जाए तो कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। यह कार्य शंकर कौशिक के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, इससे पूर्व सभी ने मिलकर पनखतिया तालाब को स्वच्छ बनाया था जो आज निस्तारी के लिए प्रमुख है। अब जहां शीतला माता मंदिर और मुक्तिधाम स्थित है वहां वर्षों से फैली जलकुंभी के कारण स्थिति बेहद गंभीर हो गई थी। मंदिर में पूजा के लिए एक लोटा पानी निकालना भी मुश्किल हो गया था। इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने अभियान शुरू किया जो आज जनआंदोलन का रूप ले चुका है। मार्गदर्शक ने बताया कि यदि इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो माह के अंत तक तालाब पूरी तरह जलकुंभी मुक्त हो जाएगा। इस कार्य में टिल्लू रजक, गोलु कौशिक, संजय साहू, दीपक कौशिक, देवी कौशिक,गोपाल पारकर,धर्मेंद्र गोड़, निखिल कौशिक, गुडवा कौशिक, पप्पू रजक, कृष्णा कौशिक, लालू कौशिक, गुड्डू गोडारे एवं गांव के ग्रामीणों का भी सहयोग मिल रहा है।



**ग्रामीणों का यह प्रयास अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा**

यह अभियान केवल तालाब की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे रहा है कि जल स्रोतों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। हरदीकला (टोना) के ग्रामीणों का यह प्रयास अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा बन रहा है। यदि हर गांव अपने तालाब, कुएं और जलाशयों की जिम्मेदारी स्वयं उठाए, तो जल संकट और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है। इनके द्वारा समय समय पर मुक्तिधाम की भी सफाई की जाती है।

आयोजन

# भारतीय मूल्यों, आदर्शों व संस्कारों की भी दी जानी चाहिए शिक्षा: धर्मजीत

**शा. हाई स्कूल छतौना में नि:शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण**

**विधायक ने आवश्यक संसाधनों एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की**

तखतपुर। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नि:शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह रहे। अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल प्रदान कर उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। विद्यालयों में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि भारतीय मूल्यों, आदर्शों एवं संस्कारों की भी शिक्षा दी जानी चाहिए। साथ ही विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पौधरोपण तथा वृक्षों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक संसाधनों एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों को शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री कौशिक ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का मूल उद्देश्य यही है कि आर्थिक स्थिति अथवा विद्यालय की दूरी किसी भी बेटी की पढ़ाई में बाधा न बने। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाली अनेक छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में साइकिल उनके लिए केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा की राह को आसान बनाने वाली एक महत्वपूर्ण सुविधा है।



**कार्यक्रम में रही इनकी उपस्थिति**

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति अम्बिका विनोद साहू, जनपद सदस्य रंजना कौशिक, सरपंच राधिका राकेश कौशिक, उपसरपंच रत्ना रामेश्वर मानिकपुरी, सचिव अश्विनी निर्मलकर, हेमंत कौशिक, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, पंच रामेश्वर कौशिक, संजय घोष, बलदेव कौशिक, प्रेमलाल साहू, शिवांगी तम्बोली, सतीश कौशिक, दीनबंधु आनंद, रेणु गुप्ता, सुशील कौशिक, संकुल समन्वयक संदीप चौबे, प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनुराधा चटर्जी, जगरानी खलखो सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा युवक गंभीर रूप से घायल

सिरगिट्टी। बुधवार देर रात सिरगिट्टी के महिमा नगर, वार्ड क्रमांक 10 निवासी अर्जित सरकार (38) सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। वे बिलासपुर से मोटरसाइकिल से रायपुर जा रहे थे। सरगांव के पास उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल उन्हें सरगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण युवक अपनी पहचान बताने की स्थिति में नहीं था उसकी जेब में रखी बैंक पासबुक से उसकी पहचान अर्जित सरकार के रूप में हुई। इसके बाद घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की गई, जिसके माध्यम से परिजनों को हादसे की सूचना मिली। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्हें सिम्स अस्पताल, बिलासपुर ले गए वहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें किम्स अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना के कारण को लेकर स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात मुख्य सड़क पर बैठे आवारा मवेशियों से बाइक टकराने के कारण यह हादसा हुआ। वहीं, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद एक बार फिर मुख्य मार्गों पर बैठे आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि आवारा मवेशियों के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे राहगीरों की जान जोखिम में बनी हुई है।

**सरगांव के पास बाइक हुई दुर्घटनाग्रस्त मवेशियों से टकराने की आशंका**

# बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने सरस्वती साइकिल योजना महत्वपूर्ण: सुशांत



आत्मानंद स्कूल में 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरित

बेलतरा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी उच्च विद्यालय बेलतरा में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि शासन की यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने में सहायक है। उन्होंने शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में पालकों और शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-1 सदस्य प्रतिनिधि जागेंद्र कश्यप ने कहा कि शिक्षा ही जीवन को बेहतर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कमला विजय साहू, विधायक प्रतिनिधि मनोज पटेल, उत्तर मंडल अध्यक्ष मणि दास मानिकपुरी, कृष्णा यादव, सरपंच सुरेश कश्यप, बुद्धेश्वर कश्यप, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अमर सिंह, सरपंच सुरेश कश्यप, उपसरपंच दुर्गा साहू रामकृष्ण कश्यप, तोषण कश्यप, राधेश्याम कोरी, कुशन सोनी, नंद कश्यप, बुद्धेश्वर सोनी, बुधराम केसर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी,अंग्रेजी उच्च विद्यालय प्रभारी प्राचार्य सुश्री सुशीला अमलतास, किरण त्रिपाठी, वीरेंद्र आइडियल, अनीता उइके, पूजा मिश्रा, निखत परवीन, यामिनी सिंह, प्रिया जैन, दीक्षा राठौर, अंजू पाण्डेय, आंचल यादव, सीमा किसान, निरुपम देवांगन, तनेश्वर प्रेमी, समीर टांडे ,संकुल रामपुरी ताम्रकार ,केशव लश्कर रामकुमार ओटी मनोहर प्रजापति व्याख्याता विनोद चौबे ,मनोज महिलांगे शैलेंद्र कोरी सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सुशीला अमलतास सहित शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया।

**न्यूज डायरी**

### रेनबो रंगों में सजा पंजाबी महिला समिति का सावन महोत्सव



बिल्हा। पंजाबी महिला समिति बिल्हा द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन पुराना बस स्टैंड स्थित होटल प्रीत में उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाएं रेनबो थीम पर रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर पहुंचीं। सावन की हरियाली और भारतीय संस्कृति की झलक से पूरा वातावरण आनंदमय हो उठा। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण कौर सलूजा एवं रश्मि कौर सलूजा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रीति कौर सलूजा ने एंकर के रूप में कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कुर्सी दौड़ चेयर ट्विस्ट, अंब्रेला गेम सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान मनजीत कौर बग्गा एवं शिल्पी राजपाल ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पायल छाबड़ा एवं हरप्रीत कौर सलूजा ने हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों की ग्रैंड एंट्री भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें रीमा छाबड़ा एवं ऊषा सब्बरवाल ने रोचक अंदाज में प्रवेश किया। अंत में पायल छाबड़ा को 'रेनबो रानी' का खिताब प्रदान किया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। आयोजन संस्कृति संरक्षण, सामाजिक मेल-जोल और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा। रश्मि कौर सलूजा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### सिद्धार्थ महाविद्यालय में 60 से अधिक पौधों का रोपण



मगरउछला। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध सिद्धार्थ महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने 'एक पेड़ एक जिंदगी' संदेश के तहत फलदार एवं छायादार 60 से अधिक पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चन्द्राणी तिवारी एवं शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इनके संरक्षण से ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सकता है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक एवं कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश आर्यन दुबे, तामेश्वरी चौहान, राजकुमार निर्मलकर, संतोष ध्रुव, शुभम निर्मल सहित स्वयंसेवक भाविश कौशिक, अमन, खुशी, साहिल, विनय, प्रिय करण आदि उपस्थित रहे।

### बोलबम के जयकारों के बीच बाबाधाम रवाना हुए कांवरिये



कोटा। सावन माह शुरू होते ही महादेव की भक्ति का उत्साह चरम पर है। भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए कोटा से देवघर (बाबाधाम) जाने वाले कांवरियों के दो जत्थे पूरी आस्था और उत्साह के साथ रवाना हुए। रवानगी के दौरान नगर और रेलवे स्टेशन 'बोलबम' व 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। भगवा वस्त्र पहने कांवड़िए सजी हुई पवित्र कांवड़ लेकर बाबा वैद्यनाथ के दर्शन के लिए उत्साहित नजर आए। शिवभक्तों ने बताया कि वे सुल्तानगंज पहुंचकर गंगा जल भरेंगे और इसके बाद करीब 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबाधाम पहुंचकर भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे।

**ठेकेदार की लापरवाही और बेजाकब्जा बनी बाधा, गुणवत्ता पर उठे सवाल**

# नगर के वार्ड-9 में तीन माह से अधूरा पड़ा आरसीसी नाली निर्माण कार्य

करगीरोड (कोटा)। नगर पालिका कोटा के वार्ड क्रमांक 9 में मेन रोड डाक-बंगला के पास से भारतीय विद्यापीठ स्कूल तक चल रहा आरसीसी नाली निर्माण कार्य तीन माह से अधूरा पड़ा हुआ है। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण का कार्य आड़ा-तिरछा कर छोड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और सब इंजीनियर की अनदेखी के कारण आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने नाली के पास बने पुराने स्लेब को तोड़ दिया, लेकिन उसके बाद सही तरीके से नाली निर्माण नहीं किया गया। जबकि नियमानुसार पुराने नाली और स्लेब को हटाने के बाद पानी के लेबल की जांच कर आरसीसी नाली का निर्माण किया जाना चाहिए था। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ठेकेदार द्वारा हाथ से फोड़ी गई गिट्टी का बेस डाले जाने की शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सब इंजीनियर से मौखिक रूप से की गई थी, लेकिन शिकायतों को नजरअंदाज करते हुए गुणवत्ताविहीन गिट्टी से बेस तैयार कर दिया गया। वहीं अधूरे नाली निर्माण कार्य में बेजाकब्जा धारियों द्वारा भी बाधा उत्पन्न की जा रही है। नगर पालिका अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद भी नाली के ऊपर से कब्जा नहीं हटाया गया है। ठेकेदार का कहना है कि जब तक नगर पालिका प्रशासन द्वारा नाली के ऊपर से बेजाकब्जा नहीं हटाया जाएगा, तब तक निर्माण कार्य पूरा करना संभव नहीं है। नगरवासियों का कहना है कि विकास कार्य में बाधा बनने वाले कब्जाधारियों के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि तीन माह से अधूरा पड़ा आरसीसी नाली निर्माण कार्य जल्द पूरा हो सके।



# कनौजे रजक समाज की मेधावी छात्राओं का होगा सम्मान

**4 सितंबर को नरियरा में होगा कार्यक्रम का आयोजन**

नवभारत रिपोर्टर । मोपका ।

कनौजे रजक समाज की मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्व. मिथिलेश निर्मलकर स्मृति बालिका प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 4 सितंबर को ग्राम नरियरा, जिला जांजगीर-चांपा में किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक बद्री विशाल निर्मलकर ने बताया कि उनकी धर्मपत्नी स्व. मिथिलेश निर्मलकर की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। पात्र छात्राएं अपनी अंकसूची की छायाप्रति 25 अगस्त तक व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकती हैं। चयनित छात्राओं को कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 3100, द्वितीय 2100 और तृतीय 1100 के साथ प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। अन्य पात्र छात्राओं को 501, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा। आवेदन एवं जानकारी के लिए बद्री विशाल निर्मलकर, भरत कुमार एवं राकेश कुमार से संपर्क किया जा सकता है। समिति ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक पात्र छात्राओं की जानकारी समय पर भेजने की अपील की है।

# भाजपा की मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर मंथन



तखतपुर। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा मंडल तखतपुर की संगठनात्मक मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके संचालन के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। इस अवसर पर आगामी तिरंगा यात्रा, स्वच्छता अभियान, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, बूथ सशक्तिकरण अभियान, संगठन विस्तार, सदस्य संपर्क अभियान एवं विभिन्न सेवा गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी राष्ट्रीय पर्वों एवं संगठनात्मक अभियानों को प्रत्येक बूथ, शक्ति केंद्र एवं ग्राम स्तर तक प्रभावी ढंग से आयोजित करने पर विशेष जोर दिया गया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से प्रत्येक नागरिक तक राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाने, स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करने तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर देश विभाजन की पीड़ा और लाखों लोगों के संघर्ष एवं बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए बूथ समितियों को और अधिक सक्रिय करने, नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सभी कार्यकर्ताओं से समयबद्ध तरीके से संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रत्येक कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

**बैठक में रही इनकी उपस्थिति-** बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, मंडल प्रभारी संतोष कौशिक गुरुजी, दिनेश राजपूत, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर, प्रीतम कश्यप, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश साहू, अमित मन्दानी, वंदना सिंह, शिप्रा सैमुएल, लता कश्यप, लव पांडेय, कैलाश देवांगन, सुरेश देवांगन, श्याम रामानंदी, विश्वनाथ यादव, महेंद्र पांडेय, सूरज रजक, तिलक देवांगन, कौशल मानिकपुरी, संतोष लोकचंदानी, रोशन ठाकुर, हेमचंद कौशिक, शिवम शिवहरे, चमन शुक्ला, सूर्या कश्यप, रजनी देवांगन, संगीता संजय धुरी सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रीतम कश्यप आभार महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर ने किया।


## आम सूचना/ पब्लिक नोटिस

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकार क्रेता श्रीमति बीना कुमारी पति श्री कंचन कुमार मुकुल निवासी देवनन्दन नगर फेस 2 ज्ञान सागर विद्या मंदिर के सामने सीपत रोड बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा भूमि स्वामी श्रीमती मणिबाला पटेल पति श्री गोपाल प्रसाद पटेल निवासी खमतराई बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा खसरा नंबर 774/6 रकबा 250 वर्गफुट खसरा नंबर 774/11 रकबा 650 वर्गफुट मौजा नगोई प.ह.न. 17 , रा. नि. म. नगोई तह. बेलतरा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ में स्थित, उत्तर में पटेल की भूमि, दक्षिण में मनोज शर्मा की भूमि, पूर्व में बैमा-नगोई जाने वाली रोड , पश्चिम में मनोष शर्मा की भूमि है इस दो खसरे में सम्मलित कुल 900 वर्गफुट का सौदा दिनांक 06/08/2026 को हो चुका है निकट भविष्य में क्रेता उक्त अचल संपत्ति का पंजीयन करा लेगा। यदि उक्त क्रय विक्रय से संबंधित किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय बैंक संस्थान या निकाय को कोई आपत्ति हो तो पंद्रह (15) दिवस के भीतर मेरे पक्षकार अथवा मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता या मुख्तियार आम के माध्यम से संपूर्ण दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद की गई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय- नितेश कुमार वर्मा (अधिवक्ता)
L4 विनोबा नगर बिलासपुर
मो.नं.- 9300001711, 9827167812

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे शादी से पूर्व हरप्रीत कौर पिता सरदार अवतार सिंह जन्म- 02/01/1984, निवासी- जमशेदपुर के नाम से जाना जाता था एवं उपरोक्त नाम मेरे समस्त अंकसूची एवं दस्तावेजों में दर्ज है। शादी दिनांक 27/11/2009 के उपरांत वर्तमान में मैने अपना नाम परिवर्तित कर श्रद्धा गिल पति पंकज गिल निवासी- बिलासपुर रख लिया है। अतः मुझे परिवर्तित नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

श्रीमती श्रद्धा गिल
नई पानी टंकी के सामने,
धान मण्डी चौक के पास,
तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)
मोबा.नं.-9039238806

**// आम सूचना //**

मैं अपने मुवक्किल मितेश चौकसे, उम्र 45 वर्ष, पिता श्री महेश चौकसे, निवासी- इंदिरा कालोनी तारबहार, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले से अधिकृत व नियुक्त कर, उनके कहे एवं बताये अनुसार निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूं। मौजा कुदरी, प.ह.नं. 29, तहसील पेण्ड्रा, जिला जी.पी.एम. (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 256/1 रकबा 0.33 एकड़, खसरा नंबर 279/6 रकबा 0.10 एकड़, खसरा नंबर 570/1 रकबा 0.11 एकड़, खसरा नंबर 884/3 रकबा 0.21 एकड़, कुल रकबा 0.85 एकड़ को मेरे मुवक्किल द्वारा श्रीमती मेला बाई, उम्र 39 वर्ष, पति श्री नारायण दास, निवासी-ग्राम कुदरी, वार्ड नंबर 02, तहसील पेण्ड्रा, जिला जी.पी.एम. (छ.ग.) से क्रय करने का पक्का सौदा कर सम्पूर्ण सौदे की राशि प्रदान किया जा चुका है, मात्र रजिस्ट्री किया जाना शेष है, किन्तु मेरे मुवक्किल को ऐसी जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त वर्णित भूमि/सम्पत्ति को श्रीमती मेला बाई के द्वारा अधिक रकम के लालच में अन्य व्यक्ति के पास विक्रय/हस्तांतरण/अंतरण करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उक्त वर्णित भूमि/मकान मेरे मुवक्किल के पक्ष अनुबंधित है तथा मेरे मुवक्किल के द्वारा दीवानी वाद संबंधित सिविल न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना आवश्यकता होने पर प्रस्तावित है। अतः कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि/मकान को लेकर कोई भी क्रय विक्रय, अंतरण की कार्यवाही न करें, अन्यथा ऐसा समस्त संव्यवहार मेरे मुवक्किल के हितों के विपरीत होकर अवैध, विपरीत एवं शून्य होगा तथा संव्यवहार करने वाले क्रेता / खरीददार को कोई अधिकार प्राप्त नही होगा तथा वह न्यायालयीन कार्यवाही एवं उस से आने वाले समस्त हर्जे, खर्चे, परिणाम के जिम्मेदार होंगे।
दिनांक : 06.08.2026

भवदीय- (मनीष वर्मा) अधिवक्ता
साईं निवास, विद्या नगर
बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

मैं निकहत जिन्दरान उम्र 43 साल पति मोहम्मद सिराज जिन्दरान जाति मुसलमान निवासी- मकान नम्बर 161 वार्ड क्रमांक 05, मेन रोड बजरंग नगर तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. की हूं जो निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक बयान करता हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि भारत गणराज्य द्वारा जारी पासपोर्ट मेरा नाम स्पेलिंग NIKAHAT JINDRAN दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड, पर मेरा वास्तविक नाम स्पेलिंग NIKHAT JINDRAN दर्ज है। जो कि सही एवं सत्य है।
4. यह कि मैं अपने पासपोर्ट में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम NIKAHAT JINDRAN को सुधार करवाकर सही नाम स्पेलिंग NIKHAT JINDRAN दर्ज करवाना चाहती हूं। जिस हेतु समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन किये जाने के समर्थन में निष्पादित कर रही हूं।

शपथकर्ता
निकहत

**नाम परिवर्तन**

मैं सहोद्रा पति नरेन्द्र साहू उम्र 40 वर्ष, जाति तेली निवासी ग्राम मनोहरपुर तहसील लालपुर जिला मुंगेली (छ.ग.) पिन 495115 की हूं जो कि नीचे लिखे कथन शपथ पूर्वक करती हूं:-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते की निवासी हूं।
2. यह कि मेरे परिचय पत्र में मेरा नाम सरोज दर्ज हैं।
3. यह की वर्तमान में मेरे स्थानीय निवास प्रमाण पत्र (070701262500l984) एवं मेरे आधार क्रमांक 2193-0208-7751 में मेरा नाम सहोद्रा साहू दर्ज है।
4. यह की उक्त शपथ मेरे नाम परिवर्तन का ईश्तहार प्रकाशन हेतु साक्ष्य के रूप में निष्पादित कर रही हूं।
5. यह कि उपरोक्त शपथ पत्र में किसी भी सारभूत तत्व को नहीं छिपाई हूं।

शपथकर्ता
सहोद्रा

आम सूचना एवं ईश्तहार के लिए संपर्क करें : मो. 6263595006

## न्यूज़ कैप्सूल



### खमतराई स्कूल में पर्यावरण प्रेमी मंच ने लगाए पौधे

**बिलासपुर।** पर्यावरण प्रेमी मंच ने खमतराई हाईस्कूल में पौधरोपण किया। मंच के अध्यक्ष सुदेश दुबे एवं महासचिव अमीन मुगल ने बताया कि खमतराई हाईस्कूल में वटवृक्ष का पौधा पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मध्यप्रदेश डॉ. श्रीधर मिश्र चतर बाबू की स्मृति में रोपित किया गया। इस अवसर पर शिवा मिश्रा, राजेश शुक्ल, मनीष सेंगर, अशोक सूर्यवंशी अमित नानू, अलका गौरहा, अरूणा पान्डेय, मिनाक्षी त्रिवेदी, जया बिसेन, दीप्ति जावलकर, नसरीन बानो, राजकिशोरी तिर्की, बाबी थामस, सिद्धांत दुबे शामिल रहे।

### साहित्यकार प्यारेलाल गुप्त की जयंती पर कार्यक्रम

**बिलासपुर।** साहित्यकार, इतिहासकार प्यारेलाल गुप्त की 136वीं जयंती पर 8 अगस्त को स्थानीय होटल जीत कॉन्टिनेंटल सभागार में अपराह्न 3 बजे पाठ सम्मान का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डॉ. सुनील कुमार शर्मा, कवि, कोलकाता को प्यारेलाल गुप्त स्मृति पाठ साहित्य सम्मान एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए डॉ. सत्यभामा अवस्थी, बिलासपुर को स्व. निशा भोसले स्मृति पाठ संस्कृति कर्मी के सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवधर महंत, वरिष्ठ साहित्यकार,अध्यक्षता नंद कश्यप एक्टिविस्ट एवं डॉ. उर्मिला शुक्ल वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर साहित्यिक लघु पत्रिकाओं की चुनौतियां विषय पर व्याख्यान होगा।

### राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप टीम पश्चिम बंगाल रवाना

**बिलासपुर।** कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 9 अगस्त तक नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स एरिना, प्रियोनगर, चिनसुराह, हुगली पश्चिम बंगाल में किया जाएगा। इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राज्य से सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते चैंपियनशिप में विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर कराते एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। कराते कोच विनय गढ़ेवाल ने बताया कि 6 अगस्त को कराते एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट सुशील चंद्रा व महासचिव अविनाश शेट्टी ने राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप के लिए सभी चयनित खिलाड़ियों का मनोबल मजबूत रखने और जीतबो छत्तीसगढ़ के नारे के साथ बिलासपुर से हावड़ा के लिए रवाना किया। छत्तीसगढ़ स्टेट टीम मैनेजर डॉ निदेश चौबे असिस्टेंट टीम मैनेजर मनोज यादव, ऑफिशियल अशोक कुमार बर्मा, प्रतीक सोनी और टीम बॉयज कोच पवन कश्यप, आदित्य गढ़ेवाल, देवेंद्र यादव, व गर्ल्स कोच रामू भैना, ममता कश्यप, तनिष्क यादव, पार्थ रजक छत्तीसगढ़ कराते टीम की जिम्मेदारी दी गई है।

### धैर्य और सहनशीलता ही सफलता की असली चाबी

**बिलासपुर।** अरपा रिवर वैली स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पानीपत से आए भारत भूषण ने बच्चों को सफलता का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि धैर्य (पेशेंस) और सहनशीलता ही सफलता की असली चाबी है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों को जीवन में सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में कई बच्चे छोटी-छोटी बातों से निराश हो जाते हैं, जो गंभीर परिणामों तक पहुंच सकता है। ऐसे में जीवन को समझना और मजबूत बनना बहुत जरूरी है। अपनी प्रेरणादायक पंक्तियों के माध्यम से बच्चों का उत्साह बढ़ाया-फूल बनकर मुस्कुराना जिंदगी है, मुस्कुरा कर गम भुलाना जिंदगी है। जीत कर मुस्कुरा सको तो क्या बड़ी बात है, हार कर मुस्कुराना ही असली जिंदगी है।

## निधन

**■ ओमप्रकाश दुबे**



**लोरमी।** नया बस स्टैंड लोरमी निवासी ओमप्रकाश दुबे का बिलासपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर में ही किया गया।

**■ अनुज राम पाली**



**तखतपुर।** ग्राम पड़रिया निवासी अनुज राम पाली का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।

## सावन उत्सव : वीणा म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में किया गया आयोजन

# गीत- संगीत और नृत्य की बिखरी छटा सभी ने स्नेह व सौहार्द का दिया संदेश

**नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।**



वीणा म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में चंद्रकांता कॉलोनी में सावन उत्सव का भव्य आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। हरियाली, पारंपरिक परिधानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजे कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत-संगीत, नृत्य, कविता पाठ और मनोरंजक खेलों का भरपूर आनंद लिया। आयोजन में लकी ड्रॉ और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीलम धुर्वे और प्रभा मूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद शशि सोनी और सहोदरा लसार ने सभी प्रतिभागियों को हस्तनिर्मित फ्रेंडशिप बैंड बांधकर आपसी स्नेह और सौहार्द का संदेश दिया। मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं में नीलम चौधरी प्रथम, लक्ष्मी माल्या द्वितीय और ममता साहू तृतीय रहीं। इन प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में नीलम चौधरी और रेवती शर्मा का विशेष योगदान रहा। **सफल आयोजन में इनका रहा योगदानः** कार्यक्रम में नीलम धुर्वे, प्रभा मूर्ति, रिम्मी श्रीवास्तव, पुष्पा मिश्रा, स्वाति धुर्वे, रानी विश्वकर्मा, रागिनी जोशी, उषा राही, लक्ष्मी माल्या, ममता साहू, विमला साहू, पवित्री श्रीवास, सुक्रिता नवरंग, कात्यायनी साहू, संगीता साहू, लुइजा तेलारे, अनुपमा श्रीवास्तव, आयशा खान, शशि सोनी, रेवती शर्मा, चंदा सोनी और रीता जोसफ सहित अनेक महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन नीलम धुर्वे ने किया, जबकि मंच संचालन उषा राही और नीलम चौधरी ने किया।

**विमला के नृत्य और गीतों ने बांधा समांः** सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रीता जोसफ, लक्ष्मी माल्या और पुष्पा मिश्रा ने प्रभावशाली कविता पाठ किया। वहीं संगीता साहू, लक्ष्मी माल्या और पुष्पा मिश्रा ने मधुर गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विमला साहू के मनमोहक नृत्य ने ऐसा माहौल बनाया कि उपस्थित सभी महिलाएं झूमने पर मजबूर हो गईं। पूरे आयोजन में सावन के उल्लास और सांस्कृतिक रंगों की अनूठी छटा देखने को मिली।

### उषा बनीं सावन सुंदरी

कार्यक्रम में चिट के माध्यम से उषा राही को 'सावन सुंदरी' चुना गया, जबकि समय पर पहुंचने वाली प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित 'पंक्चुअलिटी गिफ्ट' में रानी विश्वकर्मा 'पंक्चुअलिटी क्वीन' बनीं। सभी सखियों को आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभा मूर्ति ने मिलेट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीतों और नृत्यों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में लगभग 32 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया।

## जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने लायंस क्लब संगम का वस्त्रदान अभियान

**रक्षाबंधन पर गरीब बच्चों के चेहरे पर खुशी देने अभियान की शुरुआत**

**बिलासपुर।** रक्षाबंधन पर जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने तथा खुशियां बांटने लायंस क्लब बिलासपुर संगम ने वस्त्र दान अभियान शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से शहरवासियों से अपील की गई है कि वे अपने घरों में बच्चों के ऐसे पार्टीवियर, फ्रॉक, ड्रेस, शर्ट, पैंट एवं अन्य अच्छे और उपयोग योग्य कपड़े जो अब छोटे हो गए हैं अथवा उपयोग में नहीं आ रहे हैं, उन्हें साफ व प्रेस कर दान करें। क्लब के प्रोजेक्ट हेड लायन विष्णु सिंह ने बताया कि अभियान के तहत एकत्रित किए गए कपड़ों को रक्षाबंधन से पूर्व दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों, अनाथालय के जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि वे भी नए और अच्छे कपड़े पहनकर इस पावन पर्व की खुशियों में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्ग तक खुशियां पहुंचाने का भी अवसर है। आपका एक छोटा-सा सहयोग किसी बच्चे के लिए रक्षाबंधन का सबसे अनमोल उपहार बन सकता है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में विभिन्न स्थानों पर वस्त्र संग्रह केंद्र (कलेक्शन काउंटर) बनाए गए हैं, जहां लोग अपने दान स्वरूप कपड़े जमा कर सकते हैं। ये केंद्र हैं श्री गुरुनानक वस्त्रालय मुंगेली नाका, विजय स्टोर्स सदर बाजार, राजेश बुक डिपो गोलबाजार, अजमानी टेंट हाउस दयालबंद, ट्रिनिटी कंप्यूटर कुबेर प्लाजा, अग्रसेन चौक में जमा कर सकते हैं। लायंस क्लब बिलासपुर संगम के सुरेश यादव ने सभी नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, शिक्षण संस्थानों एवं युवाओं से इस पुनीत अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। क्लब का विश्वास है कि समाज के सामूहिक सहयोग से इस रक्षाबंधन अनेक जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सकती है और उन्हें भी त्योहार की खुशियां महसूस कराई जा सकती हैं।

## कांवड़ वितरण के साथ 9 को निकलेगी यात्रा



**बिलासपुर।** जय वंदेमातरम संगठन द्वारा 9 अगस्त को भगवान शिव के भक्तों के लिए कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन लगातार चौथे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी संगठन की ओर से शिवभक्तों के लिए सीमित संख्या में निःशुल्क कांवड़ उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके लिए इच्छुक श्रद्धालु 8 अगस्त दोपहर 12 बजे तक संगठन के मनीष श्रीवास्तव 8827408080, देवराजू 9827794648 और राजेंद्र 8827761550 से संपर्क कर सकते हैं। पुराना बस स्टैण्ड स्थित मां वैष्णवी मोटर्स से भी श्रद्धालु निःशुल्क कांवड़ ले सकते हैं।

**8 अगस्त को सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ :** संगठन के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह व प्रदेश अध्यक्ष राजू सलूजा ने बताया कि कांवड़ यात्रा छठ घाट से पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगी। श्रद्धालु बिलासपुर की जीवनदायिनी मां अरपा का जल लेकर गुरुनानक चौक, जगमल चौक, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, हटरी चौक, कोतवाली चौक, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, पुराना सरकंडा पुल (राम सेतु), सुभाष चौक और नूतन चौक होते हुए लगभग 9 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर सरकंडा स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेंगे, जहां जलाभिषेक, महाआरती व भंडारे के साथ यात्रा का समापन होगा। यात्रा को भव्य स्वरूप देने के लिए आकर्षक झांकियां, वाद्य यंत्र व विभिन्न धार्मिक प्रस्तुतियों की व्यवस्था की गई है। इसके पूर्व 8 अगस्त को शाम 4 बजे छठ घाट पर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें संगठन के साथ बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल होंगे।

## पेंडलवार अस्पताल प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**एनएसयूआई ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात कहा- दोषियों पर हो कार्रवाई**



**बिलासपुर।** पेंडालवार अस्पताल में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के मामले को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की। उन्होंने मामले में उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। लक्की मिश्रा ने बताया कि पूर्व में सरकंडा निवासी सुरेखा सुरवंशी का पेंडालवार अस्पताल में उपचार हुआ था। आरोप है कि उपचार के दौरान हुई लापरवाही के कारण उनके पेट में सर्जिकल थ्रेड रह गया, जिससे उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती रही। पीड़िता द्वारा अस्पताल प्रबंधन से शिकायत किए जाने के बावजूद संतोषजनक उपचार नहीं मिलने पर उन्हें अपोलो अस्पताल में इलाज कराना पड़ा, जहां जांच में पेट के भीतर थ्रेड मौजूद होने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि इस गंभीर मामले को लेकर पूर्व में मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में भी शिकायत की गई थी, जिसके बाद जांच समिति गठित की गई। इसी संदर्भ में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई।

## दो दिवसीय हड़ताल से सेजेस स्कूलों की पढ़ाई आंशिक रूप से प्रभावित

**स्वामी आत्मानंद स्कूल अंग्रेजी माध्यम के संविदा शिक्षकों की हड़ताल से बाधित रही पढ़ाई**

**बिलासपुर।** जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों के राज्यव्यापी आंदोलन का असर देखने को मिला। प्रांतीय आव्हान पर 4 और 5 अगस्त को जिले के अंग्रेजी माध्यम स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इसके चलते कई स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था आंशिक रूप से प्रभावित हुई, हालांकि जहां नियमित शिक्षक उपलब्ध थे वहां कक्षाओं का संचालन जारी रखने का प्रयास किया गया।

सेजेस में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। उनकी प्रमुख मांगों में सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, वेतन विसंगतियों का निराकरण तथा अन्य लंबित सेवा संबंधी मुद्दों का समाधान शामिल है। उनका कहना है कि कई बार शासन के समक्ष मांगें रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिसके कारण उन्हें सांकेतिक हड़ताल का सहारा लेना पड़ा। जिले में हड़ताल के दौरान संविदा शिक्षकों ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। उनका कहना है कि यदि मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जा सकता है। इधर शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास किया गया। कई विद्यालयों में नियमित शिक्षकों ने कक्षाएं संचालित कीं, साथ ही बीएण्ड के छात्रों ने भी बच्चों को पढ़ाया। वहीं कुछ स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। संविदा शिक्षकों का कहना है कि उनका आंदोलन विद्यार्थियों के हितों के खिलाफ नहीं है, बल्कि अपने भविष्य और सेवा सुरक्षा के लिए है। उनका मानना है कि मांगों के निराकरण से शिक्षा व्यवस्था भी अधिक मजबूत होगी।

### संगवारी महिला समिति ने 36 आंगनबाड़ी केंद्रों को बांटी दरी



बिलासपुर। एनटीपीसी सीपत की संगवारी महिला समिति ने परियोजना प्रभावित गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों को दरी बांटी। इस पहल के तहत ग्राम सीपत, जांजी, कौड़िया, देवरी, रांक, रलिया, गतौरा व कर्रा के कुल 36 आंगनबाड़ी केंद्रों को दरी उपलब्ध कराई गई। इससे लगभग 960 से अधिक बच्चों को लाभ मिलेगा। समिति की अध्यक्षा शिखा मंडल व समिति की सदस्याओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दरी का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने संगवारी महिला समिति द्वारा किए गए इस सहयोग की सराहना की। इस अवसर पर समिति की वरिष्ठ सदस्याएं भी उपस्थित रहीं।




## प्रथम पेज के शेष

### होटलों पर कार्रवाई ...

जैसे तैसे कार्रवाई होने के एक पखवाड़े के भीतर जांच रिपोर्ट आने के बजाए महिनों का इंतजार करना पड़ता है। जांच की कार्रवाई विभाग तक सीमित रह जाती है। पिछले छह माह में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए 1100 नमूने भारत सरकार से मान्यता प्राप्त निजी प्रयोगशाला भेजे गए हैं। प्रदेश में खाद्य पदार्थों की मौके पर जांच के लिए नौ चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं काम कर रही हैं। पिछले दो वर्षों में इनमें 29,792 खाद्य नमूनों की मौके पर जांच की गई। इनमें 2,637 नमूने अमानक पाए गए। 'हॉथ बने खाबो, बने रहिबो' अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 1,720 किलो पनीर, 230 किलो कूड़ा और 685 किलो खोवा जब्त किया गया। यानी जहां जांच पहुंची, वहां अमानक और संदिग्ध खाद्य सामग्री भी मिली। आंकड़े बताते हैं कि जांच का दायरा बढ़े तो और मामले सामने आ सकते हैं। आज जनता मे जागरूकता की कमी दिखाई देती है इसी का फायदा लापरवाह संचालकों को भी मिलता है। प्रशासन स्तर पर की गई कार्रवाई लोगों को कोई सरोकार नही और इधर होटल रेस्टारेंट संचालक लोगों को गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थ परोसकर कमाई का जरिया बना लिया है और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा सिर्फ छापे, जब्ती और जुर्माने से सुनिश्चित की जाती है असली सवाल यह है कि लिए गए नमूने की जांच समय पर हो और रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई भी तत्काल हो। जब 14 दिन में रिपोर्ट देने का नियम है और नमूने महीनों तक जांच में अटके रहते है जो बड़ा सवाल है।

### एक कदम आगे बढ़ा ...

की बढ़ती संख्या के सामने बेहद छोटा साबित हो रहा है। वर्तमान डिपार्चर हॉल में 72 यात्रियों के बैठने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। अराइवल एरिया में केवल 30-35 कुर्सियां हैं, जिससे एक साथ यात्रियों के उतरने पर जाम जैसे हालात बन जाते हैं। पूरे टर्मिनल में सीमित संख्या में टॉयलेट, महज एक चाय-कॉफी शॉप, वीआईपी लाउंज और एयरपोर्ट प्रबंधन का कार्यालय एक ही सीमित जगह में संचालित हो रहा है। उक्त सुविधाओं और स्थान की इसी कमी के कारण इंडिगो जैसी बड़ी विमानन कंपनियां यहां से सेवाएं शुरू करने में संकोच कर रही थीं। अब नई टर्मिनल बिल्डिंग बनने से नई एयरलाइंस रूचि लेंगी।

# दो मजदूरों की मौत के बाद गरमाया अवैध निर्माण का मुद्दा, 550 मामले लंबित

## ज्यादातर केस में केवल नोटिस, हादसे के बाद जागा नगर निगम

नवभारत जनहित

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

शहर के रिंग रोड नंबर-2 स्थित एक निर्माणाधीन भवन में कुछ दिन पहले हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से दो श्रमिकों की करंट लगने से मौत हो गई थी। इस घटना ने एक बार फिर शहर में धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण और रिहायशी क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों के निर्माण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के लगभग हर हिस्से में वर्षों से बिना अनुमति निर्माण और आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भवन बनाए जा रहे हैं। नगर निगम को इन निर्माणों की जानकारी होने के बावजूद अधिकांश मामलों में केवल नोटिस जारी कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। सीमित कार्रवाई के कारण अवैध निर्माणों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। नोटिस जारी करने से लेकर भवनों को सील करने और अवैध हिस्सों को ध्वस्त करने तक की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों में कमी नहीं आ रही है।

### रिहायशी क्षेत्र में व्यावसायिक भवन का निर्माण

ताजा मामला कश्यप कॉलोनी का सामने आया है, जहां रिहायशी क्षेत्र में व्यावसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। यदि पूरे शहर का आकलन किया जाए तो शायद ही कोई ऐसा इलाका होगा, जहां अवैध निर्माण या आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक निर्माण नहीं हो रहा हो नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार शहर के सभी जोनों में अवैध निर्माण से जुड़े करीब 550 प्रकरण लंबित हैं। इन पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। निगम सीमा और आसपास के क्षेत्रों में बिना अनुमति निर्माण की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन अवैध निर्माणों को नियमित करने के लिए पिछली सरकार ने नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन यह प्रक्रिया पिछले चार वर्षों से लंबित है।

### ■ 1755 नोटिस, 15 भवन सील और 118 निर्माण ध्वस्त

*नगर निगम के अनुसार 1 अप्रैल 2024 से 28 जुलाई 2026 के बीच बिना अनुमति अथवा स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण के 1,755 मामलों में नोटिस जारी किए गए। इस अवधि में 15 भवनों को सील किया गया, जबकि निगम के निर्देशों का पालन नहीं करने वाले 118 अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा कई मामलों का राजीनामा प्रकरण के तहत अर्थदंड लगाकर निराकरण भी किया गया।*

### तोड़फोड़ की कार्रवाई के लिए मुख्यालय भेजें प्रकरण

*नगर निगम की भवन शाखा के प्रभारी अनुपम तिवारी ने बताया कि निगम आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जहां भी बिना अनुमति या स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण हो रहा है, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रकरण मुख्य कार्यालय भेजा जाए। ऐसे मामलों में अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी।*

### इन क्षेत्रों में सबसे अधिक व्यावसायिक निर्माण

*शहर के अधिकांश रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक निर्माण देखने को मिलते हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में इनकी संख्या अधिक है। इनमें तेलीपारा मेडिकल कॉम्प्लेक्स, विद्यानगर, विनोबानगर, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, सरकंडा के खमतराई, बहतराई, राजकिशोर नगर, हुंडई चौक, मुक्तिधाम चौक से राजस्व कॉलोनी तक का क्षेत्र प्रमुख है। यहां बड़ी संख्या में रिहायशी क्षेत्रों में व्यावसायिक भवन बनाए गए हैं और नए निर्माण भी जारी हैं।*

# तिहरा हत्याकांड: मौत की सजा, आजीवन कारावास में बदली

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने बहुचर्चित तालपुरी (भिलाई) के तिहरे हत्याकांड में दोषी रवि शर्मा की दोषसिद्धि बरकरार रखते हुए ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को बदलकर शेष जीवन तक बिना किसी छूट के आजीवन कारावास में परिवर्तित कर दिया। साथ ही, मृत्यु दंड की पुष्टि के लिए भेजा गया संदर्भ निरस्त कर दिया गया। अभियोजन के अनुसार 21 जनवरी 2020 को तालपुरी स्थित किराए के मकान में रवि शर्मा की पत्नी मंजू शर्मा, डेढ़ माह की बेटी और एन राजू के शव मिले थे। घटनास्थल पर शवों को जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया था।



पत्नी, डेढ़ माह की बेटी और युवक की कर दी थी हत्या

**अपराध अत्यंत जघन्य और सुनियोजित:** जांच में आरोपी के पास से बरामद चिपकने वाले टेप का मिलान मृतकों के हाथ-पैर और मुंह पर बंधे टेप से हुआ। आरोपी से नींद की दवा 'एल्प्रेक्स 0.5' का खाली रैपर भी बरामद हुआ और हैंडराइटिंग विशेषज्ञ ने घटनास्थल पर मिली लिखावट को आरोपी की लिखावट से मेल खाता पाया। हाईकोर्ट ने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की श्रृंखला पूरी तरह आरोपी की ओर इशारा करती है और हत्या व साक्ष्य मिटाने के अपराध सिद्ध होते हैं। हालांकि अपराध अत्यंत जघन्य और सुनियोजित है, फिर भी यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर श्रेणी का मामला नहीं है। इसलिए मौत की सजा के स्थान पर आरोपी को शेष जीवन तक बिना किसी छूट या समयपूर्व रिहाई के आजीवन कारावास की सजा दी गई है। धारा 201 आईपीसी के तहत दी गई सजा यथावत रखी गई है। केवल संविधान के अनुच्छेद 72 व 161 के तहत दया याचिका की संवैधानिक शक्तियां प्रभावित नहीं होंगी।

## न्यूज डायरी

### चयन परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आज

बिलासपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय, मल्हार में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा -2027 के आवेदन जारी हैं। पात्र छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि कल 7 अगस्त तक है। वहीं प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर को आयोजित होगी। इसमें सत्र 2026-27 में कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना आवश्यक है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क और ऑनलाइन है।

### पेंशनर समाधान शिविर के लिए आवेदन 17 तक

**बिलासपुर।** रेल मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं पारिवारिक पेंशनधारकों की लंबित समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से पेंशनर समाधान शिविर का आयोजन 24 अगस्त सोमवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी कार्यालय, बिलासपुर के सभा कक्ष में किया जाएगा। इसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पारिवारिक पेंशनधारकों की सेवानिवृत्ति उपरांत देय भुगतान अथवा पेंशन संबन्धित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। पेंशनधारक अपने आवेदन संबंधित दस्तावेजों सहित 17 अगस्त तक वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, बिलासपुर कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### फरसा-चापड़ से डराने वाले तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकंडा थाना क्षेत्र के चिंगराजपारा स्थित सूर्या चौक-पुराना तालाब के पास हथियार लहराकर दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। सरकंडा टीआई प्रदीप आर्य ने बताया कि प्रार्थी दीपक मार्के की रिपोर्ट पर 2 अगस्त को हुई घटना के संबंध में थाना सरकंडा में अपराध क्रमांक 1126/2026 दर्ज किया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला कायम किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने उमेश वर्मा उर्फ लिल्ले उर्फ राजा (28), जगू दास मानिकपुरी (18) और संध्या सिंह ठाकुर (29) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में मिले साक्ष्यों के आधार पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फरसा और एक बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद कर जब्त कर ली है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश और घटना के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।



# सालों से फरार चिटफंड आरोपी चैतराम गिरफ्तार

5 हजार का इनामी था आरोपी

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मल्हार पुलिस ने कई वर्षों से फरार चल रहे चिटफंड आरोपी चैतराम केवट को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पर कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में 5 हजार का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के बाद उसे अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए तखतपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी चैतराम केवट (53) ग्राम मल्हार, थाना मस्तूरी का निवासी है। वह आम लोगों को अधिक मुनाफे का लालच देकर बीएन गोल्ड कंपनी में निवेश कराने के नाम पर रकम जमा कराता था और बाद में निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करता था। आरोपी के खिलाफ थाना सरगांव (मुंगेली), पटेवा (महासमुंद), दरिमा (सरगुजा), तखतपुर (बिलासपुर) समेत प्रदेश के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी और छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के



हितों का संरक्षण अधिनियम (चिटफंड अधिनियम) के तहत कई मामले दर्ज हैं। लंबे समय से फरार रहने के कारण थाना भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर में दर्ज प्रकरण में उस पर 5 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि आरोपी मल्हार क्षेत्र में आ-जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को चौकी प्रभारी मल्हार उप निरीक्षक अवधेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम महमंद और दर्जीघाट क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक अवधेश सिंह, आरक्षक किशन राव और आरक्षक श्यामलाल सोनवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कस्टम मिलिंग नीति व चावल जमा व्यवस्था पर बनी सहमति

- राइस मिलर्स और खाद्य विभाग की हुई बैठक
- राइस मिलर्स ने प्रोत्साहन राशि, स्टोरेज शुल्क, ड्रायेज और लंबित भुगतान के उठाए मुद्दे
- अधिकारियों ने सकारात्मक विचार-विमर्श का दिया भरोसा



नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

राज्य मंत्रालय महानदी भवन में गुरुवार को खाद्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के बीच बैठक हुई। इसमें वर्ष 2026-27 की कस्टम मिलिंग नीति, चावल जमा व्यवस्था और राइस मिलर्स से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में खाद्य सचिव रीना बाबा कंगले, मार्कफेड के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला, नान की प्रबंध संचालक ईफत आरा और खाद्य विभाग के जीएस सिकरवार उपस्थित रहे। राइस मिलर्स एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया।

**चावल जमा व्यवस्था को लेकर हुई चर्चा:** बैठक में वर्ष 2026-27 की चावल जमा व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसके तहत इस वर्ष 10 प्रतिशत इम्प्रूव राइस नान में जमा किया जाएगा। स्टेट पूल के अंतर्गत लगभग 17.32 लाख टन चावल जमा होगा, जबकि सेंट्रल पूल से लगभग 16 लाख टन चावल नान में जमा किए जाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा लगभग 10 लाख टन बॉयल्ड (उसना) चावल का 5 प्रतिशत एफसीआई में जमा होगा और लगभग 5 लाख टन (10 प्रतिशत) अरवा चावल एफसीआई में जमा किया जाएगा। शेष लगभग 25 प्रतिशत ब्रोकन अरवा चावल भी एफसीआई में जमा किए जाने की व्यवस्था पर चर्चा हुई।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक के दौरान राइस मिलर्स एसोसिएशन ने 10 प्रतिशत इम्प्रूव राइस की व्यवस्था को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। साथ ही प्रोत्साहन राशि में वृद्धि, भंडारण (स्टोरेज) शुल्क, सूखत (ड्रायेज) का प्रावधान, लंबित भुगतानों का शीघ्र भुगतान और अन्य व्यावहारिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। इन सभी विषयों पर सकारात्मक माहौल में विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा, महामंत्री विष्णु बिंदल, संदीप मित्तल, मुकेश गोयल, विजय गोयल, रंजीत पांडे, दीपक अग्रवाल, बांके अग्रवाल, विक्की शर्मा व सतीश शर्मा उपस्थित रहे।

### एटीएम में मदद के बहाने 40 हजार रुपए की ठगी

**बिलासपुर।** सकरी थाना क्षेत्र में एटीएम पर मदद का झांसा देकर एक व्यक्ति से 40 हजार रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने पहले एटीएम का पिन देख लिया, फिर चालाकी से कार्ड बदल दिया और कुछ ही मिनटों में खाते से चार बार में 40 हजार रुपए निकाल लिया। मामले में सकरी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थी जगदीश प्रसाद राठौर, निवासी ग्राम परसदा (भरनी), केंद्रीय रेशम बोर्ड परसदा में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त को दोपहर करीब 1:30 बजे वह सकरी बाजार चौक स्थित एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे थे। उस समय एटीएम के अंदर पहले से मौजूद 30-35 वर्षीय एक अज्ञात युवक ने उन्हें दोबारा कार्ड डालने और पिन दर्ज करने की सलाह दी। इसी दौरान आरोपी ने उनका पिन देख लिया और मौका पाकर उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद जब जगदीश गनियारी स्थित सेंट्रल बैंक के एटीएम पहुंचे तो उनका कार्ड काम नहीं कर रहा था। तभी उनके मोबाइल पर खाते से 10 हजार रुपए निकाले जाने का संदेश आया। इसके बाद लगातार चार ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 40 हजार रुपए निकाल लिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही वह तत्काल बैंक पहुंचे और अपना एटीएम कार्ड ब्लॉक कराया। पीड़ित की लिखित शिकायत पर सकरी पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

नवभारत 1
हमें बताएं
अपना प्रिय अखबार नवभारत प्राप्त करने के लिए संपर्क करें.
MOBILE
9584220006
9630588472

*मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस पर बोला हमला*

# कांग्रेस केवल नरेटिव की राजनीति करती है जनता को कर रही गुमराह : स्वास्थ्य मंत्री

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता केवल नरेटिव तैयार कर राजनीति करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली बिल जैसे मुद्दों को जानबूझकर उछालकर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास जनता के हितों से जुड़े ठोस मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वह भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है।

कांग्रेस के संगठनात्मक हालात पर पूछे गए सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस कभी एकजुट होकर नहीं चल सकती। उन्होंने हाल ही में पंजाब में सामने आए घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां पार्टी के प्रभारी



एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भूपेश बघेल गो बैक के नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति को दर्शाता है और ऐसे घटनाक्रम अब पार्टी के लिए नई बात नहीं रह गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता कभी एक नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में एक नेता की जेब में पेट्रोल और दूसरे की जेब में माचिस रहती है, इसलिए पार्टी के भीतर लगातार टकराव और गुटबाजी बनी रहती है। प्रेसवार्ता के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों पर भी मंत्री ने सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों के खिलाफ मिल रही शिकायतों की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। यदि किसी अस्पताल पर लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना डिग्री के इलाज करने वाले कथित झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ भी प्रमाणिक शिकायत मिलने पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बिलासपुर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का संचालन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर करने की तैयारी है, जिससे गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। वहीं, अपोलो अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार शुरू कराने के संबंध में अस्पताल प्रबंधन से चर्चा जारी है और इस विषय पर जल्द अंतिम निर्णय लिया जाएगा, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके।

# पेंड्रारोड रूट पर लोकल ट्रेनें लेट होने से शासकीय कर्मचारियों के छूट रहे दफ्तर

## मालगाड़ियों को तरजीह देने से दैनिक यात्री के साथ आम यात्रियों की बढ़ी परेशानी



नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

रेल मण्डल के पेंड्रारोड रूट पर चलने वाली लोकल ट्रेनों के अनिश्चित परिचालन और अत्यधिक विलंब के कारण दैनिक यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सुबह के समय बिलासपुर से छूटने वाली मुख्य ट्रेनें बिलासपुर-कटनी और बिलासपुर-शहडोल पैसेंजर के घंटों देर से चलने के कारण आम यात्रियों के साथ-साथ शासकीय कर्मचारियों और व्यापारियों को भारी मानसिक और व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे समय सारणी के अनुसार बिलासपुर-कटनी ट्रेन का बिलासपुर से छूटने का समय सुबह 6 बजे और पेंड्रारोड पहुंचने का समय 8:09 बजे निर्धारित है। वहीं बिलासपुर-शहडोल ट्रेन का प्रस्थान समय 7:45 बजे और पेंड्रारोड आगमन 9:48 बजे है। हालांकि, पिछले लगभग दो महीनों से इन ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर घंटों खड़ा रखकर मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके कारण 10 बजे दफ्तर पहुंचने वाले शासकीय सेवकों का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और उनकी उपस्थिति पर भी असर पड़ रहा है। दैनिक रेल यात्रियों का कहना है कि पेंड्रारोड तक की यात्रा को सुगम बनाने के लिए ही इन ट्रेनों की मांग की गई थी, लेकिन रेल प्रशासन की लगातार उपेक्षा से भारी असंतोष फैल रहा है। वहीं यात्रियों ने बिलासपुर लौटने के लिए एकमात्र मुख्य साधन कटनी-बिलासपुर लोकल ट्रेन के परिचालन पर भी सवाल उठाए हैं। यह ट्रेन भी प्रतिदिन अत्यधिक विलंब से बिलासपुर पहुंचती है। यात्रियों ने रेल प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि कम से कम पेंड्रारोड स्टेशन तक इन सभी लोकल ट्रेनों का परिचालन निर्धारित समयानुसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों को रोज-रोज की इस परेशानी से राहत मिल सके।

### डीआरएम से शिकायत के बाद भी नहीं सुधरी लेट-लतीफी

लोकल ट्रेनों की लेट-लतीफी के खिलाफ दैनिक यात्रियों ने सभी स्टेशन के स्टेशन मास्टरों की शिकायत पुस्तिका में शिकायतें दर्ज कराने का निर्णय लिया था। इस दौरान दर्जनों शिकायतें विभिन्न स्टेशनों में दर्ज हो चुकी है। साथ ही पेंड्रारोड प्रवास के दौरान मंडल रेल प्रबंधक को लेट-लतीफी की समस्या से अवगत कराया गया था। इसके बाद भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके बावजूद ट्रेनों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। वहीं दैनिक यात्रियों का आरोप है कि मंडल रेल कार्यालय के कंट्रोलर से संपर्क करने पर भी निराशा ही हाथ लगती है और उनकी समस्याओं को अनसुना कर दिया जाता है।

मिसाल | बहतराई की दो बेटियां जूनियर एशिया कप में दिखाएंगी दम, चीन में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

# स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की गीता-मधु भारतीय टीम में शामिल

नवभारत रिपोर्टर। बिलासपुर।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के पहले स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बहतराई की दो प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी कु. गीता यादव और कु. मधु सिदार का चयन भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी 30 अगस्त से 13 सितंबर तक चीन में आयोजित होने वाले जूनियर एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों खिलाड़ी प्रदेश की पहली आवासीय हॉकी अकादमी से शुरुआत से ही जुड़ी रही हैं और वरिष्ठ प्रशिक्षक राकेश टोप्पो के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्हें हेड कोच विकास पॉल तथा प्रशिक्षक अजीत लकड़ा का भी निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहा है।

**मधु सिदार का संघर्ष और उपलब्धियां:** जशपुर जिले के कांसाबेल विकासखंड के छोटे से गांव पोंगरो की रहने वाली मधु सिदार



किसान परिवार से आती हैं। बचपन से ही हॉकी के प्रति उनका विशेष लगाव रहा। प्रदेश की पहली आवासीय हॉकी अकादमी के चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उन्होंने स्थान बनाया और यहीं से उनके खेल जीवन की नई शुरुआत हुई।

***मधु ने किए 9 गोल:*** *मधु ने 2023 की हॉकी इंडिया सब-जूनियर वेस्ट जोन चैंपियनशिप में सर्वाधिक 9 गोल किए। इसके बाद उन्होंने गुजरात में आयोजित वेस्ट जोन सब-जूनियर चैंपियनशिप-2024 में रजत पदक जीता। वर्ष 2024 में सब-जूनियर फीमेल हॉकी लीग (लखनऊ), सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप और स्कूल नेशनल गेम्स में भाग लिया। वर्ष 2025 में हरियाणा में आयोजित सब-जूनियर इंटर जोन चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अगस्त 2025 में आंध्र प्रदेश में आयोजित हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में टीम चौथे स्थान पर रही। मार्च-अप्रैल 2026 में रायपुर में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में भी उन्होंने हिस्सा लिया। अप्रैल 2026 से वह बेंगलुरु में भारतीय जूनियर टीम के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं।*

***अंतरराष्ट्रीय दौरों में किया प्रतिनिधित्व:*** *कबीरधाम जिले के बोडला की रहने वाली गीता यादव ने हॉकी की शुरुआती ट्रेनिंग कोच शिवा चौहान से प्राप्त की। इसके बाद 1 जून 2022 से बहतराई आवासीय अकादमी में वरिष्ठ प्रशिक्षक राकेश टोप्पो के निर्देशन में प्रशिक्षण शुरू किया। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन खेलो इंडिया टॉप्स (डवलप) योजना में हुआ और वर्तमान में वह बेंगलुरु में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। गीता ने वर्ष 2024 में नीदरलैंड और बेल्जियम दौरे पर भारतीय जूनियर टीम का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वर्ष 2025 में अर्जेंटीना दौरे तथा जुलाई 2026 में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड दौरे पर भी भारतीय टीम का हिस्सा रहीं। अब वह जूनियर एशिया कप में एक बार फिर देश के लिए मैदान में उतरेंगी।*

***उपमुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं:*** *जूनियर एशिया कप के लिए दोनों खिलाड़ियों के चयन पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने वीडियो कॉल के माध्यम से गीता यादव और मधु सिदार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि पर खेल सचिव यशवंत कुमार, खेल संचालक तनुजा सलाम, सहायक संचालक ए. एक्का तथा छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने भी शुभकामनाएं दीं।*

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
UMH
24x7 आपातकालीन सुविधा
पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
GERD
• छाती में दर्द • मुख में कमी
• एसिड का ऊपर आना
• गैस ज्यादा बनना
• बार-बार डकार आना
• खाना न पचना
• सूखी खांसी आना
• मुंह में कड़वा स्वाद



Pro. Dr. Vinod Kumar Singh
Consultant Laparoscopic Surgeon
17 Years of Experience in advanced laparoscopic Surgery & Surgical Gastroenterology

| | | | |
|---|---|---|---|
| मूत्र प्रवाह की निःशुल्क जांच | अवबिटिक फुट की निःशुल्क जांच | लीवर की निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच | पेट रोगों हेतु निःशुल्क इंडोस्कोपी जांच |
| 17 अगस्त 2026 | 22 अगस्त 2026 | 27 अगस्त 2026 | 29 अगस्त 2026 |

ALL TPA, INSURANCE, SECL, SAIL, RAILWAY, AIRPORT, NTPC, CG STATE & CENTRAL GOVT., CSEB
नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
0771-4088820, 9109125524, 95899 56859



ग्रुप में जुड़ने के लिए टच करें
EPaper WALA
ePaper Wala